सोमवार
16 सितंबर 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



बोले दिलीप... घोटाले का इतना पैसा होने के बाद भी तेजस्वी नहीं पढ़ पाये

2



### झारखंड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को छह वंदे भारत ट्रेनों की दी सौगात, विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

# देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी है कांग्रेस: मोदी

- झारखंड, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल को मिली वंदे भारत ट्रेन की सौगात
- झारखंड को 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की सौगात दी
- देशभर में पीएमएवाई-जी के 46000 लाभार्थियों को सौंपी चाबियां

➪ मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 32000 लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

➪ प्रधानमंत्री ने जमशेदपुर से घरों के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की

➪ देवघर में मधुपुर बाईपास लाइन, हजारीबाग में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की रखी आधारशिला





**एजेंसी/रांची**

झारखंड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 32,000 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए और घरों के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की। उन्होंने देशभर में पीएमएवाई-जी के 46,000 लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी। केंद्र ने पीएमएवाई-जी योजना के तहत झारखंड में गरीबों के लिए 1,13,400 घरों को मंजूरी दी है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने देवघर जिले में मधुपुर बाईपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखी। इससे पहले उन्होंने रांची एयरपोर्ट से ही ऑनलाइन मोड में झारखंड, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ के अलावा झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी टाटानगर स्टेशन पर मौजूद थे। वहीं पीएम मोदी ने झारखंड को 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कई अहम परियोजाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना भी शामिल है। यह बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का हिस्सा है और रांची, मुरी एवं चंद्रपुरा स्टेशनों के रास्ते राउरकेला-गोमोह मार्ग को भी जोड़ती है।

## झारखंड में सरकार बनी तो कई मामलों की होगी जांच

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में उत्पाद सिपाही भर्ती को लेकर दौड़ में शामिल कई अभ्यर्थियों की मौत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा- मैं वादा करता हूं... झारखंड में कुछ महीनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी तो इन सारे मामलों की जांच करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। पीएम मोदी ने कहा- जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल जेएमएम का भी हो रहा है।

## मजहब के नाम पर वोट बैंक बनाना चाहते हैं कांग्रेस-झामुमो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-जेएमएम और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। यही समय है, हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। इस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है- कांग्रेस पार्टी। इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है- कांग्रेस का परिवार। पीएम मोदी ने कहा- भ्रष्टाचार की सारी धाराएं वहीं से निकलती हैं। ये जेएमएम वाले भी उसी स्कूल से ट्रेनिंग लेते हैं- कांग्रेस स्कूल ऑफ करप्शन। जेएमएम ने 5 साल में केवल एक ही काम किया है- झारखंड की लूट और चारों तरफ भ्रष्टाचार। जेएमएम सरकार ने जल, जंगल और जमीन... सबमें भ्रष्टाचार किया है।

**झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं -जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस:** प्रधानमंत्री ने कहा- आकांक्षी जिला योजना के जरिए झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता पहली बार किसने की, भाजपा की सरकार ने। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत किसने की,भाजपा की सरकार ने। आज भी भाजपा केंद्र में रहकर झारखंड के विकास के लिए पूरे समर्पण और सेवाभाव से काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा- मैं आपको विश्वास दिलाता हूं... आप राज्य सरकार में भाजपा को मौका दीजिए... झारखंड के विकास के लिए भाजपा कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं -जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी आरजेडी झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही। ये जेएमएम वाले जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं।



## पीएम मोदी खराब मौसम के कारण सड़क मार्ग से पहुंचे जमशेदपुर

खराब मौसम की वजह से पीएम मोदी सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे। मौसम को देखते हुए पीएम मोदी का जमशेदपुर में होने वाला रोड शो रद्द कर दिया गया। झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'जमशेदपुर में भारी बारिश के कारण प्रधानमंत्री का रोड शो रद्द कर दिया गया।

## लोकसभा चुनाव में सारा विपक्ष मोदी को हराने के लिए बेचैन था

प्रधानमंत्री ने कहा- आज देश के दलित-वंचित, गरीब-आदिवासी और महिलाओं का भरोसा मोदी पर है। आज युवाओं का भरोसा मोदी पर है, मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। बीते लोकसभा चुनाव में सारा विपक्ष मोदी को हराने के लिए बेचैन था। पूरी जमात, बड़े-बड़े षड़यंत्र, बड़ी-बड़ी साजिशें, झूठ की इतनी बड़ी मशीनरी, देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतें, लेकिन आपका आशीर्वाद उन सब पर भारी पड़ा। पीएम मोदी ने कहा- मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद के लिए भी आपका धन्यवाद करता हूं। झारखंड और भाजपा का रिश्ता... सिर्फ एक राजनीतिक रिश्ता नहीं है। ये रिश्ता दिल का है, ये रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना भाजपा का अपना सपना है।

## पीएम मोदी ने दी झारखंड के लोगों को करमा पर्व की बधाई

झारखंड में आज प्रकृति पूजा के पर्व करमा की उमंग है। मैं झारखंड के लोगों को करमा पर्व की बधाई देता हूं। आज इस शुभ दिन झारखंड को विकास का नया आशीर्वाद मिला है। छह नई वंदे भारत ट्रेनें, साढ़े 600 करोड़ से ज्यादा की रेलवे परियोजनाएं, कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधाओं का विस्तार और इस सबके साथ-साथ झारखंड के हजारों लोगों को पीएम आवाज योजना के तहत अपना घर। मैं झारखंड की जनता-जनार्दन को इन सभी विकास कार्यों के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब देश की प्राथमिकता देश का गरीब है। अब देश की प्राथमिकता देश का आदिवासी है। अब देश की प्राथमिकता देश का दलित, वंचित और पिछड़ा समाज है।

# किशनगंज से सिलीगुड़ी जा रही ईएमयू के इंजन में लगी आग

**केटी न्यूज/पटना**

किशनगंज में रविवार को एक ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। तेघरिया रेल फाटक के निकट आग लगी। ईएमयू ट्रेन में लगी आग से अफरातफरी मच गई। यात्री ट्रेन से कूदने लगे जिससे मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। आग बुझाने की कोशिश में रेल कर्मी जुट गए। आग लगने की सूचना रेल कर्मी ने स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। जानकारी के अनुसार जान-माल की क्षति होने की सूचना नहीं है। बता दें कि यह ट्रेन किशनगंज से सिलीगुड़ी जा रही थी।

किशनगंज में ईएमयू ट्रेन में आग लगने से रेल यात्री परेशान हो गए। ट्रेन करीब दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर किशनगंज स्टेशन से खुली थी। शहर के तेघरिया रेल फाटक के निकट इस ट्रेन के इंजन में आग लग गई। ट्रेन में यात्री भरे हुए थे। इंजन के



ऊपर धुआं उठता देखकर लोको पायलट ने अचानक ब्रेक लगा दिया। आग लगने की सूचना जैसे ही रेल प्रशासन को मिली मौके पर रेल कर्मी पहुंच कर आग बुझाने की कोशिशों में जुट गए। एसएसबी के जवान भी आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। आग लगने की इस घटना के कारण किशनगंज गुवाहाटी अप लाइन पर फिलहाल ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह रुक गया। इससे इस रूट के पैसेंजरों की परेशानी बढ़ गई।

## कांग्रेस के लिए महिलाओं को पहचान दिलाने का अवसर है महिला आरक्षण: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला आरक्षण को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम कांग्रेस के लिए महिलाओं को पहचान दिलाने का अवसर है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस (एआईएमसी) की 40वीं वर्षगांठ पर गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वह भारत भर में ऐसी महिलाओं से मिले जो बदलाव के लिए संकल्पित थीं। कई महिलाओं में समाज में बदलाव लाने का जुनून, दृढ़ता थी। अन्याय के खिलाफ सबसे उग्र और निडर आवाज महिलाओं की ही थी। राहुल गांधी ने कहा कि आज के युग में महिलाओं को सार्वजनिक जीवन में सार्थक अवसरों से वंचित करने का कोई कारण नहीं है।

# ओडिशा में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में छह की मौत

**एजेंसी/भुवनेश्वर**

ओडिशा में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल भी हुए हैं। बोलांगीर जिले के मढ़ियापाली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 26 पर एक मोटरसाइकिल और एक अन्य वाहन में टक्कर के बाद दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को सड़क पर खून से लथपथ देखा।

उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। दोनों को बोलांगीर भीमा भोई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि, मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच कर दी है। मयूरभंज जिले में शनिवार देर रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हुए। बारीपदा शहरके बाहरी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर मोटरसाइकिल और ट्रक के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान 25 वर्षीय विकास मोहंता और 26 वर्षीय मीतू मोहंता के तौर पर की गई है। एक अन्य हादसे में 13 लोगों को ले जा रही एक तेज रफ्तार कार बारीपदा-लुलुंग रोड पर खासडीहा के पास सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस घटना में कार चालक और एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान भुबन सिंग और जयंत सिंग के तौर पर की गई है। घायलों को पीआरएम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। जिला पुलिस ने दो मामले दर्ज किए।

# देश का नंबर वन आतंकी हैं राहुल गांधी: रवनीत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देश का नंबर वन आतंकी बताया है। केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने कहा, 'राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है, सिख किसी पार्टी से जुड़ा नहीं है और यह चिंगारी लगाने की कोशिश है, राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं। बिट्टू ने ये विवादित बातें राहुल गांधी के अमेरिका में सिखों को लेकर दिए बयान को लेकर कही हैं। केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने भागलपुर में कहा, मैंने चैंलेंज किया है कोई सिख जो यहां खड़ा है जो किसी पार्टी से जुड़ा नहीं है। यहां बोल दे भागलपुर में किसी ने उनसे बोला कि आप कड़ा नहीं डाल सकते, किसी ने कहा हो आप पगड़ी नहीं डाल सकते, किसने कहा गुरुद्वारे नहीं जा सकते, एक सिख यहां खड़ा होकर कह दे, मैं अभी बीजेपी छोड़ दूंगा।




### देश के सभी पात्र एमबीबीएस डॉक्टर्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू

# एनएमसी सभी एमबीबीएस डॉक्टरों को देगा विशिष्ट पहचान

**एजेंसी/आमरोह**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने देश में सभी एमबीबीएस डॉक्टर्स को विशिष्ट पहचान देने का फैसला किया है। इसके लिए एनएमसी ने पोर्टल भी लॉन्च कर दिया है, जिस पर सभी पात्र एमबीबीएस डॉक्टर्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) एक डेटाबेस है, जहां सभी पंजीकृत डॉक्टर्स का रजिस्ट्रेशन होगा। आधार आईडी से डॉक्टर्स की प्रमाणिकता , जिसमें उनकी प्रामाणिकता आधार आईडी द्वारा सत्यापित की जाएगी। एनएमसी ने हाल ही में एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि 'भारतीय चिकित्सा रजिस्टर (आईएमआर) पर पंजीकृत सभी एमबीबीएस डॉक्टर्स को एनएमआर पर फिर से पंजीकरण करना होगा। सभी मेडिकल



कॉलेज/संस्थान, राज्य चिकित्सा परिषद (एसएमसी) पोर्टल पर आपस में जुड़े हुए हैं।' नोटिस में कहा गया है कि कुछ डेटा आम लोगों को दिखाई देंगे और अन्य केवल एनएमसी, एसएमसी, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) और चिकित्सा संस्थानों और एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड (ईएमआरबी) को ही दिखाई देंगे।

## पंजीकरण के लिए डिग्री और आधार कार्ड जरूरी

पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के लिए, डॉक्टर्स को अपने आधार आईडी, अपने एमबीबीएस डिग्री प्रमाण पत्र की एक डिजिटल कॉपी और राज्य चिकित्सा परिषद/भारतीय चिकित्सा परिषद के पंजीकरण प्रमाण पत्र की जरूरत होगी। पंजीकरण और योग्यता जैसे अतिरिक्त विवरण मैन्युअल रूप से दर्ज किए जा सकते हैं। इसके बाद, आवेदन स्वचालित रूप से सत्यापन के लिए संबंधित स्टेट मेडिकल कमीशन को भेज दिया जाता है। एसएमसी फिर आवेदन को आगे की समीक्षा के लिए संबंधित कॉलेज या संस्थान को भेज देगा। सफल सत्यापन के बाद, आवेदन एनएमसी को भेज दिया जाता है। एनएमसी द्वारा सत्यापन के बाद, एक एनएमआर आईडी जारी की जाएगी। नोटिस में कहा गया है कि इस प्रक्रिया के दौरान, डॉक्टर हेल्थकेयर प्रदाता रजिस्ट्री में शामिल होने का विकल्प चुन सकते हैं, जो उन्हें डिजिटल हेल्थकेयर इकोसिस्टम से जोड़ेगा। इस पोर्टल के माध्यम से, एसएमसी और शैक्षणिक संस्थानों सहित सभी हितधारक एक ही मंच से लॉग इन और आवेदनों को सत्यापित कर सकते हैं।

**देश के डॉक्टर्स का व्यापक डेटा होगा तैयार:** एक अधिकारी ने बताया कि 'देश में व्यापक डेटा की कमी थी जो देश में कुल डॉक्टरों की संख्या, देश छोड़ने वाले डॉक्टर्स, प्रैक्टिस करने के लिए अपना लाइसेंस खोने वाले डॉक्टर्स या अपनी जान गंवाने वाले डॉक्टरों की संख्या और विवरण जैसे पहलुओं की विस्तृत और समग्र तस्वीर प्रदान कर सके। एनएमआर के लॉन्च से इसके 13 लाख से अधिक डॉक्टरों का डेटा सुनिश्चित होगा।

# नुक्कड़ नाटक यमराज से दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

- धरती पर आए 'यमराज' मगर जान लेने नहीं, बल्कि बचाने का दिया संदेश
- शेखपुरा में मुख्य सड़क पर लग गया मजमा

**केटी न्यूज/शेखपुरा**

शेखपुरा जिले में रविवार को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब यमराज बने पुलिसकर्मी सड़क पर उतरे और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाया। इस अनोखे जागरूकता अभियान का आयोजन शेखपुरा पुलिस अधीक्षक बलिराम चौधरी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया।

**नेक है नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य:** जानकारी के मुताबिक, रविवार को चांदनी चौक में आयोजित नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के महत्व को समझाना और सड़क पर सुरक्षा को लेकर जागरूक करना था। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से दिखाया कि कैसे यातायात नियमों की अनदेखी के कारण लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार बनते हैं और अपने प्रियजनों को खो देते हैं।नाटक में यमराज का किरदार निभा रहे पुलिसकर्मियों ने दशार्या कि सड़क पर दुर्घटनाओं के कारण लोगों की जान जाती है और यमराज उन्हें लेने आते हैं। लेकिन आज ये यमराज लोगों की जान बचाने के लिए सड़क पर उतरे हैं और यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रहे हैं। इस अभियान के दौरान, शेखपुरा पुलिस ने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया। यह अपील किया गया कि सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए नियमों का पालन करें। जिससे दूसरे भी सुरक्षित रह सकते है।



### वाहन चलाते समय करें नियमों का पालन

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया किया गया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का सही ढंग से प्रयोग अनिवार्य है। नाटक के माध्यम से ओवरलोडिंग के खतरों को बताया गया, जैसे कि बाइक पर अधिक लोगों का बैठना या सामान का अत्यधिक भार। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने के खतरों पर भी प्रकाश डाला गया।नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। यह आयोजन स्थानीय लोगों के लिए एक जागरूकता का अवसर साबित हुआ। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर पैदल चलने वाले लोग सड़क के किनारे चलें। वहीं, वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। एसडीपीओ ने यह भी जानकारी दी कि इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जाएगा। ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके।इस मौके पर शेखपुरा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। इस प्रकार के आयोजन से न केवल लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी बल्कि सड़क पर सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

# हादसे का शिकार होने से बची श्रद्धालुओं से भरी बस

**केटी न्यूज/मुंगेर**

मुंगेर में रविवार को दर्जनों लोगों की जान जाते-जाते बच गई। हवेली खड़गपुर-जमुई मुख्य मार्ग पर एक बस हादसे की शिकार हो गई। ड्राइवर को झपकी आने के बाद बस सड़क किनारे बने नाले में जा फंसी हालांकि बस पर सवार यात्री बाल-बाल बच गए। दरअसल, मुंगेर में हवेली खड़गपुर-जमुई मुख्य मार्ग पर रामनकाबाद स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास रविवार की सुबह एक यात्री बस लोहे के बैरियर को तोड़ते हुए सड़क किनारे बने नाले में जाकर फंस गई। बस पर सवार यात्री इस घटना में बाल-बाल बचे। बस पर सवार श्रद्धालु तारापीठ से समस्तीपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान रामनकाबाद में बस चालक को झपकी आ गई और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाले में जा फंसी। इस हादसे में किसी के हताहत होने सूचना नहीं है हालांकि सड़क के किनारे दुकानों एवं मकानों को नुकसान हुआ है, जिसको लेकर स्थानीय लोग मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बस में भरे यात्रियों ने राहत की सांस ली। सबकों इस बात का डर बना हुआ था कि यदि जरा सी चूक होती है। तो बस की जान जाती।

## खबरें फटाफट

### सेक्स रैकेट चला रहे होटल मालिक व मैनेजर गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में पुलिस ने शहर के पांच होटलों में छापेमारी की है, जहां से कई महिला और पुरुषों को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि इस छापेमारी में होटल मालिक और मैनेजर सहित मात्र 6 लोग गिरफ्तार किये गये हैं। यह कार्रवाई सदर डीएसपी रामकृष्ण के नेतृत्व में बैरगनिया थाना क्षेत्र के पटेल चौक स्थित होटलों में की गई है।

### गोपालगंज में घर से बुलाकर युवक को मारी गोली

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के उचकागांव थानाक्षेत्र के भगवान टोला ब्रह्म स्थान के पास कुछ बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को घर से बुलाकर गोली मार दी। उसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी चिंताजनक हालत को देखते हुए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के बलेसरा जहरुले हाता टोला निवासी पारस यादव के बेटे नीरज यादव को फोन कर भगवान टोला ब्रह्म स्थान के पास आने के लिए कहा। उसके बाद बदमाशों ने गोली मार का घायल कर दिया।

### किशनगंज में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पूर्व डिप्टी सीएम पर जमकर साधा निशाना

# बोले दिलीप... घोटाले का इतना पैसा होने के बाद भी तेजस्वी नहीं पढ़ पाये

- तेजस्वी का दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर चिंता जताना असामान्य नहीं

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा है। किशनगंज पहुंचे डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि भ्रष्टाचारी हमेशा दूसरों के भ्रष्टाचार को लेकर चिंतित रहता है, इसलिए तेजस्वी का दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर चिंता जताना असामान्य नहीं है। वह उनके बारे में ही लगातार सोचते है। सूबे विकास के बारे में उनकी कोई चिन्ता नहीं है। वह केजरीवाल की तरह की अनाप-शनाप बयान देकर जनता को दिग्भ्रमित करते है। केजरीवाल की तरह की सूबे की जनता को दो सौ युनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर रहे है। जनता को बरगलाया जा रहा है। पंद्रह सालों तक उनके माता-पिता बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उस समय बिहार की हालत किसी से छुपी नहीं है।

**तेजस्वी नौवीं कक्षा भी पास नहीं कर सके: जायसवाल** तेजस्वी यादव के मिथिलांचल के विकास के लिए किए गए वादे पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने तेजस्वी की शिक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि तेजस्वी के माता-पिता ने उन्हें अच्छी शिक्षा देने के लिए चारा घोटाले से अर्जित धन का उपयोग किया, लेकिन इसके बावजूद वे नौवीं कक्षा भी पास नहीं कर सके। जायसवाल ने इसे समाज के लिए एक बड़ा अभिशाप बताया और कहा कि ऐसे व्यक्ति जो शिक्षा में सफल नहीं हो पाया, वह विकास की बात कैसे कर सकता है। राजद के कार्यकाल में शिक्षा के नाम पर पंद्रह सालों में बिहार को पीछे ले जाया गया। आज भी लोग उस काल के नाम से सहम जाते है।



### भ्रष्टाचारियों का सिद्धांत, एक दूसरे की करते हैं चिंता

उन्होंने आगे कहा कि जब तेजस्वी यादव ने सरकार बनने पर मिथिलांचल विकास प्राधिकरण के गठन का वादा किया और बीजेपी पर विपक्ष को डराने, नेताओं को फंसाने और जेल भेजने का आरोप लगाया तो उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत पर भी खुशी जताई। ये सभी भ्रष्टाचारी हमेशा एक दूसरों के लिए चिंतित रहते हैं।

बता दें कि इन दिनों तेजस्वी यादव की शिक्षा को लेकर बिहार में स्ता पक्ष के लोग लगातार निशाना साध रहे हैं। पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके प्रशांत किशोर ने भी उनकी पढ़ाई को लेकर सवाल उठाए है। विस चुनाव में हालांकि अभी एक साल है, लेकिन तेजस्वी यादव कई तरह के आरोपों से घिरते जा रहे हैं। जेडीयू ने तो यहां तक कह दिया है कि आरजेडी अब खत्म होने वाली है। क्योंकि जनता शिक्षित हो चुकी है। वह सब जानती है।

### राजद ने मिथिला को डाला था गर्त में : संजय झा

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के मिथिलांचल वाले बयान पर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बहुत हास्यास्पद बात है। मैथिलि भाषा मिथिला के लोगों की है। बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन से उनके(तेजस्वी यादव) पिता ने हटा दिया था। संजय कुमार झा ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार आई उसके बाद ही उस (मिथिलांचल) क्षेत्र में कोई काम हुआ है। उन्होंने (राजद) मिथिला को गर्त में डाल दिया था। उन्होंने कहा कि बिहार देश का दूसरा राज्य है जिसे दूसरा अवसर मिला। पीएम मोदी ने केंद्रीय बजट में खासकर उत्तर बिहार और मिथिलांचल को वित मंत्री ने संबोधित किया है, जो भी काम किया हुआ है एनडीए का किया हुआ है और नीतीश कुमार के राजपाठ में हुआ है।बता दें कि तेजस्वी यादव ने कहा था कि बिहार में 20 वर्षों से एनडीए की डबल इंजन की सरकार है, फिर भी सत्ता के स्वार्थी इन लोगों ने मिथिला के लिए कोई विशेष कार्य नहीं किया। अगर हमारी सरकार बनी तो हम मिथिलांचल विकास प्राधिकरण (मिथिलांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी) बनाएंगे। यह प्राधिकरण मिथिलांचल के चहुमुखी विकास के लिए गेम चेंजर होगा। मिथिला क्षेत्र का जो विकास रूका हुआ है। उसमें तेजी आयेगी।

## एक नजर

### मुजफ्फरपुर में भीषण सड़क हादसा, मासूम बच्ची सहित दो की मौत, मेला देखने जा रहे थे सभी



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिला में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक मासूम बच्ची सहित दो की मौत हो गई है। वहीं लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गये। बताया जा रहा है कि सभी लोग कांटी थाना क्षेत्र में लगे गणेश उत्सव मेला को देखने जा रहे थे। इसी दौरान पानापुर थाना क्षेत्र के पखनाहा एनएच 27 के एचपी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दिया। इस दौरान लोग घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इस घटना की जानकारी के बाद स्थानीय ग्रामीण भी घटनास्थल पर जुट गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी वहां पहुँच गई और घायल लोगों को आननफानन में एसकेएमसीएएच पहुंचाया, जहां एक मासूम बच्ची सहित दो की मौत हो गई है। अन्य घायल लोगों का इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि सभी लोग एक साथ एक ऑटो में सवार हो कर मेला देखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एनएच पर एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दिया। इस घटना में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। वही इस ऑटो में सवार सभी लोग गंभीर रूप में जख्मी हो गए। पुलिस का कहना है कि सभी लोग अकुंरहा गांव के रहने वाले हैं।

### महिला एसआई बच्चियों को कर रही जागरूक

**पटना।** पटना के मिठनपुरा थानाक्षेत्र में एक अनूठा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें महिला एसआई ऋतुराज और उनकी टीम ने बच्चियों को आत्मनिर्भर बनने और विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षण देना शुरू किया है। इस अभियान के तहत, पुलिस विभाग ने स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जाकर बच्चियों को सुरक्षा और आत्म-रक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी है।इस अभियान का एक प्रमुख हिस्सा गुड टच और बैड टच के बीच अंतर को स्पष्ट करना है। बच्चियों को बताया जा रहा है कि गुड टच क्या है और बैड टच कैसे पहचाना जा सकता है, ताकि वे असुरक्षित परिस्थितियों को पहचान सकें।

# शराब के नशे में धुत दारोगा समेत चार लोग गिरफ्तार

**केटी न्यूज/कैमूर**

बिहार में शराबबंदी पूर्ण रूप से लागू है, लेकिन कानून का पालन करवाने वाली पुलिस खुद ही कानून की धज्जियां उड़ा रही है। ताजा मामला कैमूर जिले से सामने आ रहा है, जहां सोनहन थाना परिसर में शराब पीते एक दारोगा,दो चौकीदार सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की है। दरअसल जिले के एसपी ललित मोहन शर्मा को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी। कि दारोगा समेत अन्य लोग शराब के नशे में धुत है। जिसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर सोनहन थाना भेजा गया, जहां थाना परिसर में सब इंस्पेक्टर राजीव रंजन सिंह, दो चौकीदार चंद्रदीप व अमरेंद्र सहित एक व्यक्ति को लेकर कुल चार को गिरफ्तार किया गया है। ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर शराब पीने की पुष्टि हुई। कैमूर पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने बताया कि उनके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत सदर थाना में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि इसके पहले भी कई पुलिस अधिकारी शराब के नशे में व शराब के साथ गिरफ्तार किए गए हैं, जिनके खिलाफ विभाग की ओर से कार्रवाई की गई है।

# नालंदा में चोरों ने पांच घरों से लाखों के गहने व नकदी उड़ाया

**केटी न्यूज/पटना**

नालंदा जिले में एक बड़ी चोरी की घटना ने क्षेत्रीय प्रशासन और पुलिस को हिलाकर रख दिया है। रहुई थानाक्षेत्र के अब्दुलहिचक गांव में देर रात अज्ञात बदमाशों ने पांच घरों को निशाना बनाकर लाखों के गहने और नकदी चोरी कर ली। इस घटना ने गांव में दहशत और आक्रोश पैदा कर दिया है।जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब अधिकांश परिवार अपने घरों से बाहर गए हुए थे। चोर घरों के ताले तोड़कर अंदर घुसे और गोदरेज तथा पेटियों में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी के दौरान चोरों ने लगभग ढाई लाख रुपये नकदी, 15 लाख रुपये मूल्य के आभूषण, महंगे बर्तन और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।पीड़ित परिवारों में से एक शिव शंकर सिन्हा ने बताया कि हम सभी अपने घरों को ताला लगाकर बाहर गए थे। चोरों ने इसी का फायदा उठाया और हमारी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब ग्रामीणों ने घरों के टूटे ताले देखे। इसके बाद तुरंत स्थानीय थाने को सूचित किया गया। रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने कहा कि हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। डॉग स्क्वॉड की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और टेक्निकल टीम को भी बुलाया गया है। कुछ ग्रामीणों का मानना है कि इस चोरी के पीछे नशेड़ियों का हाथ हो सकता है, लेकिन हम सभी पहलुओं पर जांच कर रहे हैं।




### राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने जारी की परीक्षा की तिथि

# सरकारी स्कूलों में 18 से 26 सितंबर तक होगी कक्षा एक से आठवीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा

**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं की अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 18 सितंबर 2024 से शुरू होगी, जो 26 सितंबर 2024 तक चलेगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की तरफ से परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। खास बात यह है कि जितिया के दिन भी एग्जाम होगा और टीचर्स को स्कूल आना होगा। इस संबंध में एससीईआर की आरे से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है, जिसमें लिखा गया है कि राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं की अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा-2024 18 सितंबर 2024 से शुरू होगी, जो 26 सितंबर 2024 तक चलेगी। कक्षा 1 और 2 की परीक्षा का स्वरूप मौखिक होगा, जिससे संबंधित दिशा-निर्देश सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जा चुका है। कक्षा 3 से कक्षा 8 तक की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। पत्र में आगे लिखा गया है कि इस परीक्षा में वीक्षण कार्य हेतु प्रधानाध्यापक और संबंधित वरीय शिक्षक को छोड़कर विद्यालय के अन्य शिक्षकों को अपने विद्यालय के आस-पास के विद्यालयों में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रबंध किये जाएं एवं परीक्षा के सतत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएं। विदित हो कि जितिया पर्व के दिन भी परीक्षा की तिथि घोषित की गई है। इस दिन भी विद्यार्थियों व शिक्षकों को स्कूल आना होगा। इस तरह की तिथि घोषित करने के बाद विभिन्न शिक्षक संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।



# घरेलु कलह से परेशान टायर विक्रेता ने धारदार हथियार से काटा गला, हालत नाजुक

♦ दुकान में ही दिया घटना को अंजाम, एक दशक पूर्व उसी कमरे में चाचा की हुई थी हत्या



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर के एक युवक ने घरेलु कलह से तंग आ धारदार हथियार से गला रेत आत्महत्या का प्रयास किया। इस प्रयास में उसकी गर्दन पर काफी गहरा जख्म हो गया तथा खून से लथपथ हो वह अपनी दुकान में गिर गया था। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही आस पास के दुकानदार माजरा समझ गए तथा हो हल्ला कर आस पास के लोगों को इस घटना की जानकारी दिए। स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों तथा नया भोजपुर ओपी को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन तथा पुलिस उसे इलाज के लिए बक्सर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां, गहन चिकित्सा कक्ष में उसका इलाज जारी है। युवक की हालत नाजूक बनी हुई है। जख्मी युवक की पहचान नया भोजपुर उत्तर टोला के स्व. कासिद खां के 40 वर्षीय पुत्र खुर्शीद के रूप में हुई है।

**12 वर्ष पहले उसी कमरे में हुई थी चाचा की हत्या :** बता दें कि टायर व्यवसायी ने जिस कमरे में इस घटना को अंजाम दिया है, उसी दुकान में वर्ष 2012 में उसके चाचा की निर्मम हत्या हुई थी। इस मामले में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आक्रोश जताया था तथा भारी बवाल के बीच ग्रामीणों ने पुलिस के वाहन भी फूंक दिए थे। लेकिन, एक दशक बाद भी उक्त हत्याकांड का उद्भेदन नहीं हो सका है।

### कहते हैं डीएसपी

डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि नया भोजपुर के युवक ने परिवारिक विवाद में आत्महत्या का प्रयास किया है। उसका इलाज करवाया जा रहा है। अभी वह बोलने की स्थिति में नहीं है, युवक के ठीक होने के बाद ही इस मामले में विशेष जानकारी मिल सकती है कि किस बात से परेशान हो उसने ऐसा कदम उठाया।

### टायर काटने वाले चाकू से अपना गला रेत लिया

बताया जाता है कि वह नया भोजपुर पेट्रोल पंप क बगल में टायर दुकान चला अपनी आजीविका चलाता है। घर में उसकी पत्नी से कलह चल रहा था। रविवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे उसका भाई वकील खां उसे नाश्ता देने दुकान पर आया था तथा नाश्ता पहुंचा वापस घर चला गया। इसके थोड़ी देर बाद ही उसने दुकान में रखे टायर काटने वाले चाकू से अपना गला रेत लिया। गला से अधिक खून बहने के कारण वह दुकान में ही बेहोश हो गिर गया था। थोड़ी देर बाद आस पास के दुकानदार उसे खोजते हुए जब दुकान के अंदर गए तो उसे खून से लथपथ देख भौचक रह गए। पहले तो लोगों को समझ में आया कि किसी ने उसकी हत्या कर दी है, लेकिन पहले परिजनों तथा बाद में इलाज के दौरान खुद जख्मी ने आत्महत्या का प्रयास करने की बात स्वीकारी। समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत बेहद नाजूक बनी हुई है।

# जिले के नये एसपी शुभम आर्य ने ग्रहण किया पदभार



**बक्सर।** बक्सर जिले के नये एसपी शुभम आर्य ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार ग्रहण करने पर बक्सर पुलिस परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। बता दें कि गृह विभाग ने बक्सर के पूर्व एसपी मनीष कुमार का तबादला केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती में पुलिस अधीक्षक के पद पर कर दिया है, जबकि उनके जगह दरभंगा के सिटी एसपी रहे शुभम आर्य को बक्सर का नया एसपी बनाया है।

पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि बक्सर जिला उत्तर प्रदेश से सटा होने के कारण अपराध और तस्करी को लेकर चचाओं में रहता है। ऐसे में जिले में अपराध नियंत्रण व शराब तस्करी रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही, जिले में साइबर क्राइम पर रोक लगाने के साथ लोगों को जागरूक किया जाएगा। ताकि, वो साइबर फ्रॉड का शिकार न बन जाएं। वही, पुलिस पब्लिक फ्रैंडली को धरातल पर उतारा जाएगा। नये एसपी ने कहा कि वे जल्दी ही जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## नदांव एचडब्ल्यूसी पर टीकाकरण कॉर्नर का स्वास्थ्य मंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

# सभी अभिभावक अपने बच्चों का अनिवार्य रूप से कराएं संपूर्ण टीकाकरण : डीडीसी

♦ उपविकास आयुक्त ने टीकाकरण कॉर्नर पर बच्चों को दी पोलियो की खुराक

♦ जिले में 22 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर बनाए गए टीकाकरण कॉर्नर



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढत्र करने और आमजन तक टीकाकरण की पहुंच को बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में चिन्हित दो-दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एचडब्ल्यूसी में टीकाकरण कॉर्नर विकसित कर माह में 12 दिन यानि प्रत्येक सप्ताह सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को नियमित टीकाकरण किया जाएगा।

इसे लेकर जिला के 22 चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेंस सेंटर पर बनाये गये टीकाकरण कॉर्नर में टीकाकरण की शुरूआत की गयी। रविवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सदर प्रखंड के नदांव हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियमित टीकाकरण कार्नर का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने वर्चुअल में लोगों को कहा कि राज्य में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा रहा है। इसी क्रम में टीकाकरण कॉर्नर बनाए गए हैं। राज्य में पूर्ण टीकाकरण का 95 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने जा रहा है। चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर छूटे लाभार्थियों को भी आशा या उत्प्रेरक कर्मियों के माध्यम से टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया जाना है।

मौके पर डीपीएम मनीष कुमार, डीपीसी जावेद आब्दी, डीसीएम हिमांशु कुमार सिंह, डीएमईओ अमित अंकुर, यूनिसेफ एसएमसी कुमुद मिश्रा, यूएनडीपी के कोल्ड चेन मैनेजर मनीष श्रीवास्तव, सदर प्रखंड के बीएचएम प्रिंस कुमार सिंह, बीएमसी आलोक कुमार, सीएचओ प्रियंका सिंह, सीएचओ रौशनी कुमारी, मनीषा, मुखिया प्रतिनिधि पिंकी कुमार चौहान, पीरामल फाउंडेशन के अविनाश कुमार, रवि कुमार के अलावा स्थानीय आशा कार्यकताएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

### बच्चों को संपूर्ण टीकाकरण का लाभ दिलाना अनिवार्य

इस क्रम में उपविकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल ने फिता काटकर टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए उन्हें संपूर्ण टीकाकरण का लाभ दिलाना अनिवार्य है। इसलिए सरकार ने इसके लिए नियिमत टीकाकरण का अभियान शुरू किया था। लेकिन, उसके बावजूद कुछ लाभुक टीकाकरण का लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए जिले के चयनित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कॉर्नर की शुरूआत की गई है। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को टीकाकरण लाभ दिलाने की अपील की है। वहीं, सिविल सर्जन डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सरकार और जिला स्वास्थ्य समिति ने शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की है। ताकि, एक भी लाभुक गर्भवती महिला व बच्चा टीकाकरण के लाभ से वंचित न रह जाए।

### टीकाकरण सेवाओं को सुगम और अधिक सुलभ बनाया जा रहा है

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि ब्रह्मपुर प्रखंड के देवकुली व राजपुर, सदर प्रखंड में नदांव व बरुना, चक्की के भरियार व जवही दियर, चौगाई के अमसारी व वीरपुर, चौसा के पावनी व सोनपा (एपीएचसी), डुमरांव के लाखन डिहरा व कोरानसराय, इटाढी प्रखंड के हरपुर जलवासी व इंदौर, केसठ के कतिकनार व रामपुर, नवानगर के कड़सर और कंजिया, राजपुर के खरहना व जलहरा तथा सिमरी के आशा पड़री और नियाजीपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कॉर्नर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण सेवाओं को सुगम और ?अधिक सुलभ बनाया जा रहा है। ताकि बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए समय पर और व्यापक स्तर पर टीकाकरण सेवाएं प्रदान की जा सकें। सही समय पर टीकाकरण कराने के लिए आमजन को आशा तथा आंगनबाड़ी कर्मियों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। इसके माध्यम से ग्रामीण तथा दूरदराज इलाके में नियमित टीकाकरण का कवरेज बढ़ेगा।

# इंस्पायर अवार्ड मानक: आईडियाज की ऑनलाइन प्रक्रिया गति धीमी

**केटी न्यूज/बक्सर**

इंस्पायरे अवार्ड मानक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षो शारिके अशरफ के सक्रिय योगदान के बावजूद बक्सर जिले के विज्ञान शिक्षक और प्रधानाध्यापक विद्यार्थियों के विकास में अपने योगदान में बहुत ही धीमी गति से कार्य कर रहे हैं। जिला में लगभग 700 निर्बंधित विद्यालयों में से अभी 70 ने भी अपना ऑनलाइन नवाचार विचार अपलोड नहीं कियो है।

बताया जाता है कि वर्ग 6 से 10 के विद्यार्थियों के नवाचार, इनोवेशन आइडिया हर साल विद्यालय के द्वारा ऑनलाइन अपलोड होतो है। विगत वर्ष जिला बक्सर सर्वश्रेष्ठ पांच स्थान में अपना नाम दर्ज करने में सफल रहो थो। इस बार शिक्षा विभाग के सक्रिय भूमिका के बावजूद जिला अभी धीमी गति से कार्य कर रहो है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षो नाजिशे अली ने भी जिला के विज्ञान शिक्षक, प्रधान अध्यापक और सहयोगी विद्यालय शिक्षकों को जिसके लिए प्रशिक्षित किया था, बावजूद विद्यालय प्रशासन विद्यार्थी विकास के कार्य में सुस्त दिख रहो है। शिक्षा विभाग बक्सर ने स्पष्ट कर दिया है कि कार्य में लापरवाही के लिए जवाबदेह लोगों पर पैनी नजरे है। विभाग कार्रवाई की मुद्रा में दिख रहो है। शिक्षा विभाग भारत ने सुस्त गति के कारण नवाचार विचार कम होने के कारण 15 सितंबर की जगह 15 अक्टूबर 2024 अंतिम तिथि नवाचार विचार अपलोड करने की रखी है। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में यह तिथि नहीं बढ़ेगी। विगत दिवस जारी राज्य सूची के अनुसार जिला से अभी 200 विचार भी अपलोड करते नहीं दिख रहो है।

# धूमधाम से मनी वामन द्वादशी, शहर में निकाली गई भव्य रथयात्रा; रथ खींचने को श्रद्धालुओं में मची रही होड़

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्रृष्टि के रचयिता भगवान विष्णु के अवतार वामन भगवान के जयंति वामन द्वादशी बक्सर में धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान वामन चेतना मंच के तत्वावधान में भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। वहीं, जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा रथयात्रा पर पुष्प वर्षा की जा रही थी। रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान वामन के जयकारे तथा गगनभेदी नारे लगा रहे थे। रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

रथ यात्रा की शुरूआत रामरेखा घाट स्थित श्री रामेश्वर नाथ मंदिर से कृष्णानंद शास्त्री एवं रणधीर ओझा के वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजन के साथ शुरू हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं भक्तों के शंख ध्वनि एवं जय घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया था। भगवान श्री वामन की रथ यात्रा श्री रामेश्वर नाथ मंदिर से निकलकर पीपरपाती रोड, यमुना चौक, मुनीम चौक, नगर थाना होते हुए किला मैदान, जेल रोड से सोमेश्वर स्थान स्थित भगवान वामन धाम पहुंचा। इस दौरान शहर शहर में जगह-जगह भगवान वामन के रथ पर श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने पुष्प की वर्षा की और आरती उतारी। सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान वामन के दिव्य रूप के दर्शन को लेकर सड़क के दोनों किनारे श्रद्धालुओं एवं भक्तों की भीड़ जुटी रही। भगवान वामन की जय घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान मन हो उठा। वही रथ को खींचने को लेकर श्रद्धालुओं एवं भक्तों की होड़ लगी रही। रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गईं। वहीं सोमेश्वर स्थान स्थित वामन धाम रथ पहुंचने पर आरती उतारी की गई। शहर वासियों ने भगवान वामन के रथ यात्रा में शामिल होकर एवं दिव्य दर्शन पाकर मंगल कामना की।

**भगवान वामन ने किया था राजा बलि के घमंड का नाश :** संतों ने कहा कि भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक वामन अवतार। यह अवतार भी है, जो बक्सर में ही हुआ था। इस अवतार में भगवान ने महाप्रतापी राजा बलि को छल से पराजित कर उनके दानवीरता के घमंड को तोड़ा था। भगवान महादानी राजा बलि के 100 वें यज्ञ में मानव के सबसे छोटा रूप में वामन अवतार लेकर बलि के यज्ञ स्थल पर पहुंच गए। वे वस्त्रहीन पांच साल के बच्चे के रूप में छाता लेकर एवं खड़ाऊ पहने पहुंच थे। राजा बली ने उनसे आने का प्रयोजन जाना तो उन्होंने स्वयं को पंडित बताया और पूजा करने की बात कही। उन्होंने संकल्प कराया और दक्षिणा स्वरूप तीन कदम भूमि की मांग की। जब असुरों के ऋषि शुक्राचार्य को शक हुआ और उन्होंने भगवान की पहचान कर ली। शुक्राचार्य के मना करने की बावजूद बलि ने उनकी बात नहीं मानी। इसके बाद दो कदम में पूरी सृष्टि को भगवान ने माप लिया और तीसरे कदम में राजा बलि को ही माप लिया। इससे दानवीर बलि ने भगवान को सब कुछ न्योछावर कर दिया।

## डुमरांव के बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी के सभागार में हिन्दी पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ गजल व काव्य पाठ

# आंखों में दर्द को सजा लीजिए, गर आंसू बहे तो मजा लीजिए...

♦ कार्यक्रम में साहित्यकारों की प्रस्तुति पर जमकर बजीं तालियां




**केटी न्यूज/डुमरांव**

आंखों में दर्द को सजा लीजिए, गर आंसू बहे तो मजा लीजिए..., जैसे गजलों से रविवार को डुमरांव में हिन्दी साहित्य से जुड़े लोग सराबोर होते रहे। अवसर था प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा आयोजित हिन्दी पखवाड़ा पर आयोजित काव्य गोष्ठी का। यह आयोजन शहर के हरिजी के हाता स्थित बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी के सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता शिक्षिका सह कवयित्री मीरा सिंह मीरा ने की तथा संचालन प्रगतिशील लेखक संघ बक्सर के जिलाध्यक्ष बीएल प्रवीण ने किया। गोष्ठी में सर्वप्रथम जिले के प्रतिष्ठित कवि सह जलेस बक्सर के अध्यक्ष महेन्द्र पाण्डेय के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। बीएल प्रवीण ने बताया कि उनकी दो काव्य पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। वे प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हो चुके थे। गोष्ठी में कुछ वक्ताओं ने हिन्दी दिवस के अवसर पर अपने मंतव्य भी रखे।

**हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की कवायद पर जोर दिया :** डीके कालेज के प्राध्यापक डॉ. कुर्बान खान ने संवाद भेज कर हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की कवायद पर जोर दिया। बक्सर से आए गजलगो फारुख शैफी ने अपनी गजल सुर में पेश कर समां बांध दिया। उनके गजल चमन में खुशबू लुटा के गुलाब बन जाओ, पढ़ेंगे लोग तुम्हें वो किताब बन जाओ... इस पर काफी तालियां बजीं। बक्सर से ही आए प्रलेस के जिला सचिव नर्वदेश्वर उपाध्याय ने श्रोताओं की फरमाइश पर लगभग चार रचनाओं का पाठ किया। गोष्ठी में स्थानीय उषा रानी बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया। महिमा कुमारी ने जन जन की आस्था है, हिन्दी वहीं दसवी की छात्रा रोशनी कुमारी ने हिन्दी हमारी शान है, शीर्षक कविता सुनाई। अध्यक्षता कर रही कवयित्री मीरा सिंह मीरा ने साहित्य में लोगों की घट रही दिलचस्पी पर चिंता जताई। बताया कि जब नैतिक मूल्य और संस्कार ही नहीं बचेंगे तो पशुवत जीने का क्या फायदा। साहित्य की महत्ता को लोग भूल चुके हैं। उन्होंने अपनी कुछ कविताएं भी सुनाईं जिस पर जम कर तालियां बजीं। अंत में बी एल प्रवीण ने अपनी तीन ताजा गजलें सुनाईं जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया। उनके गजलों में ह्णआंखों में दर्द को सजा लीजिए, गर आंसू बहे तो मजा लीजिए... को श्रोताओं ने खूब पसंद किया। गोष्ठी का समापन सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक भृगुनाथ यादव ने किया।

## एक नजर

### मजिस्ट्रेट या नोटरी से वंशावली बनवाने वालों को जन प्रतिनिधियों से हस्ताक्षर की जरूरत नहीं: डीएम



**सिमरी।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने अंचल सिमरी अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला बंदोबस्त पदाधिकारी ने बताया कि सिमरी अंचल स्थित विशेष सर्वेक्षण शिविर कार्यालय पंचायत सरकार भवन सिमरी में कार्यरत है। उक्त शिविर में कुल 29 विशेष सर्वेक्षण अमीन, दो कानूनगो, एक लिपिक एवं एक विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के सामान्य निदेशों से उपस्थित जनप्रतिनिधियों, लगभग 150 आमजन तथा मीडियाकर्मियों को अवगत कराया। डीएम ने बताया कि प्रपत्र 3 (प) में वंशावली पर कार्यपालक दंडाधिकारी या नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ करने संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित कराना आवश्यक नहीं है। खतियानी रैयत और जमाबंदी रैयत के वंशज स्वयं प्रपत्र 3 (प) में वंशावली तैयार कर एवं स्वघोषणा का प्रपत्र-2 रैयत या रैयत के वंशज द्वारा धारित भूमि को भरकर अपने अंचल के शिविर में जमा करें या निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करें। अगर आप स्वयं या आपका कोई विश्वासी प्रतिनिधि जमीन पर उपस्थित रहता है, तो सर्वे कर्मियों को पहचान में सुविधा होगी। विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, सिमरी ने बताया कि अंचल शिविर सिमरी में अब तक 83 रैयतों का प्रपत्र 2 एवं प्रपत्र 3(प) का अपलोड किया गया है। 05 राजस्व ग्राम में तेरीज लेखन एवं कुल 6415 तेरीज लेखन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शिविर में कार्यरत सभी कर्मियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### मोटे अनाज के वैल्यू एडिशन के बाद भी जिले में किसान नहीं हो रहे जागरूक



**बक्सर।** जिले में मोटे अनाज की खेती में लगातार कमी आ रही है। जबकि इस इलाके में मोटे अनाज की खेती बड़े पैमाने पर की जाती थी। खासकर जिले के उत्तरी इलाके में भदई फसलों के रूप में मोटे अनाज की खेती प्रमुखता से की जाती थी। इसमें मक्का, मडुआ, ज्वार आदि की प्रमुखता रहती थी। इसके अतिरिक्त शनाई, तिल आदि की फसले भी उगाई जाती थी। इन फसलों की कटनी भादो महीने में हो जाती थी। इसके बाद कुछ किसान लोग धान की फसल की बुवाई भी कर देते थे। नहीं तो इसमें सरसों एवं दलहनी पौधे उगाए जाते थे। इससे किसानों को अच्छी आमदनी हो जाती थी। सभी गांव में इसकी खेती कम से कम 25 प्रतिशत भाग में की जाती थी। जिससे ऊंचे जमीन जिस पर धान रोपना संभव नहीं था वह भी आबाद हो जाता था। सबसे अधिक खेती नदी किनारे के गांवों में की जाती थी, क्योंकि वहां की मिट्टी बलुआही होती थी। जो इस फसल के लिए उपर्युक्त मानी जाती है। डुमरांव प्रखंड के पुराना भोजपुर, नया भोजपुर और दक्षिणी भाग के गांवों में, इसके अलावे सिमरी, चक्की व ब्रह्मपुर के अलावे सदर प्रखंड के चौसा इलाके में बड़े पैमाने पर मोटे अनाज की खेती की जाती थी, लेकिन आज के समय में बहुत कम क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती हो रही है। सोंवा गांव के बुजुर्ग किसान बलराम शर्मा ने बताया कि पहले इस क्षेत्र में मोटे अनाज मड़वा और मकई की खेती बड़े पैमाने पर होती थी। लेकिन अब नलकूप के साधन होने से सिंचाई की सुविधा मिल गई है। इससे धान का रकबा बढ़ गया है। मोटे अनाज की दर कम होती थी और उसे समय बहुत कम कीमत मिलता था। लेकिन आज के समय में मोटे अनाज का वैल्यू बढ़ गया है। चौकियां गांव के किसान संजय महतो ने बताया कि अब तो मड़वा खेती लगभग गायब हो गई है। हालांकि इसकी खेती में लागत कम आती थी और ऊपज भी अच्छा होता था। जिससे किसान को अच्छी आमदनी होती थी। लेकिन सिंचाई की सुविधा होने से लोग खेती करना छोड़ दिए।

### लाल निशान के करीब पहुंच कम होने लगी गंगा में जलस्तर वृद्धि की रफ्तार



**बक्सर।** बक्सर में फिलहाल बाढ़ का खतरा टलता नजर आ रहा है। हालांकि रविवार को गंगा चेतावनी बिंदू को पार कर लाल निशान के करीब पहुंच गई है। केन्द्रीय जल आयोग के रिपोर्ट की माने तो शाम छह बजे जल स्तर 59.65 मीटर पर पहुंच गया था, जो खतरे के निशान से 67 सेमी नीचे रह गया है। हालांकि दोपहर से ही जल स्तर बढ़ने का रफ्तार एक सेमी प्रतिघंटे रह गया है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि सोमवार की सुबह तक पानी का बढ़ना रूक जाएगा। हालांकि इस दौरान गंगा खतरे के निशान के काफी करीब पहुंच चुकी होगी। केन्द्रीय जल आयोग से मिली जानकारी के अनुसार सुबह आठ बजे जल स्तर चार सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा था। सुबह में जल स्तर चेतावनी बिंदू 59.32 मीटर से 22 सेमी उपर 59.54 मीटर पर पहुंच गया था। जबकि दोपहर 12 बजे गंगा एक सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही थी तथा जल स्तर 59.59 मीटर तक जा पहुंचा था। वही शाम छह बजे भी एक सेमी प्रतिघंटे की रफ्तार से जल स्तर बढ़ने का सिलसिला जारी था तथा जल स्तर 59.65 मीटर तक जा पहुंचा था। बता दें कि यूपी, उतराखंड तथा दिल्ली व आस पास के इलाकों में भारी बारिश के कारण गंगा व उसकी सहायक नदियां उफान पर है। यही कारण है कि गंगा का जलस्तर शनिवार को काफी तेज रफ्तार से बढ़ा था।



## खबरें फटाफट

### गैरेज हुआ ध्वस्त, रास्ता बनाने में लगा काम

**डुमरांव।** डुमरांव पीएचसी से होकर बुनियाद केन्द्र जाने वाले रास्ते का रोधक बना गैरेज रविवार को तोड़ दिया गया। इसको जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिये जाने के बाद लगभग बीस फीट का रास्ता निकल आया है। इतना ही नहीं एक रास्ता सिपाही बैरक होकर भी बनेगा। रास्ता बन जाने से दिव्यांगों को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। दिव्यांग ट्राईसाइकिल के साथ असानी से बुनियाद केन्द्र में पहुंच जाएंगे। विदित हो कि दिव्यांगों के इलाज और शारीरिक अभ्यास के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में बुनियाद केन्द्र बनाया गया है। बुनियाद केन्द्र में जाने के लिए एक सकरा और कच्चा रास्ता था, जिससे दिव्यांगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। जिस बारिश में उस रास्ते में पानी जमा हो जाता है, जिससे परेशानी और बढ़ जाती है। दिव्यांगों को गोद में उठाकर ले जाना पड़ता था। फिर इस खबर को केटी न्यूज ने प्रकाशित कर प्रशासन की आंख खोली थी। डुमरांव प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल ने गैरेज को हटाने का आदेश दिया था। डीएम के आदेश के आलोक में रविवार को बैरेक को तोड़ दिया गया।

### श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला इकाई का हुआ गठन

**बक्सर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिला बक्सर का बैठक स्थानीय गोयल धर्मशाला में रविवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीप नारायण सिंह के द्वारा किया गया तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय चिकित्सक डॉ राकेश राज सिंह उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर काफी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान राष्ट्र व समाज की सुरक्षा के प्रति अपनी बचनबद्धता को दुहराया। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार जिला संरक्षक के पद पर वरीय अधिवक्ता तेज प्रताप सिंह छोटे क्षेत्रीय प्रभारी के पद पर प्रखंड विकास समिति सदस्य भगवान त्यागी को मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष दीप नारायण सिंह ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला उपाध्यक्ष के पद पर गणेश सिंह (पीपरपाती रोड), अरुण कुमार सिंह (रघुनाथपुर), राघवेंद्र नारायण सिंह (सिविल लाइन), अजय कुमार सिंह (विक्रम इंग्लिश), जिला सचिव के पद पर संतोष कुमार सिंह (गोला बाजार) बृजेश सिंह (राजपुर), राघवेंद्र कुमार सिंह (उमेदपुर) व विकास सिंह (रामोबारियां )को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में कमल सिंह, रमाशंकर सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, नागेंद्र नारायण सिंह, रंजन सिंह, अजीत सिंह, कमलेश कुमार सिंह, श्रीनाथ सिंह, सुभाष कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## डुमरांव प्रखंड के पंचायतों की उपेक्षा पर ग्रामीणों ने फूंका राजपुर विधायक का पुतला

- निरंजनपुर के ग्रामीणों ने कहा- पांच वर्ष पूरा होने वाला है, डुमरांव प्रखंड के छह पंचायतों में विकास की नहीं हुई शुरूआत



**केटी न्यूज/डुमरांव**

निरंजनपुर के ग्रामीणों ने रविवार को राजपुर सुरक्षित विधान सभा के कांग्रेस विधायक विश्वनाथ राम का पुतला दहन किया। यह पुतला दहन राजपुर विधानसभा क्षेत्र में शामिल डुमरांव प्रखंड के छह पंचायतों की उपेक्षा के खिलाफ किया गया था। ग्रामीणों ने विधायक पर विकास कार्य नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए और कहा कि चार वर्ष बीत गए है, लेकिन आज भी डुमरांव प्रखंड की छह पंचायत उपेक्षित है।

ऐतिहासिक व रामायणकालीन मारीचडीह के पास आयोजित पुतला दहन का नेतृत्व मुगांव पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुमार राय उर्फ इंदल सिंह ने किया। पुतला दहन करने वाले ग्रामीणों ने कहा कि विधायक योजनाओं के चयन में भेदभावक रहे है, जिस कारण अबतक राजपुर विस क्षेत्र में शामिल डुमरांव प्रखंड की पंचायतों का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। जबकि चुनाव के दौरान इस इलाके से उन्हें अच्छा मत मिला था। लेकिन, चुनाव जीतने के बाद उन्हें इस क्षेत्र की याद नहीं आई। पुतला दहन में कनझरूआं पंचायत के निरंजनपुर गांव निवासी मोहम्मद शहाबुद्दीन, तेज नारायण यादव, सुधन साह, मदन राम, अंजनी सिंह, मोहन चौहान, भृगुनाथ राय, ओम प्रकाश सिंह, मूटन राम, श्यामदेव राम, मदन पासवान और विनोद कुमार सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

**राजपुर सुरक्षित विस क्षेत्र में शामिल है डुमरांव की छह पंचायतें:** बता दें कि राजपुर सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र में डुमरांव प्रखंड का कोरानसराय, मुंगाव, मठिला, कनझरूआं, कसियां और अटांव पंचायत शामिल है। यह इलाका राजपुर से काफी दूर है तथा चुनाव जीतने के बाद शायद ही कभी विधायक विश्वनाथ राम इस इलाके के लोगों को दर्शन दिए हो। वही, उनकी योजनाओं में भी डुमरांव प्रखंड के पंचायतों की घोर उपेक्षा की गई है। यही कारण है कि इस इलाके के लोगों में विधायक के प्रति गहरा आक्रोश है। इसके पूर्व भी मठिला के छलका बधार में जलजमाव के मुद्दे पर विधायक के वादा खिलाफी के पर ग्रामीण व किसान आक्रोशित हुए थे। बता दें कि छलका बधार में जलजमाव के कारण सैकड़ो एकड़ में लगी फसल डूब जाती है तथा खेती प्रभावित होती है। चुनाव के समय विधायक ने इससे मुक्ति दिलाने का आश्वासन दिया था। लेकिन, चुनाव जीतने के बाद वे अपने वायदे पर खरा नहीं उतरें।

**मायावी राक्षस मारीच का निवास स्थल रहा है मारीच डीह:** बता दें कि मारीच डीह रामायणकालीन मायावी राक्षस मारीच का निवास स्थल रहा है। तब घने जंगलों से घिरे इस स्थान पर रहकर ही मारीच भगवान शिव की पूजा अर्चना भी करता था। कहा जाता है कि वह भगवान शिव का उपासक था तथा मायावी शक्तियों में उसका कोई तोड़ नहीं था। कहा जाता है कि जब प्रभु श्रीराम विश्वामित्र मुनी के आश्रम में आकर ताड़का व सुबाहु का वध किए थे तब उनके तीर से घायल मारीच घायल हो गया था तथा बाद में वह लंका चला गया था। सीता हरण के दौरान मारीच ही सोने का मृग बन रावण की सहायता किया था। आस पास के ग्रामीणों का कहना है कि आज भी रामायण तथा मारीच पर शोध करने वाले लोग मारीचडीह आते है। लेकिन, रामायणकालीन यह स्थल उपेक्षित पड़ी हुई है। इस स्थल की उपेक्षा से भी ग्रामीणों में विधायक के प्रति आक्रोश है।

### स्टेशन रोड में नया थाना से गोला बाजार रोड में बना रहता है हादसे का खतरा

## लापरवाही : शहर की जर्जर बिजली के तार, सर पर लटक रही मौत की तलवार



**केटी न्यूज/डुमरांव**

इक्कीसवीं सदी में बिजली सिर्फ एक साधन नही, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी है। इसे देख सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली देने की कवायद शुरू है। बिजली आपूर्ति में सुधार व घर-घर बिजली पहुंचाने का कार्य चल रहा है। फिर भी समस्याएं विकराल हैं। दशकों से जर्जर पड़े तार व जुगाड़ के सहारे हो रही आपूर्ति से हादसे को लेकर विभाग उदासीन है।

**नहीं बदला जा रहा जर्जर एलटी तार :** स्टेशन रोड में नया थाना से लेकर गोला बाजार रोड में बिजली के जर्जर तार की स्थिति ऐसी है जैसे सर पर मौत का तलवार लटक रहा है। धारा प्रवाहित तारों के टूटकर गिरने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों की इस परेशानी से बिजली विभाग पूरी तरह बेखबर है। सुनील पान दुकान के पास बिजली के पोल पर तारों का ऐसा गड़बड़ झाला है कि आए दिन चिंगारी निकलना तथा तार टूटकर गिरना आम बात है। यही हाल भीड़ वाले गोला बाजार की है। विभाग चाहे जितना भी दावा कर ले, सच्चाई यही है कि अभी भी शहर के कई मुहल्ले में दशकों पूर्व लगाए गए तार पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। जर्जर तार के सहारे बिजली की सप्लाई की जा रही है। बार-बार तार टूटकर गिरने से हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

- लोकल फाल्ट से बार बार गुल होती है शहर की बिजली की सप्लाई

**लोकल फाल्ट से बाधित होती है बिजली की सप्लाई :** जर्जर तारों के टूटने तथा लोकल फाल्ट से शहर की बिजली सप्लाई बार-बार प्रभावित होती है। सुबह में 6:00 बजे तथा रात 10:00 बजे के बाद शहर की बिजली लोकल फाल्ट की भेंट चढ़ जाती है। पूरे दिन की बिजली की आंखमिचौली का प्रमुख वजह लोकल फाल्ट बताया जाता है। इस चलते मानव बालों को भी काफी परेशानी होती है। लेकिन विभाग के पदाधिकारी पर पब्लिक एवं कर्मियों को परेशानी का कोई असर नहीं पड़ रहा।

**गर्मी से पूर्व शहर में किया गया था मेंटेनेंस का कार्य :** बताया जाता है कि बिजली कंपनी के द्वारा डुमरांव शहर व आसपास के इलाकों में गर्मी के पूर्व ही मेंटेनेंस का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन, फिलवक्त भी बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया जा सका। ऐसे में बिजली कंपनी के ऊपर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ऐसे में केशव टाइम्स न्यूज ग्रुप की टीम ने शहर के लोगों से बात की। जिसमें नगर वासियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### बिजली कंपनी पर बढ़ रहा लोगों का आक्रोश



"मेरे दुकान के सामने बिजली का 440 वोल्ट का तार वर्षों से जर्जर है। जिसके कारण हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके लिएं बिजली कंपनी के अधिकारियें से कई बांर संपर्क किया गया। लेकिन, आज तक कोई हल निकल सका।

– **अनिल कुमार, स्टेशन रोड**



"शहर में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण अब व्यवसाय भी चौपट हो रहा है। बिजली आपूर्ति सही नहीं होने के कारण ग्रहकों का इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान समय पर नहीं बन पाता है। जिससे ग्राहकों में भी आक्रोश बढ़ जाता है।

–**लाल बाबू, व्यवसायी, स्टेशन रोड**



"अमुमन शहर में बिजली आपूर्ति अनियमित रहती है। लेकिन, बरसात में जर्जर तार के कारण रोजाना लोकल फॉल्ट होता रहता है। कभी कभी पूरे दिन या पूरी रात बिजली आपूर्ति नहीं हो पाती। जिससे पढ़ाई भी बाधित होती है।

– **रोहित कुमार, छात्र**



"दशहरा आने वाला है। ऐसे में जर्जर रहो चुके तारों से हादसे की संभावना बनी रहेगी। इसके लिए बिजली कंपनी को चाहिए कि वो शहर में विशेषकर पूजा पंडालों के पास हो चुके जर्जर तारों को पुरी तरह से बदल दें।

– **रवि कुमार, व्यवसायी**

### एक फेज हाल ही में बदल गया है



"नया थाना से बाजार तक बिजली सप्लाई का एक फेज हाल ही में बदल गया है। पूरा तार बदलने की अनुशंसा की गई है। जैसे ही एलटी तार उपलब्ध होगा सभी जर्जर तार बदल दिए जाएंगे। नया थाना के पास ट्रांसफार्मर का लोड भी नियंत्रित किया जाएगा।

– **राकेश कुमार दुबे, सहायक अभियंता बिजली विभाग डुमरांव**

## आवेदन पर प्राथमिकी के बजाय पंचायती करने में लगी पुलिस

- मामला नया भोजपुर पैक्स बैंक से जमाकताओं का भुगतान बाधित होने का

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर में पैक्स द्वारा संचालित बैंक से जमाकताओं का भुगतान अभी भी बाधित है। आठ दिन पूर्व इस मामले में जमाकताओं द्वारा स्थानीय नया भोजपुर थाना को इस उम्मीद में लिखित शिकायत दी गई है कि त्वरित न्याय मिलेगा। पुलिस प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई के बजाय पंचायती कर रही है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार का कहना है कि सोमवार से जमाकताओं का पैसा भुगतान बैंक द्वारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा लोन राशि के रिकवरी की जा रही है। उधर रविवार को अवकाश के दिन भी बैंक के जमाकर्ता पूरे दिन राशि भुगतान के उम्मीद में बैंक के इर्द-गिर्द इस उम्मीद में चक्कर लगाते रहे की मीडिया के चलते चर्चा में आए इस प्रकरण में बैंक की क्रियाशीलता बढ़ेगी तथा भुगतान की प्रक्रिया शुरू होगी।

**परेशानियों से गुजर रहे हैं जमाकर्ता :** नया भोजपुर के रवि शंकर गुप्ता का कहना है कि हमारे 40 हजार रुपए की राशि का मेच्योरिटी एक वर्ष पूर्व हो चुका है। भुगतान आज तक नहीं हुआ। इस बीच बीमार मां रेणु देवी का इलाज के अभाव में तीन माह पूर्व निधन हो गया। मां के श्राद्ध कर्म से निवृत नहीं हुए की पिता सुरेंद्र हलवाई को कैंसर की शिकायत आ गई। उनके इलाज के लिए रवि शंकर ने एक बार फिर बैंक का खूब चक्कर लगाए। बैंक में पासबुक के अलावा भुगतान वाउचर



पर यह कह कर हस्ताक्षर कर लिया कि जैसे ही लोन राशि की रिकवरी होगी आपका पैसा घर पहुंचा दिया जाएगा। पैसा आज तक नहीं मिला। 7 सितंबर को सुरेंद्र हलवाई का निधन हो गया। फिलहाल पूरा परिवार किसी तरह उनके श्राद्ध कर्म की तैयारी में लगा है। सब्जी की दुकानदारी कर अपनी जीविका का चलाने वाले ललन तुरहा की बेटी की शादी पैसे के भाव में प्रभावित है तो मनजी तुरहा, सतन साह, माखन प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र कुशवाहा, राजकुमार प्रजापति, सुनील तुरहा जैसे लोग मैच्योरिटी पूरा होने पर महीनों बाद भुगतान के लिए बैंक का चक्कर लगा रहे हैं।

**जमाकताओं के लिए अहम है आज का दिन :** नया भोजपुर पैक्स बैंक के जमाकताओं के लिए सोमवार का दिन काफी महत्वपूर्ण है। नया भोजपुर थानेदार का कहना है कि सोमवार से बैंक द्वारा खाताधारकों के पैसे का भुगतान किया जाएगा। इसलिए सबकी उम्मीद बैंक की तरफ बढ़ी है। दूसरी तरफ पैक्स अध्यक्ष मेराज खान ने भी सोमवार को बैंक के लोनधारकों के साथ बैठक करने की बात कही है। अध्यक्ष ने बताया है कि पैक्स तथा बैंक कार्यकारिणी की भी बैठक होगी। जिसमें इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। उम्मीद है कि इस बैठक में अध्यक्ष द्वारा कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर जमाकताओं के बकाया भुगतान के संदर्भ में कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा।

## स्टेशन पर परेशानी का कारण बन रहे हैं ई-रिक्शा चालक

- बेतरतीब ई रिक्शा लगने से स्टेशन रोड की सड़क पर लगता है जाम
- जाम से निजात दिलाने में विफल है रेलवे व लोकल प्रशासन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ई रिक्शा की व्यवस्था पूरी तरह बेलगाम है। दुर्गा मंदिर से लेकर पूर्वी रेलवे गुमटी तक बेतरतीब ढंग से ई रिक्शा खड़ा किया जाता है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति पूछताछ कार्यालय के पास की होती है। एक कतार में खड़े ई रिक्शा के चलते रेल यात्रियों को सीढ़ी के सहारे प्लेटफार्म तक आने-जाने में काफी परेशानी होती है।

विरोध करने पर कई दफे नौबत लड़ाई झगड़ा की आ चुकी है। यही स्थिति दुर्गा मंदिर के सामने सड़क पर होती है। यहां दो-तीन कतार में ई-रिक्शा खड़ा कर दिए जाने से पैदल चलने का भी रास्ता नहीं बचता है। इस चलते हर समय दुर्गा मंदिर के पास जाम लगा रहता है। ई रिक्शा का स्टेरिंग ज्यादातर असामाजिक तथा नाबालिक बच्चों के हाथ में है। 2 दिन पूर्व ऐसी ही मनमानी पर चिक टोली तथा सिलकुटवा बस्ती के ई रिक्शा चालकों के बीच जमकर मारपीट की घटना हो चुकी है। इनके पास उचित ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।

**उदासीन है प्रशासन का रवैया :** स्टेशन पर ई रिक्शा के बेलगाम व्यवस्था पर स्थानीय प्रशासन की रवैया काफी उदासीन है। रेलवे द्वारा भी रेलयात्रियों की परेशानी को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में रेल यात्री डरे सहमें प्लेटफार्म पर पहुंचते हैं। जबकि जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए तत्परता का दंभ भरने वाला स्थानीय प्रशासन बेलगाम ई रिक्शा चालकों पर लगाम लगाने को तैयार नहीं है। जितना पुलिस प्रशासन इस मामले में उदासीन है उससे कहीं अधिक सिविल प्रशासन भी बेलगाम ई रिक्शा चालकों पर लगाम नहीं लगा रहा है। जिस चलते शहर की जनता ई रिक्शा चालकों के मनमानी तथा गलत परिचालन से दुर्घटना का शिकार होकर जख्मी हो रहे हैं।

### भाजपा ने डुमरांव में बैठक कर ग्रामीण मंडल और नगर के कार्यकर्ता हुए शामिल

## कार्यकताओं को सदस्य बनाने का दिया टॉस्क, अभियान तेज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भाजपा कार्यकताओं व नेताओं ने सदस्यता अभियान को लेकर सदस्य बनाने में अपनी पूरी ताकत को झोक दिया है। इसकों लेकर शीर्ष नेताओं के साथ स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। इसी सदस्यता अभियान को लेकर नगर में प्रदेश सदस्यता प्रभारी ओमप्रकाश भुवन के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी ने इस पर प्रकाश डालते हुए कहा की हर बूथ पर हमें कम से कम दो सौ कार्यकताओं को सदस्य बनना है। सदस्य बनाने के लिए आपको सबसे पहले उसे समझाना पड़ेगा, जिसका उस पर प्रभाव पड़े।

इसके लिए हमारे प्रधानमंत्री द्वारा किये जा रहे कार्य और उसकी



उपलब्धियों को बताना होगा। आने वाले दिनों में उन्हें भाजपा की सरकार से कितना सहयोग मिलेगा बताने के बाद लोग प्रभावित होंगे। फिर सदस्य बनने के लिए तैयार होंगे। जो लक्ष्य मिला है, उसके अनुसार कार्य को आगे बढ़ाना है। फिर सभी को कमिटी बनाकर आपसी तालमेल बनाते हुए सदस्यता अभियान चलाना है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेत्री पिंकी पाठक व पवन जायसवाल को 180 सदस्य बनाने पर अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर जिला प्रभारी अशोक भट्ट, लोसभा प्रभारी संतोष पटेल, विधान सभा सदस्यता प्रभारी राजू कुशवाहा ने भी अपनी बात रखी। मौके पर बलराम पांडेय, प्रो. श्यामनारायण राय, रमेश सिंह कुशवाहा, तिलकधारी मिश्र, रोहित सिंह, मनोज पाठक, अनिल साव, संतोष दूबे, संजय पासवान, राजू यादव, अभिषेक रंजन, मुखिया सिंह कुशवाहा, सतीश चंद्र राय, नंद भारती सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

**भाजपा का सदस्य बनाने का अभियान चलाया गया :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान 2024 को सफल बनाने हेतु बक्सर लोकसभा के पूर्व ठऊअ प्रत्याशी सह बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने बक्सर विधान सभा के विभिन्न स्थलों पर सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल होकर सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान निषाद समाज के सैकड़ों परिवारों सहित ग्रामीणों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं देश के हर एक गरीब परिवार की चिंता करते हैं। जबतक देश के हर एक परिवार का उत्थान नही हो जाता देश विकसित देश नही बन सकता। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा की सदस्यता लेने के लिए हर एक व्यक्ति में उत्साह है। देश के हर एक व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार बक्सर जिले से 3 लाख से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है और इस कार्य में पार्टी के कार्यकर्ता लगातार प्रयासरत हैं। मौके पर सतीश त्रिपाठी, सोनू राय, अमित सिंह, अजय वर्मा, करण सहनी, अमित पांडेय शिवजी खेमका, जय प्रकाश राय, धनंजय राय, विंध्याचल पाठक व अन्य मौजूद रहे।



# सोनपुर मेले में एडवेंचर स्पोर्ट्स, बाइक राइडिंग, प्रसिद्ध हस्तियों के साथ होगा टॉक शो; हर हफ्ते आएंगे स्टार कलाकार

- सोनपुर मेला के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक
- 13 नवंबर से 14 दिसंबर तक होगा इस मेले का आयोजन



**केटी न्यूज/छपरा**

विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला के आयोजन को लेकर सोनपुर अनुमंडल सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सदस्यगण, जिला एवं अनुमंडल स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी में डीएम और एसपी ने बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष मेला में परंपरा के साथ साथ आधुनिकता का समावेश किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष सोनपुर मेला 13 नवंबर से शुरू होकर 14 दिसंबर 2024 तक चलेगा। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण फीडबैक एवं सुझाव प्राप्त किया गया। सड़कों एवं स्ट्रीट लाइटों की मेला से पूर्व मरम्मती कराने, सोनपुर में स्थाई सीसीटीवी, पर्यटकों के विश्राम हेतु टेंट सिटी का निर्माण, नजदीक के जिलों से मेला स्पेशल बस सेवा आदि जैसे सुझाव दिये गए।

घुड़दौड़ जैसे पुराने पारंपरिक खेल को पुनः शुरू कराने का अनुरोध किया गया। मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने, स्थाई शौचालयों की मरम्मती तथा गुणवत्तापूर्ण अस्थाई शौचालयों के निर्माण की आवश्यकता बताई गई।लेजर एंड साउंड शो के आयोजन का भी सुझाव दिया गया। ऐतिहासिक सोनपुर मेले पर आधारित डाक टिकट जारी करने हेतु भी प्रयास किया जायेगा। मंदिर आरती का लाइव प्रसारण की व्यवस्था हो। कम्युनिटी पुलिसिंग को कारगर तरीके से सुनिश्चित किया जाय।जिला प्रशासन, सारण पर्यटन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सोनपुर मेला के उद्घाटन एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने हेतु अनुरोध करेगा।

**सभी सुझावों का क्रियान्वयन किया जायेगा :** जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर अमल योग्य सभी सुझावों का क्रियान्वयन किया जायेगा। सोनपुर मेले में बुनियादी ढांचे और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन आदि के लिये निविदा के माध्यम से कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही मेला परिसर में साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था और टेंट/पंडाल के लिए भी अलग-अलग टेंडर जारी किए जाएंगे। वहीं, मेले में आने वाले मेहमानों और पशुओं के लिए पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। चौबीसों घंटे एम्बुलेंस सुविधा के साथ-साथ पशु चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। सोनपुर मेला स्थल पर आपदा प्रबंधन टीम और भगदड़ नियंत्रण दल भी मौजूद रहेंगे।

**पूर्णिमा स्नान के दौरान शौचालय और चेंजिंग रूम की रहेगी व्यवस्था :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था रहेगी। इस साल फुटबॉल और क्रिकेट के साथ-साथ नए एडवेंचर स्पोर्ट्स भी मेले का हिस्सा होंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध हस्तियों का टॉक शो भी आयोजित किया जायेगा। पुस्तक मेला के आयोजन हेतु भी प्रयास किया जायेगा। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।पुलिस जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाएगी। छेड़छाड़ के मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

बैठक में सोनपुर विधायक, पुलिस अधीक्षक, पूर्व विधायक, अध्यक्ष नगर पंचायत सोनपुर, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर, हरिहर नाथ मंदिर प्रबंधन के विभिन्न पदधारक, विभिन्न क्षेत्रों के स्थानीय प्रतिनिधिगण, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सोनपुर, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**छपरा।** छपरा सिवान मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसा दाउदपुर थाना अंतर्गत नंदलाल सिंह कॉलेज के समीप हुआ। जिसमें एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार चार व्यक्ति अपने सम्बन्धी को लाने के लिए छपरा जंक्शन जा रहे थे। तभी रास्ते में नंदलाल सिंह कॉलेज के समीप स्कार्पियो अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे आ गई, जिसमें आगे बैठे 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वहीं चालक समेत अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए स्थानीय पुलिस एवं राहगीरों द्वारा छपरा सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान महाराजगंज के भीखा बांध निवासी अभय उपाध्याय के रूप में हुई।

### चेन्नई से नाबालिग बरामद, युवक गिरफ्तार

**जहानाबाद।** टेहटा थाना की पुलिस ने नाबालिग बच्ची के अपहरण मामले में चेन्नई जाकर युक्ति को बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर थाने लाया है। जानकारी देते हुए डीएसपी सह थानाध्यक्ष निशांत कुमार ने बताया कि बच्ची के पिता द्वारा आवेदन दिया गया था कि उनकी बच्ची घर से ट्यूशन पढ़ने गई थी। जब वापस घर नहीं लौटी उन्होंने अपनी नाबालिक बच्ची के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। मामले में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की टेहटा थाना क्षेत्र के गंगासागर गांव निवासी रंजीत कुमार युक्ति का अपहरण कर चेन्नई ले गया है। खबर मिलते ही डीएसपी निशांत कुमार द्वारा टीम का गठन कर टेहटा पुलिस को चेन्नई भेजा गया और वहां से पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस बच्ची को थाने लाई और कागजी कार्रवाई करने के बाद उसे परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं, युवक को जेल भेज दिया गया।

### पूर्व शराब कांड का अभियुक्त धराया

**दिनारा।** पुलिस ने पूर्व शराब कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरना निवासी जितेंद्र पासवान को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 246/24 के आलोक में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था।

### कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नसरीगंज।** पुलिस ने एक कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सनौत निवासी धनजी सिंह के पुत्र विधि विरुद्ध बालक को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में 124/24 के आलोक में मामला दर्ज था।

## संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव मोड़ के समीप रविवार की सुबह घटी घटना

# हथियारबंद अपराधियों ने बाइक सवार उप मुखिया को मारी गोली

- जख्मी युवक का आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज
- घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव मोड़ के समीप रविवार की सुबह बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने लूना बाइक से बाजार करने जा रहे वर्तमान उप मुखिया सह वार्ड पार्षद को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड पेट के पिछले हिस्से में मारी गई है। जो बाएं साइड से आर पार हो गई है। गोली लगते ही वह लूना बाइक से खून से लतपथ होकर जख्मी हालत में गिर पड़े।

वही उनके पॉकेट से गिरे मोबाइल द्वारा फोन कर इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। उधर घटना की सूचना मिलते ही संदेश थानाध्यक्ष संतोष कुमार पुलिस बल के साथ फॉरेन घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है।

घटना की सूचना पाकर परिजन आननफानन में घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले आए जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी उप मुखिया सह वार्ड पार्षद दीपक कुमार केसरी ने गांव में अपने किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। हालांकि उक्त हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें गोली क्यों मारी। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वही इलाज कर रहे हैं सर्जन चिकित्सक डॉ. विकाश सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली पेट के पिछले हिस्से में दाहिने साइड से मारी गई है जो बाएं साइड से निकल गई है। गोली लगने के कारण उनका आंत क्षतिग्रस्त हो गया है। तत्काल ऑपरेशन कर उनके डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है। हालांकि उन्हें अभी ऑब्जर्वेशन में ही रखा जाएगा।

### इलाके के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही स्थानीय पुलिस

घटना के बाद पुलिस द्वारा आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव निवासी नथू साह के 32 वर्षीय पुत्र सह खंडल पंचायत के उप मुखिया सह संदेश गांव के वार्ड नंबर 14 के वार्ड पार्षद दीपक कुमार केसरी है। वह पेशे से किराना दुकानदार हैं एवं गांव में ही अपना किराना का दुकान चलाते है। इधर जख्मी युवक ने बताया कि वह गांव में ही किराना दुकान चलाते हैं। वह हर रोज की तरह शनिवार की सुबह भी अपने लूना बाइक पर सवार होकर बाजार करने के लिए संदेश बाजार जा रहे थे। जाने के क्रम में जैसे ही वह अपने घर से सौ मीटर आगे फुलाड़ी मोड़ के समीप पहुंचे। तभी एक अपाचे बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी पीछे से आए और उन्हें गोली मार कर भाग निकले। इसके बाद उनके पॉकेट से गिरे उनके मोबाइल से एक स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई।

## जिले के 14 एचडब्ल्यूसी पर टीकाकरण कॉर्नर की हुई शुरूआत

**जहानाबाद।** टीकाकरण के लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति हेतु जिले में 14 इम्यूनाइजेशन कॉर्नर का हुआ शुभारंभ रविवार को सदर प्रखंड के कल्पा स्थित एपीएचसी सह हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 14 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई है जिससे बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाया जाएगा टीकाकरण सप्ताह में तीन दिन क्रमशः सोमवार मंगलवार एवं गुरुवार को होगा। डीआईओ डॉ प्रमोद कुमार ने बताया अभी पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक प्रखंड के दो हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर टीकाकरण की शुरूआत की गई है जिस पंचायत में छूटे हुए गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से लेकर 5 साल तक के बच्चों का टीकाकरण होगा बाद में सारे हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर इसे लागू किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी लाभ मिलेगा। मौके पर यूनिसेफ एसएमसी संजीत रंजन एवं बीएमसी अविनाश कुमार, डब्लूएचओ कुलशेखर कुमार, डीएचएम मोहम्मद खालिद हुसैन, जिला आशा मैनेजर धीरज कुमार, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी चंद्रशेखर, वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर आशुतोष कुमार, एमओआईसी डॉ. प्रभात कुमार, एचएम सिकरिया अनूप कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवक को पीट पीटकर मार डाला शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

- बिहिया के बगही गांव के नट टोला स्थित चिमनी भट्ठा के पास मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में युवक का पीट-पीटकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद किया गया है। उसका शव बिहिया थाना क्षेत्र के बगही गांव के नट टोला स्थित चिमनी भट्ठा के पास बरामद किया गया है। मृतक के शरीर में बाएं बाहं पर खरोच का निशान एवं सिर के पिछले भाग पर फटे का निशान पाया गया है। जिसके कारण परिजन द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर शव को फेक जाने का आरोप लगाया जा रहा है। शव के मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है।

मृतक कारनामेपुर थाना क्षेत्र के कारनामेपुर गांव निवासी स्व.बालेश्वर नट का 30 वर्षीय पुत्र सोनू नट है। वह वर्तमान में बिहिया थाना क्षेत्र के बगही नट टोला में रहता था एवं वह पेशे से मवेशी खरीद बिक्री का काम करता था। इधर मृतक के बड़े भाई संजय नट ने बताया कि वह पटना में रहते हैं। जबकि अन्य भाई कारनामेपुर गांव में रहते हैं। उसकी पट्टीदार में लग रही बहन से ही संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। वह शनिवार की दोपहर अपने गांव कारनामेपर से बगही नट टोला अपने घर आया था। जहां उसकी पट्टीदार में लग रही बहन व उसके बेटे द्वारा अपने अन्य लोगों के साथ मिलकर ईट-पत्थर से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद सभी लोग वहां से फरार हो गए। इसके बाद वहां के स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

## सीआईएसएफ के जवान का शव पहुंचते मची चीत्कार, शव यात्रा में उमड़ी भारी भीड़

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले के लाल और सीआईएसएफ जवान की हरियाणा में ड्यूटी के दौरान मौत होने पर पूरे इलाके के मातमी सन्नाटा पसर गया। रविवार को सीआईएसएफ जवान कमलेश कुमार यादव का शव आते ही शहर देवरिया मोहल्ले में लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जवान का शव पहुंचते ही घर में चीख-पुकार मच गयी। वही अपने सपूत के अंतिम दर्शन और पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि देने के लिए लोग टूट पड़े।

दरअसल घोसी प्रखंड के भखारा गांव निवासी कमलेश यादव सीआईएसएफ जवान हरियाणा के यमुनानगर में कार्यरत थे। जहां 13 सितंबर को ड्यूटी के क्रम में अचानक हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। सीआईएसएफ के अधिकारियों के द्वारा इस बात की सूचना परिवार के लोगों को दी। गांव के लोगों को सीआईएसएफ जवान की मौत की सूचना जैसे ही मिली इलाके में मातम पसर गया। पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव भखारा ले जाया गया जहां सीआईएसएफ जवानों के द्वारा पार्थिव शरीर को सलामी दी जाएगी। इसके बाद दाह संस्कार किया गया। अपने माता-पिता के दो पर भाइयों में बड़े कमलेश की नौकरी लाभ 9 वर्ष पूर्व सीआईएसफ में हुई थी। जिसके बाद पूरा परिवार खुशहाल था। पिता सिंचाई विभाग में कार्यरत थे। जो तत्काल सेवानिवृत्ति के बाद अपने घर पर रह रहे थे। वहीं दूसरा भाई अमरेश अभी पढ़ाई कर रहा है। ऐसे में कमलेश के मौत के बाद पूरे परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक जवान के भांजा ने बताया कि कमलेश भाई में बड़ा रहने के कारण अपनी जिम्मेवारी से कार्य कर रहा था। एक माह पूर्व ही वह छुट्टी पर आये थे। और वह बहुत ही सरल स्वभाव के थे। उनकी एक पुत्री एवं एक पुत्र भी है जिसकी उम्र 16 वर्ष एवं पुत्र की उम्र 10 वर्ष है। तत्काल बेटी बोर्ड का एग्जाम पास कर चुकी है। वही बेटा मध्यम क्लास में पढ़ाइ कर रहा है। घटना के दिन ही वह फोन कर घर के लोगो से बातचीत की थी और घर के लोगो का हालचाल जाना था।

## प्रसिद्ध गणितज्ञ प्रोफेसर एस के मिश्रा की 30 वीं पुण्य तिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में मनाई गई

# यह कैम्प हमारे विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम: वीसी

- बिग अपोलो हॉस्पिटल पटना के द्वारा एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन

**केटी न्यूज/आरा**



प्रसिद्ध गणितज्ञ प्रोफेसर एस के मिश्रा की 30 वीं पुण्य तिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के साइंस ब्लॉक के गणित विभाग में मनाई गई। उक्त अवसर पर प्रोफेसर एस के मिश्रा फाउंडेशन के माध्यम से बिग अपोलो हॉस्पिटल पटना के द्वारा एक दिवसीय मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र चतुर्वेदी की बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि समारोह का शुभारम्भ कुलसचिव प्रोफेसर रणविजय द्वारा प्रोफेसर एस के मिश्रा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया एवं अपने उद्गार व्यक्त किए। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा यह कैम्प हमारे विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे हम अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रो. शिव कुमार, साइंस प्रो. गुरदयाल, प्रो. दीपक, प्रो. दीपक प्रकाश, सुरेंद्र सिंह, ब्रजेश, प्रो. ललित सागर इत्यादि ने अपने उद्गार व्यक्त किए एवं प्रोफेसर एस के मिश्रा जी को पुष्पांजलि अर्पित किए। सभा की अध्यक्षता प्रो. शिव जी डीन ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. गुरूदयाल ने की। मंच संचालन प्रो. दीपक मांझी ने किया। वहीं विश्वविद्यालय की छात्रा ने स्वागत गान एवं सभी अतिथि का स्वागत किया। छात्रों में डोनि सिंह की मुख्य भूमिका रही। वहीं गणित विभाग प्रो. एसके मिश्रा अमर रहे के गगनभेदी नारों से गुंजायमान रहा।

कैम्प में विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉक्टरों ने अपनी विशेषज्ञता के अनुसार मरीजों की जांच की और उन्हें उचित सलाह और उपचार प्रदान किया। डॉ. अमित कुमार सिन्हा ने कहा यह कैम्प हमारे लिए एक अवसर है जिससे हम विश्वविद्यालय के समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। हमें उम्मीद है कि यह कैम्प विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके लिए संस्था के अध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र कुमार सिंह, डॉ अमित मिश्रा, ई. निशित, ई. मनीष एवं राजीव रंजन पांडेय, दया शंकर त्रिपाठी विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

## एक नजर

### जनसुराज की छपरा नगर कार्यवाहक समिति की घोषणा, बैठक में लिए गए निर्णय



**छपरा।** शहर के पटेल छात्रावास में रविवार को जनसुराज कार्यवाहक समिति की घोषणा जनसुराज संयोजक प्रियरंजन युवराज की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए जिला संयोजक प्रियरंजन युवराज ने कहा कि बिहार में अगली सरकार जनसुराज की बनेगी। क्योंकि बिहार की जनता चाचा भतीजा और डबल इंजन की सरकार से ऊब चुकी है। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के लिए जनसुराज की सरकार आवश्यक है। आगामी 2 अक्टूबर को पार्टी का गठन पटना के धरती पर होगा। जिसमें छपरा जिला से दस हजार लोग शामिल होंगे। जिसमें छपरा नगर निगम से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। साथ ही अगामी चुनाव में बड़ी सफलता के लिए आम आदमी को स्थानीय मुद्दों और अपने बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए मतदान करने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। इस बैठक मे नगर अध्यक्ष के पद पर रामाकांत डब्लू, महासचिव संजीव रंजन, युवा अध्यक्ष सरताज खां, महिला अध्यक्ष प्रीति रानी समेत 251 सदस्यीय कमिटी की घोषणा की गई। मौके पर मुन्ना भवानी,सुरेश सिंह, कन्हैया सिंह, कुमार शिवम, ई० अजित सिंह, राजीव चौहान, ओमप्रकाश गुप्ता, गणेश सिंह, अजय शर्मा, विजय कुशवाहा, संतोष महतो आदि उपस्थित थे।

### ईद-ए-मिलाद उन नबी को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**बिक्रमगंज।** शनिवार की देर संध्या एसडीएम अनिल बसाक व एसडीपीओ कुमार संजय ने 16 सितंबर को जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक की। उक्त दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने जश्न ए मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर कमेटी के सदस्यों से जुलूस को लेकर निश्चित मार्ग के संबंध में जानकारी ली । इस पर कमेटी के सदस्यों ने पूर्व से निर्धारित मार्ग से जुलूस ले जाने की बात पर सहमति जताई । इस दौरान एसडीएम ने समय से शांतिपूर्वक जुलूस निकालने की अपील की । जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस ईद मिलादुन्नबी सुबह 9:00 बजे निकाला जाएगा। बिक्रमगंज के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से जुलूस निकाला जाएगा। जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि- व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद रखना, निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम को लेकर कमेटी के सदस्यों को आश्वासन दिया । एसडीएम ने भी सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की ।साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कहीं। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना की आशंका पर पुलिस प्रशासन से संपर्क करने की अपील की। बैठक में अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष के अलावे शांति समिति के सदस्यों व अन्य जनप्रतिनिधियों की सराहनीय उपस्थिति रही ।

### गैर कानूनी : खतियान के नाम पर अवैध रुपए मांगने वाला उच्च वर्गीय लिपिक निलंबित

**कैमूर।** जिलाधिकारी सावन कुमार ने खतियान की नकल-नवेशी हेतु अवैध राशि मांगने के आरोप में अंचल कार्यालय दुर्गावती में उच्च वर्गीय लिपिक हरीनारायण राम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। लिपिक श्री राम पर आरोप है कि उन्होंने खतियान की नकल-नवेशी हेतु अवैध राशि की मांग की थी। जिसका विडियो एक समाचार चैनल पर प्रसारित किया गया था। जांच में प्रथम दृष्टया श्री राम पर लगा आरोप सही पाया गया। श्री राम का उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, भ्रष्ट आचरण एवं बिहार सरकार सेवक आचरण नियमावली 1976 के निहित प्रावधानों के प्रतिकूल पाया गया। बिहार सरकारी सेवक नियमावली -2005 के प्रावधानों के आलोक में हरीनारायण राम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। इस मामलों में श्री राम को 15 दिनों में साक्ष्य के साथ अपना पक्ष रखने को कहा गया है।

### बरफात और विश्वकर्मा पूजा को लेकर पुलिस व प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**सासाराम।** नगर पंचायत रोहतास में रविवार को शाम एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह एवं एसडीपीओ टू वंदना कुमारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पटखौलिया मठ हनुमान मंदिर सद्भावना चौक मुख्य बाजार मदरसा चौरंगी गायत्री मंदिर मोड होते हुए थाने पर खत्म हुई। एसडीएम ने सभी लोगों को शांति एवं सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की। वहीं किसी तरह की अराजकता ना हो उसके लिए सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात करने को कही। सोशल मीडिया एवं अन्य व्हाट्सएप इंस्टाग्राम फेसबुक पर प्रशासन की विशेष निगरानी रखने को दिशा निर्देश दिया । फ्लैग मार्च में दोनों समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया एवं शांति सद्भाव से पर्व मनाने का अधिकारियों को आश्वासन भी दी। फ्लैग मार्च करते थाना अध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद अंचलाधिकारी सुश्री कुमारी बीडीओ बबलू कुमार सादिक रजा खान फैसल खान संतोष कुमार भोला एंव अन्य।

# बेटियां छोटे जनपद से निकलकर बड़े कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं: भूपेंद्र चौधरी

♦ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के हाथों स्कूटी पाकर दोनों बहनों के खिले चेहरे, जताया आभार

**केटी न्यूज/बलिया**

राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 की स्वर्ण पदक विजेता अखार निवासी दीपाली राय एवं प्रीति राय को रविवार को नगर स्थित एक मैरिज हाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर सम्मानित किया। प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह के सौजन्य से प्रदान की गई स्कूटी को प्रदेश अध्यक्ष ने भव्य सम्मान समारोह में दोनों बहनों को दिया। दोनों को अंगवस्त्रम व मोमेंटो से भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूटी पाकर दोनों बहनों के चेहरे खिल उठे। दोनों खिलाड़ियों ने परिवहन मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि स्वर्ण पदक विजेता बेटियों को सम्मानित कर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। दोनों बहनों ने इस छोटे से जनपद से निकल कर राष्ट्रीय फलक पर जो कीर्तिमान स्थापित किया वह सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ऐसे



मेधावियों को सम्मानित कर परिवहन मंत्री ने काफी सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में मंत्री दानिश आजाद अंसारी, बांसडीह की विधायक केतकी सिंह, जिलाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, आनंद स्वरूप शुक्ल, धनंजय कन्नौजिया, पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, भरत सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। बसंतपुर स्थित कार्यक्रम के दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अनुज धर्मेंद्र सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष को अंगवस्त्रम व प्रभु श्रीराम का फोटो दिया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी की तुलना अंग्रेजों से की

**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने रविवार को कांग्रेस पार्टी की तुलना अंग्रेजों से की। कहा कि अंग्रेजों की तर्ज पर देश में जाति तथा भाषा के नाम पर विभाजन कांग्रेस जैसी पार्टी को ही सूट करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे देश को लंबे समय तक गुलाम करने वालों ने हमारी सभ्यता एवं संस्कृति को जिस प्रकार से रौंदने का काम किया उसके उपरांत सत्ता में आने वाली पार्टी का भी वही एजेंडा रहा। जिले के बसंतपुर गांव में रविवार को पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यहां भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भूपेंद्र चौधरी ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि श्लंबे समय तक देश में राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी ने समाज के जिस प्रकार से देश को विभाजित कर के रखा। आप देखते होंगे अलग - अलग राज्यों की भाषा,अलग -अलग राज्यों की प्रथाएं हैं। अलग -अलग जाति तथा भाषा के नाम पर विभाजन, कांग्रेस जैसी विभाजनकारी राजनीति करने वाली पार्टी को शूट करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह जानती थी कि देश में इतनी सामाजिक एवं भाषाई विविधताएं हैं कि कोई राष्ट्रीय पार्टी खड़ी नहीं हो पाएगी।

## एक नजर

### भाभी के हत्यारोपी चढ़े पुलिस के हत्थे




**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के राजपुत नेवरी गांव में बीते दिनों हुई एक महिला की हत्या के मामले में हत्यारोपी को शहर कोतवाली पुलिस ने रविवार की दोपहर माल गोदाम रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम कृष्णा गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ता निवासी राजपूत नेवरी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिनों राजपूत नेवरी गांव में दो देवरों ने पत्थर से प्रहार कर भाभी को मौत की घाट उतार दिया था। मामले में दो देवरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मामले में एक आरोपी देवर को रविवार की दोपहर माल गोदाम रोड के पास से गिरफ्तार करने के साथ ही संबंधित धाराओं में न्यायालय भेज दिया गया।

### शराब तस्करी में चार थे पार्टनर, एक गिरफ्तार

**बैरिया।** चांद दियर पुलिस ने 30 पेटी 8 पीएम फ्रूटी अंग्रेजी शराब शोभा छपरा मठ धजु गिरी मार्ग पर उस समय बरामद कर लिया जब तस्कर मोटरसाइकिल पर शराब लेकर बाबू के डेरा के रास्ते बिहार जा रहे थे। पुलिस के अनुसार शराब की कीमत 2 लाख रुपए है। चौकी इंचार्ज चांद दियर सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि रमेश कुमार शाह निवासी बड़का बैजू टोला थाना बैरिया मोटरसाइकिल पर 10 पेटी 8 पीएम शराब लेकर बिहार जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। उसके बताने पर बगल के मक्का के खेत में छिपाकर रखी गई 20 पेटी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार शराब तस्कर रमेश कुमार शाह ने बताया कि मेरे साथ भानु सिंह, विवेक सिंह, चंदन सिंह निवासी रिवीलगंज भी इस व्यवसाय में शामिल है। यह शराब वही लोग लेकर जा रहे थे, पुलिस की सूचना पर मक्का के खेत में रखकर गायब हो गए। पुलिस ने चारों आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इन दिनों डीआईजी के पेंच कसने के बाद सड़क की बजाएं नदी के रास्ते शराब तस्करी हो रही है। उक्त शराब नदी के रास्ते हैं बिहार ले जाने की योजना थी, जबकि मुखबिर की सूचना पर रास्ते में ही इसे पुलिस ने जप्त कर लिया।

### आरक्षण के अधिकार का हनन बर्दाश्त नहीं : मुकुल




**बलिया।** आरक्षण समाप्त किए जाने के विरोध में नई दिल्ली में लाखों की तादाद में जमा हुए दलित समाज के लोगों के बीच में एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मुकुल देशमुख व प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने आरक्षण का समर्थन किया। इस मौके पर प्रदेश संयुक्त सचिव मुकुल देशमुख ने कहा कि मैं दलित समाज का व्यक्ति हूं। केंद्र की सरकार आरक्षण को खत्म करना चाहती है, जो बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमें दिया है। यह सामंती लोग सदियों तक हमारा शोषण करते रहे और आगे भी हमारा हक और अधिकार छीनना चाहते हैं। हम इसके विरुद्ध संघर्ष करेंगे। लाखों की तादाद में जुटे हुए नौजवान इस बात के गवाही देते हैं कि हम किसी भी कीमत पर आरक्षण के विरुद्ध चलाए जा रहे सरकार के षड़यंत्र को कामयाब नहीं होने देंगे। हमारे नेता बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब आरक्षण के समर्थक हैं, दलित पिछड़े आदिवासियों के देश के सबसे बड़े नेता हैं, समय-समय पर वह दलित हित में तमाम लड़ाइयां लड़ते हैं, एक दिन हम लोग बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब को इस देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे।

### 2027 में भाजपा का होगा सूपड़ा साफ: कान्हजी



**बलिया।** मेडिकल कॉलेज के हवा–हवाई घोषणा किए जाने पर सपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील पांडेय कान्हजी ने रविवार को सिविल लाइन स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता कर भाजपा को जमकर आड़ेहाथ लिया। कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा के नेता सब अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और अनाप–शनाप बयान दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी जनता के बीच इतनी लोकप्रियता के साथ खड़ी है कि बीजेपी के धुवीकरण की चाल भोथरी साबित हो रही है। बताया कि बीजेपी का समय खत्म हो चुका है। जनता जान चुकी है कि ये बीजेपी सिर्फ खोखला भाषण देती है और जनता जनार्दन को बरगलाती है। बलिया में आज पांच वर्षों से मेडिकल कॉलेज की घोषणा हो रही है, लेकिन अभी तक मेडिकल कॉलेज बन नहीं पाया। बताया कि 2024 का लोकसभा चुनाव में भाजपा उप्र में सिर्फ हाशिए पर आई है, 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

### भाजपा सदस्यता अभियान की गति तेज

**गाजीपुर।** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के आने के बाद भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान अब तेज गति पकड़ लिया है। सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को मिस्ड कॉल के माध्यम से सदस्यता ग्रहण करा रहे है। रविवार को जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने नगर मंडल के बूथ संख्या 228 व 234 दो बूथों पर रहकर जहां सदस्यता ग्रहण कराया और कहा कि देश भारतीय जनता के नेतृत्व नित्य नहीं प्रगति कर रहा है। देश का सम्मान और आर्थिक विकास दर लगातार बढ़ रहा है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने सैदपुर विधानसभा में प्रवास करते हुए सैदपुर पश्चिमी मंडल के बूथ संख्या 197 जैनपुर , बूथ संख्या 21 सौना, सिंगारपुर, नेवादा, फरीदहा आदि गांवों मे सदस्यता कराया तथा कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा सदस्यता कराने का आग्रह किया और कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व क्षमता आज देश की गरिमा को गौरव प्रदान कर रहा है। पार्टी नेता सुबाष चौहान ने सैदपुर विधानसभा के मुतुर्जीपुर गांव में बुथ संख्या 157 पर सैकड़ों लोगों को मोबाइल मिस्ड कॉल करके सदस्य बनाया।

## खबरें फटाफट

### कम्पोजिट स्कूल के सामने लगा कूड़े का अंबार, परेशानी

**गाजीपुर।** विकास खंड सैदपुर के अनौनी गांव कम्पोजिट विद्यालय के मुख्य गेट के सामने भारी मात्रा में कूड़ा कचरे का अंबार लगा है। तहसील में शायद ही कोई स्कूल होगा जहां इस तरह से कचरा फेंका जाता होगा। सर्वाधिक आश्चर्य इस बात का है कि इस मार्ग से जिम्मेदारी का हमेशा आना जाना लगा रहता है। किसी का ध्यान इस गंदगी पर नहीं जा रहा है। राजस्थानी ग्राम पंचायत द्वारा भी यहां साफ-सफाई के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कचरे के ढेर पर बीमारियां पनप रही है जिसकी चपेट में विद्यालय के बच्चे कभी भी आ सकते हैं। बच्चे ऐसी गंदगी के बगल से होकर प्रतिदिन उस स्कूल में पढ़ने जाते हैं। यहां से उठने वाली बदबू से बच्चे स्कूल में भी परेशान रहते हैं। मलेरिया व डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी का भी भय हमेशा बना रहता है। खास बात यह है कि यहां कूड़ा कचरा भी वही लोग फेंक रहे हैं जिनके घरों के बच्चे विद्यालय में पढ़ने आते हैं। उन्हें इस बात की चिंता ही नहीं है कि उन्हीं के बच्चे गंदगी के माहौल में रहकर बीमार पड़ सकते हैं। बीईओ अविनाश कुमार ने बताया कि विद्यालय परिसर हमेशा साफ सुथरा रखा जाता है। बाहर यदि कचरा है तो इसकी जानकारी नहीं है। अब तक किसी ने शिकायत भी नहीं की। शीघ्र ही सफाई कराने की व्यवस्था की जाएगी।

### मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोग घायल, केस दर्ज

**बलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के भदौरिया टोला मे शनिवार की रात लगभग साढ़े 09 बजे के आसपास दो पक्षो मे जमकर मारपीट हुई। जिसमे ईट, पत्थर, लाठी, डंडे और चाकू भी चला। दोनों पक्षों के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों परिवारों के लड़कों मे पहले से ही किसी बात को लेकर विवाद चला आ रहा था। शनिवार की रात भी इन लड़कों का गणेश पूजा में विवाद हुआ था। लडकों का विवाद घर जाकर दोनों तरफ के बड़े सदस्यों में हो गया। और विवाद मारपीट में बदल गया।

## गंगा के बढ़े जलस्तर से किसानों के खेतों में बोए गए सैकड़ों बीघे की विभिन्न फसलें जलमग्न

# गाजीपुर में आधा दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में, मुख्य मार्ग पर 3 से 4 फीट आया पानी

♦ रेवतीपुर-गहमर प्रमुख मार्ग बाढ़ की चपेट में, आवागमन में परेशानी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गंगा के जलस्तर में एकाएक वृद्धि के बाद रफ्तार में कमी जरूर आई है। उफनाती गंगा के कहर से निचले और तटवर्ती इलाके के करीब आधा दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बाढ़ के पानी के कारण किसानों के खेतों में बोए गए सैकड़ों बीघे की विभिन्न फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। यहीं नहीं बाढ़ का दंश झेल रहे इन गांवों की ओर जाने वाला करीब हर मार्ग पर तीन से चार फीट तक पानी हिलोरे ले रहा है। रेवतीपुर से गहमर जाने वाला प्रमुख सात किमी लंबा यह बाइपास मार्ग भी बाढ़ की चपेट में आने से इस प्रमुख मार्ग पर कई जगहों पर बाढ़ का पानी





चढ़ने आवागमन बंद हो चुका है। मजबूरी में राहगीरों को रेवतीपुर से उतरौली, भदौरा होते हुए करीब पच्चीस किमी अधिक की दूरी तय कर बिहार और गहमर आना जाना पड रहा है। बाढ़ के पानी के चलते सबसे ज्यादा समस्या जानवरों को चारे और उनके रहने का संकट खडा हो गया है, ग्रामीण बाढ़ को लेकर काफी भयभीत बने हुए है। बाढ़ के पानी से गांव किनारे लोगों के घर और झोपड़ी बनाकर रहने वाले करीब एक दर्जन घरों और झोपड़ियां पानी से घिर गई है। साथ ही इन सभी रिहायशी आवासों और झोपड़ियों में पानी भी घुसने लगा है। इन सभी घरों से लोग सुरक्षित गांव में बनाए गये अपने दूसरे घरों में चले गये है।गंगा की। तलहटियों में डेरे पर अपने परिवार और जानवरों संग रहने वाले ग्रामीण अब सुरक्षित ठिकानों गांव व अपने घरों की तरफ तेजी से रूख कर रहे है,बाढ के पानी के चलते लोगों को दिन हो या रात आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है, बाढ़ से प्रभावित नसीरपुर, हसनपुरा, नगदीलपुर, वीरऊपुर , दुल्लहपुर, परमानंदपुर आदि गांव के छात्र सुरक्षा की दृष्टिकोण से स्कूल जाना छोड़ दिया है। एसडीएम संजय यादव ने बताया कि बाढ को लेकर प्रशासन अलर्ट में है,सभी दस बाढ चौकियों व शरणालय पर कर्मी पूरी तरह से अलर्ट मूड में है, किसी भी असमान्य परिस्थितियों से निपटने के हर इंतजामात पूरे कर लिए गये है। प्रशासन ने सभी कर्मियों व अधिकारियों की छुट्टी तत्काल रद्द कर दी है।

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**केटी न्यूज/सेवराई**

ईद मिलादुन्नबी को लेकर सुहवल थाने में शांति समिति की बैठक एसपीआरए बलवंत चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान इलाके के दर्जनों गांव के हर वर्गों के घर्मगुरूओं ने इसमें भाग लिया। शान्ति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसपीआरए बलवंत चौधरी ने दोनों वर्गों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि कोई भी कानून को अपने हाथ में न ले, जो लोग कानून को तोड़ेंगे उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। शान्ति समिति की बैठक में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि गावों में जुलूस ए मोहम्मदी निकली जाएगी। रात में जगह-जगह जलसा का आयोजन होगा। ईद मिलाद उल नबी त्योहार को देखते हुए गांव और गलियों में साफ सफाई, पानी आपूर्ति और बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। जिसमें आए इस शान्ति समिति की बैठक में अधिकारियों ने सम्बन्धित को हर व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने का सख्त निर्देश दिया, वहीं शान्ति समिति की बैठक को संबोधित करते एसडीएम अभिषेक कुमार ने गांव वार एक एक कर लोगों से त्यौहारों को लेकर जानकारी ली,और सभी से आह्वान किया कि मिलजुल कर यह पर्व मनाएं,किसी तरह का कोई अव्यवस्था न हो इसका भी ध्यान सभी को देना होगा, अन्यथा कानून का डंडा तैयार है। उन्होंने कहा कि ईद मिलादुन्नबी को लेकर इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। कहा कि जो रूट जुलूस के लिए निर्धारित है। उसी रास्ते जुलूस निकालेंगे।

## सैदपुर तहसील में फसल बीमा कराने में रुचि नहीं ले रहे किसान

**गाजीपुर।** जनपद अंतर्गत सैदपुर तहसील के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से दूरी बना रहे हैं, हालांकि जिले में बीते वर्षों से बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसके बावजूद किसान फसल बीमा कराने से कतरा रहे हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि किसानों को बीमा के तहत क्षतिपूर्ति पाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें नुकसान होने के बाद बीमा क्लेम प्राप्त करने के लिए कई प्रक्रियाओं और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिससे किसानों को परेशानी होती है। बेमौसम बारिश ओलावृष्टि व अन्य कारणों के चलते बीते वर्षों से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। उसके बाद किसान फसल बीमा योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। किसानों के बीच फसल बीमा योजना के प्रति जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है। वे बीमा कराने से इस डर से पीछे हटते हैं कि अगर उन्हें नुकसान हुआ तो भी समय पर या पूरी तरह मुआवजा नहीं मिलेगा। वर्ष 2023-24 में मौसम की वजह से जिले की फसलों को नुकसान हुआ है। कृषि प्रीतेश सिंह ने बताया कि फसल बीमा प्राइवेट कंपनी कर रही है।

## झोलाछाप डाक्टरों पर सख्त कार्रवाई के लिए टीम गठित

♦ ग्रामीण इलाकों के झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं बेधड़क मरीजों का इलाज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बारिश के बाद संक्रामक बीमारी बढ़ने लगी हैं। सरकारी दावे के बाद भी लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलने से झोलाछाप चिकित्सकों की चांदी है। अस्पतालों में समुचित इलाज न मिलने पर मरीज हार थक कर झोलाछाप के पास इलाज कराने के लिए मजबूर है। नगर से लेकर गांव तक चारों ओर गंदगी फैली हुई है। इस कारण बारिश के बाद संक्रामक बीमारी अपने पैर पसारने लगी हैं। सैदपुर तहसील के मौधा, खानपुर, अनौनी में फैली गंदगी की वजह से संक्रामक बीमारी फैल रही है। हर गांव में करीब 10 से 15 लोग बीमार हो रहे हैं। यही हालत कमोबेश गांव गांव बना रहे हैं। सैदपुर में दो च और तीन एचसी केंद्र ग्रामीणों को पहुंच से दूर ग्रामीण अंचल में ही झोलाछाप नर्सिंग होम में उपचार करा रहे हैं। मनमानी तरीके से दावों का प्रयोग करते हैं और मनमाफिक रुपए वसूलते हैं। इससे मरीज की जब तू कट्टी ही है, साथ में जान का भी खतरा बना रहता है। झोलाछापों के इलाज में कई मरीजों की जान खतरे में है वहीं स्वास्थ्य विभाग की लचर प्रणाली से झोलाछाप उपचार कर रहे हैं। बीते दिनों खानपुर क्षेत्र में संचालित झोलाछाप की क्लीनिक व मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई थी। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति हुई। विभाग के लोग मामला रफा दफा करने में लगे हैं। लगातार छापेमारी के बावजूद झोलाछाप डॉक्टर बड़े ही उत्साह के साथ अपना व्यापार कर रहे हैं। अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अनौनी डॉ. प्रकाश पाण्डेय ने इस संबंध में कहा है कि सैदपुर तहसील के खानपुर क्षेत्र के सभी झोलाछाप डाक्टरों के लिए टीम गठित की गई है। सभी झोलाछाप पर कार्रवाई निश्चित है। ग्रामीण क्षेत्र के मरीज ज्यादा से ज्यादा अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर इलाज कराएं। इसके लिए सभी कर्मियों को सख्त आदेश दिया गया है कि अपने आसपास के सभी इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों पर नजर बनाकर रखें। उन्हें चिन्हित करते कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## मऊ स्थित डीसीएस खंडेलवाल स्नातकोत्तर कॉलेज में आयोजित हुआ हिन्दी दिवस कार्यक्रम

# हिन्दी जब तक जन भाषा बनी रहेगी, यह आगे बढ़ती रहेगी : राय

♦ डीसीएस के खंडेलवाल स्नातकोत्तर कॉलेज में मनाया गया हिन्दी दिवस

**केटी न्यूज/मऊ**

डीसीएस खंडेलवाल स्नातकोत्तर कॉलेज मऊनाथ भंजन में हिन्दी विभाग के तत्त्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह सोल्लास मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय, गाजीपुर के पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० मांधाता राय थे तथा अध्यक्षता आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शर्वेश पाण्डेय ने किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि गीतकार भालचंद्र त्रिपाठी,कवि शशि प्रेमदेव तथा वरिष्ठ पूर्व प्राध्यापक डॉ रामनिवास राय रहे। संचालन प्रोफेसर सीपी राय ने किया। समारोह की संयोजक एवं विभागाध्यक्ष, हिन्दी प्रोफेसर कंचन राय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए हिन्दी के विषय में अपना मंतव्य व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ घनश्याम दुबे के निर्देशन में महाविद्यालय कि बच्चियों ने रंगोली,स्वागत गान एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया। हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित करता पोस्टर भी कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया। इस पावन अवसर पर वरिष्ठ कवि डॉ कमलेश राय के गीत संग्रह हर समय में हंसे धरती तथा डॉ रामप्रताप मिश्र की पाठ्य पुस्तक आधुनिक संस्कृत साहित्य का लोकार्पण किया गया। महाप्राण निराला की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हिन्दी



की वैश्विक संभावनाएं विषय पर विशद वक्तव्य देते हुए मुख्य अतिथि डॉ मांधाता राय ने कहा कि हिन्दी जब तक जन भाषा बनी रहेगी, तब तक यह आगे बढ़ती रहेगी। भाषाओं के विकास का माध्यम उसका जन के बीच समाहता होना है। हमें अंग्रेजी के व्यामोह से बचना होगा और हिन्दी से प्रेम करना होगा। तभी यह अपने घर में समादृत होकर विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर होगी। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ रामनिवास राय ने विषय संबद्ध कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों को उठाया और हिन्दी की वैश्विक संभावनाओं पर विमर्श हेतु व्यापक पृष्ठभूमि दिया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शर्वेश पाण्डेय ने हिन्दी भाषा के विकास और विस्तार के प्रति संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान तकनीकी समय में हिन्दी की संभावनाओं के बहुत से रास्ते खुल गए हैं। जहां एक तरफ अनुवाद के माध्यम से रोजगार की अपार संभावनाएं बढ़ी हैं, वहीं दूसरी तरफ अपनी संस्कृति और संस्कार को अपनी भाषा और साहित्य के माध्यम से पूरी दुनिया में ले जाने के मार्ग प्रशस्त हुआ है। अन्त में एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें आजमगढ़ से आए वरिष्ठ कवि भालचंद्र त्रिपाठी, बलिया से आए शशि प्रेमदेव, गहमर गाजीपुर से आए मिथिलेश गहमरी, मऊ के दयाशंकर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, जितेंद्र मिश्र, मुक्तेश्वर परासर, डॉक्टर कमलेश राय आदि ने अपने प्रभावपूर्ण काव्य पाठ से कार्यक्रम को भरपूर ऊंचाई दी।

# प्रदेश में कायाकल्प अवार्ड जीतने वाले, जिले के तीन सीएचसी को मिलेंगे एक-एक लाख

♦ प्रदेश में 425 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो का असेसमेंट किया गया था

**केटी न्यूज/ मऊ**

प्रदेश में जनपद के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अच्छी व्यवस्था और रखरखाव के लिए कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राहुल सिंह द्वारा जिले के स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए इसी तरह से आगे कार्य कर अवार्ड जीतने के लिए प्रोत्साहित किया गया और स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणवत्ता में और भी सुधार लाने की हिदायत दी गई।



सीएमओ डा राहुल सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम आए स्टेट से रिपोर्ट में जनपद मऊ के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प अवार्ड मिला है। पूरे प्रदेश में 425 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो का असेसमेंट किया गया था। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर को प्रदेश में 68 वां स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद में रानीपुर को प्रथम,परदहां को द्वितीय एवं दोहरीघाट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसमें तीनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को पुरस्कार के स्वरूप एक लाख की धनराशि दी जाएगी। नोडल व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आर.एन सिंह ने तीनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया।

# ईद मिलादुन्नबी पर आज निकलेगा ऐतेहासिक जुलूस, एकता व मोहब्बत का देंगे संदेश

**केटी न्यूज/जौनपुर**

यौमुन्नबी के मद्देनजर ईद मिलादुन्नबी की पूरी तैयारी जोर व शोर से ऐसी प्रारंभ की गई है पूरे शहर में हर तरफ प्रकाश ही प्रकाश नजर आएगा। शहर की विभिन्न मस्जिदों में रोजना सुबह मिलाद शरीफ के कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। जगह जगह अखाड़ों के खिलाड़ी नया करतब सीखने के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं। रविवार को मरकजी सीरत कमेटी के पदाधिकारियों ने सजावट कमेटियों से संपर्क कर उनके द्वारा की जा रही तैयारी का जायजा लिया। इस बार ईद मिलादुन्नबी सअव व जुलूस ए मद्दे सहाबा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अध्यक्ष सद्दाम हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में पूरी तैयारी चल रही है।



जबकि जश्ने ईद मिलादुन्नबी 16 सितम्बर दिन सोमवार को धूम धाम से मनाया जाएगा। सोमवार दिन दोपहर लगभग 1 बजे कोतवाली चौराहा स्थित डायज (कंट्रोल रूम) पर कौमी यकजहती कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन होने के साथ जुलूस का संचालन भी किया जाएगा। कार्यक्रम को जनपद के राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्वधर्म के सम्मानित संभ्रांत लोग उपस्थित होकर एकता व मोहब्बत का संदेश देंगे। यौमुन्नबी के कार्यक्रम का आगाज शाम 5 बजे शाही ईदगाह से जुलूस की सूरत में उठकर इंद्रा मार्केट, ओलंदगंज, शाहीपुल, चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा, अल्फस्टिंगनज होता हुआ शाही अटाला मस्जिद पहुंचकर जलसे के रूप में तब्दील हो जायेगा। शहर के अलग अलग हिस्सों में सजावट की जिम्मेदारी अलग अलग सजावट कमेटियों को दी गई है जो शहर को दुल्हन की तरह सजाने में दिन-रात एक किए हुए हैं। मरकजी सीरत कमेटी के पदाधिकारियों ने रविवार को सजावट कमेटियों,अंजुमन के निजामी,अखाड़ों के उस्तादों से मिलकर की जा रही तैयारी का जायजा लिया। किसी को कोई परेशानी न हो इसके लिए हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया गया है। साथ ही मरकजी सीरत कमेटी टीम के साथ सभी तरह के संबंधित कार्य के लिए तत्पर है। इस दौरान मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 16 सितम्बर को शिराज ए हिन्द जौनपर का ऐतेहासिक ईद मिलादुन्नबी स अ व व जुलूसे मद्दे सहाबा में भारी संख्या में शामिल होकर इसका हिस्सा बनें।

## एक नजर

### बलुआ पुलिस ने पांच अन्तर्राज्यीय गौ-तस्करों को किया गिरफ्तार, तीन गोवंश बरामद

**चंदौली।** बलुआ पुलिस ने बलुआ तिराहा के पास से शनिवार को दो अदद पिकप मौजिक वाहन में क्रूरता पूर्वक बांधे तीन राशि गोवंश को बरामद कर मौके से पांच अभियुक्तों गिरफ्तार किया। बलुआ पुलिस ने बताया कि मंगल गौंड उर्फ मीनू सलामतपुर (बिसापुर), परवेश खरवार बंशीपुर, हरिकिशुन गुप्ता बंशीपुर, गोविन्द विश्वकर्मा सर्वानन्दपुर, रविरंजन मिश्रा बंशीपुर थाना बलुआ को पशु क्रूरता आर्म्स एक्ट के तहत आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। ये सभी गोवंशों को एकत्र कर ग्राम मोहाय से लादवाकर कल्याणपुर मंडी विहार ले जाकर वध हेतु अच्छे दामों पर बेचते हैं। जिससे उनकी अच्छी खासी आमदनी होती है। जिसके पैसों से अपना विलासितापूर्ण जीवन व्यातीत करते हैं। पुलिस ने दो पिकप मैजिक गाड़ी, दो गाय एक बछड़ा, एक चापड़, पांच मोबाइल बरामद किया। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली टीम में बलुआ थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, रवि कुमार गौतम , सुभाषचन्द्र शामिल रहे।

### युवा संसद में छाया रहा बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन से उपजे हाल का मुद्दा



**चंदौली।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बैराठ में 26वीं युवा संसद का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने संसद की तर्ज पर स्पीकर लोकसभा अध्यक्ष, पक्ष व विपक्ष की भूमिका का निर्वहन किया।सत्ता पक्ष की भूमिका में बैठे बच्चों ने सरकार की जनहितकारी योजनाएं गिनाईं तो विपक्ष ने उन पर सवाल उठाए। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ठ अतिथि सकलडीहा विधायक ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों का स्वागत प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। युवा संसद में हाल ही में बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन से उपजे हालात द्वारा धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाये जाने पर सत्ता पक्ष से तीखे सवाल पूछे गए । बच्चों के भविष्य से जुड़ा पेपर लीक मामले पर भी सरकार को विपक्ष के द्वारा घेरा गया। सत्ता पक्ष द्वारा सभी सवालों का बखूबी जवाब दिया गया। युवा संसद में नेपाल और सऊदी अरब के विदेशी प्रतिनिधि मंडल का भी दौरा रहा । युवा संसद में शिवांगी यादव ने स्पीकर, ऋषभ आर्य ने प्रधानमंत्री, अनाहिता भट्टाचार्य ने गृह मंत्री , श्वेता ओझा ने सदन महासचिव के साथ 55 बच्चों ने सांसद की भूमिका निभाई । शपथ ग्रहण के बाद अरावली पर्वतमाला में खनन, बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण, यूपीआई लेनदेन, घरेलू हिंसा अधिनियम, जीडीपी आदि विषयों पर बिल पेश कर उसे पारित किया गया।शिक्षा पर बजट आवंटन एवं लक्षित योजनाओं पर पक्ष व विपक्ष पर चर्चा हुई। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर बिपिन कुमार सिंह प्रधानाचार्य बाबा कीनाराम इंटर कॉलेज, चन्द्रभूषण केन्द्रीय विद्यालय मुगलसराय, नवोदय विद्यालय के उप प्राचार्य शुभेंदु भट्टाचार्य, के.सी.चौबे, अरुण कुमार मिश्रा व विद्यालय के समस्त शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे ।

### गांव-गांव जाकर देश की हालात और संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करें: कांग्रेस

**चंदौली।** कांग्रेस सेवा दल का प्रशिक्षण शिविर मुख्यालय स्थित एक वाटिका में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन जनपद ही नहीं गैर जनपद से आए प्रशिक्षात्तियों का पंजीकरण किया गया। साथी दस्ते और जत्थज की संरचना के साथ सिविर स्थापित की गई। इस दौरान कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि आज देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। ऐसे में सेवादल का कर्तव्य है कि प्रशिक्षण में समर्पण और सेवा भाव के साथ जो भी प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी जाए उसे गांव स्तर पर ले जाने का प्रयास करें। कांग्रेस की हमेशा सोच रही है कि देश की तरक्की और विकास कैसे रहे हो इस पर हमेशा मंथन किया है लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है देश को आर्थिक सामाजिक राजनीतिक सहित तमाम क्षेत्रों में पीछे करने का काम किया है। ऐसे में सेवादल का महत्व बढ़ जाता है और हम सभी को गांव गांव जाकर जनता के बीच देश की हालात और संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करें ताकि आगे आने वाले समय में भाजपा का मुंह तोड़ जवाब दिया जा सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा अनुशासन में कार्य करने का काम किया है जो भी प्रशिक्षण हम आज प्राप्त करेंगे उसका परिणाम आने वाले समय में अवश्य दिखाई देगा। हम सभी कांग्रेसियों को एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने के लिए हमेशा तैयार रहने की जरूरत है। इस दौरान सतीश बिंद, धर्मेंद्र बिंद, शशि उपाध्याय, राधेश्याम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### खतरनाक ढंग से बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

**वाराणसी।** चंदौली में गंगा का जलस्तर खतरनाक ढंग से बढ़ रहा है। बीते शनिवार को जहां गंगा का जलस्तर 68.94 मीटर था वहीं रविवार को बढ़कर बाढ़ की चेतावनी बिंदू 70.26 मीटर को पार कर प्रतिघंटे करीब 6 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़कर 70.34 मीटर पर पहुंच गया। शाम तक गंगा का पानी तटवर्ती गांवों में घुसने लगा। तेजी से बढ़ रही गंगा को देख कर तट पर बसे लोग ऊंचे स्थानों पर जाने लगे हैं। जिस रफ्तार से गंगा का जल स्तर बढ़ रहा है उससे बाढ़ की आशंका से लोग दहशतजदा हो गए हैं।

## खबरें फटाफट

### आरोग्य मेले में 1488 मरीजों का हुआ उपचार

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 1488 मरीजों का उपचार किया गया। इसमें लोगों को रोगों से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया इसका शुभारंभ सीएमओ डॉक्टर वाई के राय ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में रविवार को कुल 1488 मरीज का उपचार किया गया। जिसमें 551 पुरुष 599 महिलाएं 298बच्चे और 82 मरीज के टीवी का सैंपल लिया गया। इसके अलावा स्क्रीन के 307, ब्लड प्रेशर के 39,फीवर के 104 और मलेरिया के 23 मरीज के उपचार किए गए।

### ट्रेन गुजरने के बाद टूट गई पटरी

**पीडीडीयू।** पीडीडीयू-दानापुर रेलखंड के भदौरा और दिलदारनगर रेलवे स्टेशन के बीच करवनीया डेरा के पास काशी जनशताब्दी एक्सप्रेस के गुजरने के बाद डाउन रेल लाइन की पटरी रविवार को सुबह 8:52 बजे टूटने से लगभग एक घंटे तक रेल परिचालन बाधित रहा। पांच ट्रेनें विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खड़ी रहीं। एक घंटे बाद मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का परिचालन बहाल हो पाया। 5125 काशी जनशताब्दी एक्सप्रेस 15125 के गुजरने के बाद डाउन लाइन पर भदौरा और दिलदारनगर रेलवे स्टेशन के बीच रेल पटरी टूट गई। पेट्रोलिंग कर रहे कीमैन लक्ष्मण दास की नजर टूटी रेल पटरी पर पड़ने पर उन्होंने मामले की जानकारी भदौरा स्टेशन व रेल कंट्रोल को दी। इसके बाद सूचना दानापुर नियंत्रण कक्ष को दी गई। नियंत्रण कक्ष की सूचना पर बालसाड़ उधना एक्सप्रेस ट्रेन को स्थानीय स्टेशन के डाउन लूप लाइन में रोका गया। बाद में टूटी रेल पटरी को दुरुस्त किया गया। करीब 10:15 बजे स्थानीय स्टेशन से बालसाड़-उधना खुलकर बक्सर की ओर रवाना हुई। वहीं पटरी टूटने के कारण दिलदारनगर डाउन लूप लाइन में बालसाड़-उधना एक्सप्रेस, मेन लाइन पर लोकमान्य डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस, दरौली में भागलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, लूप लाइन में मेमू पैसेंजर , जमानिया में मगध एक्सप्रेस खड़ी रही।

## पर्व-त्योहार को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से पूरी कठोरता से निपटें : योगी

- पुलिस प्रशासन को 24 घंटे सातों दिन सतर्क-सावधान रहने का दिया निर्देश
- माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता में हैं, इससे समझौता नहीं किया जा सकता

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अफसरों के साथ बैठक करते हुए कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, सतत संवाद और सभी वर्गों से मिल रहे सहयोग का ही परिणाम है कि हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहे हैं। बेहतर टीमवर्क और जनसहयोग का यह क्रम सतत जारी रखा जाए। 16 सितंबर को बारावफात के अतिरिक्त अनंत चतुर्दशी तक गणेश उत्सव मनाया जाएगा। इसके उपरांत, पितृ पक्ष प्रारंभ होगा और 03 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र, विजयादशमी का उत्सव है। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। पुलिस प्रशासन को 24घंटे सातों दिन सतर्क-सावधान रहना होगा। वह अफसरों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और आगामी पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटें। पर्व और त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं। हर व्यक्ति उल्लास-उमंग और आह्लाद में होता है। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा के इंतजाम करें।



### कमिश्नर हर दिन डीजीपी को अपने कमिश्नरेट की रिपोर्ट दें

उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता में हैं। इससे किसी भी प्रकार समझौता नहीं किया जा सकता। लव जिहाद, चेन स्नेचिंग, ईव टीजिंग की छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल एक्शन होना चाहिए। महिला पुलिस बीट अधिकारियों को एक्टिव रखें। पेट्रोलिंग जारी रखें। ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। शासन स्तर पर प्रत्येक दिन हर जिले की समीक्षा की जा रही है। जनपदों की हर घटना, हर अधिकारी की गतिविधि की मॉनीटरिंग हो रही है। ऐसा ही प्रयास जोन और रेंज स्तर के अधिकारियों द्वारा अपने प्रभार के क्षेत्र में किया जाना चाहिए। पुलिस कमिश्नर हर दिन डीजीपी को अपने कमिश्नरेट की रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस में मिलने वाले आवेदन हों या सीएम हेल्पलाइन अथवा थाना, तहसील और विकास खंड में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता, सबकी सुनवाई की जाए। पीड़ित और परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का मानक होगा। जनशिकायतों और समस्याओं से जुड़े आवेदन का संतोषप्रद निस्तारण किया जाना है। मिथ्या अथवा भ्रामक रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी तय है।

### सभी जिलों के लिए की गई है प्रभारी मंत्रीगणों की तैनाती

सीएम योगी ने कहा कि भारत सरकार ने योजनाओं के लिए बजटीय आवंटन के लिए प्रदर्शन को मानक बनाया है। जो राज्य जितना अच्छा कार्य करेगा, भारत सरकार से उसे उसी प्रकार सहयोग दिया जाएगा। ऐसे में सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्री के साथ भारत सरकार में संबंधित मंत्रालय में संवाद कर केंद्रीय योजनाओं में प्रदेश की सहभागिता बढाएं। कहा कि सभी जिलों के लिए प्रभारी मंत्रीगणों की तैनाती की गई है। प्रभारी मंत्रियों का दौरा प्रत्येक माह होगा। जिलों में एक कोर कमेटी भी गठित की गई है। प्रभारी मंत्रियों के दौरे के समय सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें, अपनी विभागीय प्रगति से माननीय मंत्री को अवगत कराएं। प्रभारी मंत्री द्वारा दिये गए निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी/पुलिस कप्तान अपने जिले के प्रभारी मंत्री से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। जिले की गतिविधियों से उन्हें अपडेट करते रहें। जिलों के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती भी शीघ्र कर दी जाएगी। नामातंरण, पैमाइश, लैंड यूज चेंज, वरासत आदि आम आदमी से जुड़े मामले किसी भी दशा में लंबित नहीं रहने चाहिए। तय समय सीमा के भीतर निस्तारण होना ही चाहिए। हर जिलाधिकारी तहसीलों की और मंडलायुक्त अपने क्षेत्र के जिलों की नियमित समीक्षा करें। कहां, किस विभाग में आम आदमी के कितने आवेदन लंबित हैं, क्यों लंबित हैं, इसकी समीक्षा करें।

## सोनभद्र जिले में मॉर्निंग वॉक पर निकले मां-बेटे को वाहन ने रौंदा

**केटी न्यूज/सोनभद्र**

सोनभद्र जिले के करमा थाना क्षेत्र के पोसीडान स्थित एक कॉन्वेंट स्कूल के समीप रविवार की भोर में मॉर्निंग वॉक पर निकले मां व बेटे को अज्ञात वाहन रौंदते हुए फरार हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र के कुचमरवा गांव की रहने वाली ममता देवी (35) पत्नी रमाकांत अपने पुत्र सचिन (13) को लेकर प्रतिदिन (मॉर्निक वॉक करने) टहलने जाती थी। रविवार की भोर में भी दोनों मां-बेटे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। दोनों घर से मिजार्पुर- हिंदूआरी मार्ग पर निकले थे।

सड़क पर तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में मां- बेटे आ गए। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टहलने निकले अन्य लोगों ने घायलावस्था में पड़े मां-पुत्र को तत्काल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लोढ़ी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण करके दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना में मां-बेटे की मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां-भाई की मौत के बाद बिलख रही बहनों की चीख- पुकार सुन हर किसी की आंखें नम हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। करमा थाना प्रभारी राजकुमार सिंह का कहना है कि मेमो के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखनाथ मंदिर में बाल श्रद्धालुओं से मिले सीएम योगी, जमकर बरसाया प्यार-दुलार

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में बाबा गोरखनाथ का दर्शन करने आए बाल श्रद्धालुओं पर जमकर प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें की, चॉकलेट गिफ्ट की और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



गोरखनाथ मंदिर में सप्ताह भर चलने वाले श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत शनिवार को श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ में सम्मिलित होने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार सुबह दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री मंदिर की गोशाला में पहुंचे और गोसेवा करते हुए वहां कुछ समय व्यतीत किया।

मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने परिजनों के साथ मंदिर में दर्शन पूजन करने आए बच्चों पर भी खूब प्यार लुटाया। गुरु गोरखनाथ जी के मुख्य मंदिर के सामने मुख्यमंत्री की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। सीएम योगी ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे हंसी ठिठोली भी की। सबको चॉकलेट गिफ्ट की। फिर सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद दिया।

## गोरखपुर में 19 सितंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लोकार्पण

# पानी के हिलोरों के बीच लजीज व्यंजन का लुत्फ लेंगे लोग

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

रामगढ़ताल में पानी के हिलोरों के बीच फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में बैठकर लोग लजीज व्यंजन का लुत्फ उठा सकेंगे। 19 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका लोर्कापण करेंगे। इसके बाद जीडीए लोकार्पण की तैयारियों में जुट गया है। सीएम योगी ने अपनी सहमति देने के साथ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। त्योहारों को लेकर तैयारियां पुख्ता करने का निर्देश भी दिया। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट फ्लोट के संचालन के लिए सभी एनओसी संबंधी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। करीब 100 फीट लंबाई और 33 फीट चौड़ाई के इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में 150 लोगों के बैठने की क्षमता है। पर्यटकों की सुविधा के लिए दो लिफ्ट भी लगाई गई है। प्रथम और द्वितीय तल पूरा वातानुकूलित रहेगा।

फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के प्रथम तल पर फूड कोर्ट होगा, जिसमें 100 से 150 रुपये में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन मिलेंगे।



शाकाहारी फास्ट फूड के अलावा चाइनीज फूड, ब्रेक फास्ट, लंच, हाई टी और डिनर भी उपलब्ध होगा। द्वितीय तल पर म्यूजिकल टीम के साथ लग्जरी बार, रेस्टोरेंट, डिस्क की सुविधा रहेगी। वहां पर नॉनवेज भी दिया जाएगा। फिलहाल अभी पूरी तरह शाकाहारी रहेगा। तीसरे तल पर ओपेन डेक होगा, जिस पर पर्यटक सैर का आनंद ले सकेंगे और पार्टियां भी कर सकेंगे। इसका संचालन सुबह सात से रात 11 बजे तक किया जाएगा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जीडीए उपाध्यक्ष आनंज वर्द्धन ने बताया कि रामगढ़ताल में क्रूज के बाद फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी पर्यटक लुत्फ उठा सकेंगे। 19 सितंबर की शाम चार बजे मुख्यमंत्री इसका लोकार्पण करेंगे। इसी दिन ग्रीन वुड अपार्टमेंट के पांच आवंटियों को भी मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन पत्र प्रदान किया जाएगा।

### निर्माण में 10 करोड़ रुपये की धनराशि की गई है खर्च

फ्लोटिंग रेस्टोरेंट निर्माण में 10 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की गई है। इसकी डिजाइन इस तरह तैयार की गई है कि बैठने के बाद रामगढ़ताल का खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा। रेस्टोरेंट में 50 की संख्या में स्टॉफ मौजूद रहेंगे। इसका संचालन नया सवेरा पर बने प्लेटफार्म नंबर दो से किया जाएगा। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक अग्रवाल ने बताया कि काम पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पण की तारीख मिलने के बाद तैयारी शुरू कर दी गई है।

# जौनपुर के नवागत डीएम ने की एसडीएम तहसीलदार और लेखपालों के साथ बैठक

- बोले- जो लेखपाल सबसे अधिक वरासत कराएगा उसे पुरस्कृत किया जाएगा

**केटी न्यूज/जौनपुर**

जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा लेखपालों के साथ बैठक की।बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी लेखपाल अपने क्षेत्र के मृतक के घर जाएं, खुली बैठक करें और उनका आवेदन कराते हुए वरासत दर्ज करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए । उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी निर्देशित किया कि जितने भी वरासत के आवेदन लंबित है, तत्काल निस्तारित करते हुए पेंडेंसी शून्य कर ले। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लेखपाल सबसे अधिक वरासत दर्ज कराएगा,



उन्हें पुरस्कृत करने का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अंश निर्धारण की प्रगति बहुत कम है, जिसे शीघ्र बढ़ाया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि राजस्व के कार्यों को प्राथमिकता पर निस्तारित करें, जिससे कि गरीब एवं पात्र व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि एग्री स्टेक के कार्य को गंभीरता से किए जाएं। जिलाधिकारी के द्वारा स्वयं किसी भी गाँव मे निरीक्षण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा वर्तमान में संचालित सभी योजनाओं में जनपद को प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कठिनाई आ रही है तो उसके संबंध में अवगत कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयवर चौहान, उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार ,केराकत सुनील कुमार ,मड़ियाहूं कुणाल गौरव सहित अन्य उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

तुम्हारा व्यव्हार ही है जो हमारी छवि दूसरों के मन में बनता है। इसके जरिये हम दुश्मनों को भी अपना बना सकते हैं।- रोमन रोलां

## 70 साल के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड

केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल के बुजुर्गों को 5 लाख रुपए का बीमा देने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा यह कहा गया है, कि किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपए तक का इलाज, कोई भी बुजुर्ग,बिना किसी भेदभाव के, अमीर हो या गरीब सभी को मिलेगा। सेवानिवृत्ति सभी वर्ग के कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार हुजुर्गों के लिए अलग से आयुष्मान कार्ड तैयार कर रही है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय सांख्यिकी विभाग और निर्वाचन आयोग से 70 साल के बुजुर्गों का डेटा मांगा है। केंद्र सरकार ने 2021 की स्थिति में देश के सभी बुजुर्गों का डेटा लेकर उन सभी के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर रही है। 2024 में जिन लोगों की आयु 70 वर्ष हो चुकी होगी उनके अलग से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सरकार का कहना है, पति हो या पत्नी, दोनों के ही अलग-अलग आयुष्मान कार्ड बनेंगे। दोनों को ही पांच-पांच लाख रुपए के इलाज की सुविधा होगी। बुजुर्ग को हर अवस्था में बीमारी का इलाज मिल सके। अस्पतालों में जिस तरह की लूट खसोट और धोखाधड़ी का माहौल है। इलाज के रेट बड़ी तेजी के साथ, पिछले कई वर्षों में कई गुना बढ़ें हैं। आयुष्मान कार्ड या बीमा कार्ड होने पर अधिकतम से अधिकतम खर्च अस्पतालों द्वारा वसूला जाता है। जिसके कारण बुजुर्गों को कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। केंद्र सरकार को इस दिशा में भी ध्यान देने की जरूरत है। इलाज अच्छा हो, इलाज के दौरान किसी तरह की बेईमानी ना हो। पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों और अस्पतालों द्वारा जिस तरह की लूट की जा रही है। इसको लेकर बुजुर्गों में हर समय चिंता बनी रहती है। चिकित्सा में जिस तरह की सावधानी जरूरी होती है, विशेषज्ञों द्वारा सही तरीके से मरीजों का उपचार हो। इस दिशा मे डॉक्टर और अस्पतालों का जिम्मेदार होना जरूरी है। बहरहाल जिस तरह से बुजुर्गों की संख्या साल दर साल बढ़ती चली जा रही है। उसको देखते हुए,केंद्र सरकार द्वारा जो नई योजना बनाई गई है। उसकी प्रशंसा करनी ही होगी। समय रहते सरकार ने बुजुर्गों के ऊपर ध्यान दिया है। इस सुविधा से उनका जीवन पहले की तुलना में बेहतर होगा। बुजुर्गों की एक सबसे बड़ी मांग यह भी है। रेल एवं बस यात्रा में जो रियायत पहले मिलती थी। उसको पुनः शुरू किया जाए। इलाज, सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यों के लिए जब बुजुर्ग यहां से वहां जाते हैं। उस समय उनका बहुत सारा पैसा यात्रा की टिकट के रूप में चला जाता है। केंद्र सरकार को बुजुर्गों के लिए रियायती दर पर रेल और बस की सुविधा जल्द शुरू करने की जरूरत है। सरकार यह निर्णय लेगी तो बुजुर्गों को राहत मिलेगी। सरकार को जिम्मेदारी तय करनी पड़ेगी, भारत के किसी भी अस्पताल में बुजुर्गों को बेहतर इलाज मिले। उनकी अच्छी देखरेख हो। ऐसा हुआ तो सरकार ने जो योजना बनाई है। वह सार्थक सिद्ध होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद भी मिलेगा। जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट की एकल बेंच ने यौन उत्पीड़न के आरोप में वायु सेवा के विंग कमांडर को सशक्त जमानत दी है। जमानत देने के पीछे हाईकोर्ट ने कहा है, याचिका करता विग कमांडर के पद पर है। गिरफ्तारी के साथ ही उसकी प्रतिष्ठा के साथ उसका करियर भी खत्म हो जाएगा। अदालत ने 50000 रुपए की जमानत स्वीकार करते हुए विग कमांडर के ऊपर कुछ शर्त लगाई हैं। उल्लेखनीय है, यौन उत्पीड़न का आरोप एक महिला फ्लाइंग ऑफिसर ने विग कमांडर पर लगाया था। इसकी रिपोर्ट महिला ने श्रीनगर थाने में दर्ज कराई है। आरोपी और महिला दोनों ही श्रीनगर में तैनात हैं। हाईकोर्ट ने आरोप पत्र दाखिल करने पर भी रोक लगा दी है। यह अपनी तरह का एक पहला मामला है। जिसकी सभी ओर चर्चा हो रही है। इस तरह का मामला अभी तक देखने में नहीं आया है।

## चिंतन-मनन

### प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत्, चित् एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है। रेलयात्रा में कन्धे से कन्धा मिलाये बैठे दो आदमी अपरिचित होने के कारण समीप होने पर भी एक-दूसरे से दूर होते हैं। अजनबी छोड़िए, जिन्दगी भर एक दूसरे केसाथ रहने पर भी आन्तरिक परिचय के अभाव में कई लोग एक-दूसरे से दूर ही रहते हैं। अन्तरात्मा जानने का एक ही उपाय है कि उसके विषय में सदा जिज्ञासु तथा सचेत रहा जाए।

# लोकतांत्रिक देश में सत्ता और विपक्ष के रिश्ते प्राय: मधुर होता है

-तनवीर जाफरी



लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था रखने वाले किसी भी देश में सत्ता और विपक्ष दोनों ही एक गाड़ी के दो पहियों के समान माने जाते हैं। सत्ता का काम जहां देश के लिये नीतियां व योजनाएं बनाना होता है वहीं विपक्ष का काम सत्ता की कारगुजारियों पर निगरानी रखना होता है। विपक्ष जरूरत पड़ने पर समय समय पर सत्ता की आलोचना भी करता रहता है। और सत्ता उन स्वस्थ आलोचनाओं का स्वागत करते हुये विपक्ष की आलोचना के अनुरूप अपनी नीतियों, व योजनाओं में परिवर्तन व संशोधन करने का भी प्रयास करती है। एक स्वस्थ लोकतांत्रिक देश में सत्ता और विपक्ष के रिश्ते प्रायः मधुर व सौहार्दपूर्ण ही रहते हैं। हमारे देश में भी पंडित जवाहर लाल नेहरू व डॉ राम मनोहर लोहिया तथा राजीव गाँधी, सोनिया गांधी व अटल बिहारी वाजपेई जैसे अनेक शीर्ष नेताओं के ऐसे कई किस्से बड़े मशहूर हैं जो पक्ष विपक्ष के सौहार्द्रपूर्ण रिश्तों की गवाही देते हैं। परन्तु वर्तमान दौर की राजनीति में तो गोया सत्ता द्वारा विपक्ष से दुश्मन की तरह व्यवहार किया जाने लगा है। साम दाम दंड भेद,छल कपट,झूठ,मक्कारी,सत्ता बल धनबल,बाहुबल,सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर,विधायकों की खरीद फरोख़्त कर निर्वाचित सरकार गिराकर, मीडिया को गुलाम बनाकर गोया किसी भी तरह से यह कोशिश की जाने लगी है कि विपक्ष का नामो निशान खत्म कर दिया जाये और सत्ता पर हमेशा के लिये कब्जा जमाये रखा जाये। सत्ता के इस लोकतंत्र विरोधी कहे जाने वाले दुष्प्रयास का सबसे बड़ा निशाना लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी हैं। पिछली लोकसभा में यह देखा गया कि किस तरह एक अदालती फैसले की आड़ लेकर आनन फानन में उनकी लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गयी और सदस्यता समाप्त करने के साथ ही सांसद के रूप में आवंटित किया गया उनका बंगला भी खाली करवा लिया गया। देश ने यह भी देखा कि किस तरह राहुल गांधी व उनकी मां सोनिया गाँधी को कई दिनों तक बार बार प्रवर्तन निदेशालय (ई डी ) द्वारा अपने कार्यालय में बुलाकर उनका मनोबल गिराने की कोशिश की गयी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज कर दिया। गया। पिछले दस वर्षों से राहुल गाँधी को पप्पू साबित करने के लिये करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाये गये। मीडिया का सहारा लेकर राहुल को कटघरे में खड़ा करने की कोशिशें की गयीं। हद तो यह है कि संसद में स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा राहुल गांधी को बाल बुद्धि वाला कहकर सम्बोधित किया गया ? समुदाय विशेष को जूते मारो सालों को जैसा उत्तेजनात्मक नारा देना वाला एक परिवारवादी राजनीति का प्रतीक भाजपा नेता संसद में राहुल की जाति पर सवाल खड़ा करते दिखाई दिया।

और अब एक बार फिर राहुल की अमेरिका यात्रा में दिए गये उनके कुछ बयानों को लेकर उनको देशद्रोही तक साबित करने की कोशिश की जा रही है। एक ऐसा केंद्रीय मंत्री जिसे जनता स्वयं एक मसखरे के रूप में जानती है वह पूरे देश में राहुल गाँधी के विरुद्ध जूते मारो अभियान शुरू करने की बात कह रहा है। भाजपा के कई शीर्ष नेता न केवल राहुल गांधी को देशद्रोही बताने में लग गए हैं बल्कि दिल्ली के एक बीजेपी नेता व पूर्व विधायक ने तो सार्वजनिक रूप से यह तक कह दिया है कि ह्रराहुल गांधी बाज आ जा, नहीं तो आने वाले टाइम में तेरा भी वही हाल होगा जो तेरी दादी का हुआ !ह्व यानी सरे आम राहुल को हत्या की धमकी दी जाने लगी है। लगता है कि भाजपा द्वारा राहुल के विरुद्ध तमाम हथकंडे अपनाने के बावजूद उनकी बढ़ती लोकप्रियता और एक साथ दो दो जगहों से लोकसभा में भारी मतों से उनके निर्वाचन के बाद अब उन्हें हिंसा व हत्या के लिये डराना धमकाना ही आखिरी हथियार रह गया है। परन्तु इस बहस में कुछ बातें तो निरर्थक हैं। जैसे कि राहुल ने अमेरिका में क्या कहा या विदेशों में वे क्या कहते हैं। इंटरनेट व आधुनिक संचार प्रणाली के इस दौर में आज इस बात के तो कोई मायने ही नहीं रह गये कि आप कौन सी बात कहाँ बोलते हैं। दुनिया के किसी भी कोने में बोली गयी कोई भी बात पलक झपकते ही पूरे विश्व में एक साथ प्रसारित हो जाती है। फिर क्या अमेरिका तो क्या भारत। दूसरी बात यह कि राहुल ने अमेरिका में ऐसा क्या नया कहा जो वे यहाँ नहीं कहते ? भारतीय लोकतंत्र पर मंडराते खतरों पर अकेले राहुल ही चिंता व्यक्त नहीं करते। विपक्ष के और भी तमाम नेता, बुद्धिजीवी, नोबेल पुरस्कार विजेता, शिक्षाविद, लेखक व पत्रकार भारतीय लोकतंत्र की वर्तमान स्थिति व लोकतंत्र पर मंडराते खतरों पर चिंता व्यक्त करते ही रहते हैं। और इन सबसे बड़ी बात यह कि जो लोग सत्ता के इशारे पर या किसी को खुश करने के लिये राहुल गांधी को देशद्रोही साबित करना चाह रहे हैं उन्हें राहुल गाँधी की वह पारिवारिक पृष्ठभूमि भी देख लेनी चाहिए जिसमें राहुल के पिता राजीव गांधी व दादी इंदिरागांधी को देश की एकता व अखंडता को बचाये रखने के लिये अपनी जानों की कुबार्नी देनी पड़ी थी। मोतीलाल नेहरू से लेकर जवाहर लाल नेहरू, कमला नेहरू आदि सभी स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इसी एक परिवार के सदस्य थे। ऐसे घराने से सम्बन्ध रखने वाले राहुल गांधी को वे लोग देशद्रोही साबित करना चाह रहे हैं जिनके अपने दल में महात्मा गांधी,भारतीय संविधान और तिरंगे का अपमान करने वालों की कमी नहीं ? ऐसे लोग राहुल को देशद्रोही साबित करना चाह रहे हैं जिनके पूर्वजों का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तो दूर उनके आसपास के लोग भी उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि से वाकिफ नहीं ? यह अगर खुद कश्मीर में महबूबा मुफ़्ती की पी डी पी से मिलकर सरकार बनायें तो वह राष्ट्रवाद परन्तु यदि राहुल या कांग्रेस इनके साथ समझौता करें तो उन पर संदेह और तरह तरह के सवाल ? खुद अगर प्रधानमंत्री मोदी एस पी जी के मना करने के बावजूद नवाज शरीफ की नातिन मेहरुन्निसा की शादी व नवाज शरीफ का जन्म दिन मनाने अचानक पाकिस्तान पहुँच जायें या उनसे पगड़ी,साड़ी व शॉल के तोहफों का आदान प्रदान करें तो यह उनका सद्भावना भरा कदम परन्तु यदि यही काम कोई विपक्षी नेता करे तो वह देशविरोधी या पाकिस्तान परस्त ? दरअसल राहुल के विरोध का कारण यह सब नहीं जो बताया या प्रचारित किया जा रहा है। बल्कि राहुल के विरोध का कारण भारत सहित पूरे विश्व में उनकी बढ़ती स्वीकार्यता है। साथ ही राहुल भारतीय विपक्ष के अकेले ऐसे नेता हैं जो भाजपा व सत्ता पर ऐसी चोट करते हैं जिससे इनके नेता तिलमिला जाते हैं। उदाहरण के तौर पर अडानी व मोदी के रिश्ते पर उनके सवालों से भाजपा हमेशा असहज रहती है। रोजगार व मंहगाई पर राहुल के सवालों का इनके पास कोई जवाब नहीं। इसके अलावा राहुल ने अपनी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो पद यात्रा में भी सत्ता के मंसूबों की पोल खोल कर रख दी थी। इसी यात्रा के बाद कांग्रेस का ग्राफ चढ़ना व भाजपा का ग्राफ नीचे जाना शुरू हो गया था। इसलिये राहुल पर देशद्रोह के इल्जाम लगाना तो मात्र एक बहाना है हककित में यह सत्ता की राहुल से नफरत की पराकाष्ठा के सिवा और कुछ नहीं। सही मायने में तो सत्ता का यह दुष्प्रयास भी लोकतंत्र विरोधी ही है।

# स्वयं को बदलने का संकल्प लिया राजनेताओं ने!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के आबू रोड़ स्तिथ आनंद सरोवर परिसर में राष्ट्रीय राजनीतिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें देशभर से राजनेता, जनप्रतिनिधि, पार्टियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। तनावमुक्त शासन के लिए राजनेताओं का आध्यात्मिक सशक्तिकरण विषय पर आयोजित सम्मेलन में बीके बृजमोहन भाई ने कहा कि राजनीति करने वाले लोगों के लिए योग, ध्यान और साधना बहुत जरूरी है। ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान से हमें मानसिक शांति मिलती है। इससे शांति-सुख का मार्ग प्रशस्त होता है। कोई भी धर्म हो सभी का मकसद समाज का उत्थान होता है। पहले की सत्ता में राजगुरु होते थे और उन राजगुरु के हिसाब से सत्ता चलती थी। सत्ता में सबके कल्याण का भाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की गुलामी के कारण हम अपनी शक्ति को भूल गए और जो मुक्ति का मार्ग था उससे भटक गए। स्वामी विवेकानंदजी ने 21वीं सदी के भारत की भविष्यवाणी 19वीं सदी में की थी। आज ब्रह्माकुमारीज के माध्यम से सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। 21वीं सदी के भारत का सपना आज साकार हो रहा है। हमारे मन में सकारात्मक ऊर्जा, मन का निर्माण हो रहा है और हम ईश्वर के निकट जा रहे हैं। आत्मा को जब हम परमात्मा के निकट ले जाने लगते हैं तो आत्मा-परमात्मा के बीच कोई दूरी नहीं रहती है। अपनी लिए जीना एक कहानी है और औरों के लिए जीना एक जिंदगानी है।ब्रह्माकुमारीज के अतिरिक्त महासचिव बीके राजयोगी बृजमोहन भाई ने आगे कहा कि हर चीज अपनी तीन अवस्थाओं से गुजरती है- सतो, रजो और तमो। नवदुनिया के निमार्ता, परमपिता ने जब दुनिया की स्थापना की थी, तब यह दुनिया स्वर्णिम दुनिया स्वर्ग, सतयुग थी। वहां सभी देवी-देवता थे, इसलिए हम सभी देवी-देवताओं के वंशज हैं। सतयुग में एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा होती है। वहां हर चीज अपनी संपूर्ण अ?वस्था सतो प्रधान रूप में होती है। धीरे-धीरे सृष्टि के क्रम में बदलाव आ जाता है और सतो से रजो और रजो से तमो अ?वस्था आती है। वर्तमान में दुनिया की तमोप्रधान अ?वस्था चल रही है। अब पुनः परमात्मा इस धरती पर आकर सतोप्रधान दुनिया, स्वर्णिम दुनिया की स्थापना कर रहे हैं। उस दुनिया में सभी सर्वगुण संपन्न, 16 कला संपूर्ण थे। राजनीतिक प्रभाग की उपाध्यक्ष राजयोगिनी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि राजनीति में अध्यात्म के समावेश से ही राजनीति की दशा और दिशा बदलेगी। राजनेताओं में निस्वार्थ समाजकल्याण की भावना का विकास होगा।राजयोगिनी उषा दीदी ने मंत्र दिया कि यदि हमने अपनेआप पर राज कर लिया तो हम दुनिया पर राज कर सकते हैं। यहां के पवित्र वातावरण का आप सभी भरपूर लाभ लें। एक राजनेता का कर्तव्य धर्म की रक्षा करना भी होता है।उषा दीदी ने कहा कि तीन सत्ताएं प्रमुख होती हैं- परमात्म सत्ता, राज सत्ता, धर्म सत्ता। पहले जो राज सत्ता थी उसमें धर्म सत्ता और विज्ञान की सत्ता भी शामिल थी। शनै-शनै धर्म सत्ता और राज सत्ता अलग हो गईं। सवाल ये है कि हम कैसा अपना देश, कैसा विश्व चाहते हैं। हम अपने भारत को सोने की चिड़िया वाला भारत कहते हैं। वह प्रेरणादायक नेतृत्व, परमात्म शक्तियों और वरदानों से बनेगा। लीडर वही है जिसके प्रेरणादायक विचार और व्यक्तित्व होता है। नेता की पहचान इस बात से है कि आप करते क्या हैं, क्या कहते हैं और आप क्या हैं। राजनीतिक प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका राजयोगिनी बीके ऊषा दीदी ने कहा कि देशभर से आए राजनेताओं का हृदय से स्वागत है। उत्तराखंड से राज्य मंत्री स्तर श्यामवीर सैनी ने कहा यहां आकर ऐसा लग रहा है जैसे सतयुग आ चुका हो और मैं सतयुगी स्वर्णिम सभागार में बैठकर सीधे परमात्मा से रूह रिहान कर रहा हूं।मेरा सौभाग्य है कि मेरे मित्र श्रीगोपाल नारसन जो हरीश रावत सरकार के समय मुख्यमंत्री के प्रवक्ता रहे और वर्तमान में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति है,मुझे यहां लेकर आए है,हमारे साथ लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान नेता चौधरी सेठपाल परमार भी यहां मौजूद है। मैं सुबह 5 बजे उठकर बाबा रामदेव की प्रेरणा से नियमित योग करता हूं, लेकिन जैसे ही सुबह मेरी आँख खुलती है,मुझे मोबाइल पर भ्राता श्रीगोपाल नारसन की ब्रह्माकुमारीज से जुड़ी एक कविता व उनके बुलेटिन में ब्रह्माकुमारीज की प्रेरक वीडियो देखने को मिलती है।उन्ही के माध्यम से मुझे कई बार ब्रह्माकुमारीज के सेवा केंद्रों पर कार्यक्रमो में जाने का अवसर मिला।कल ब्रह्माकुमारीज के शिक्षा प्रभाग अध्यक्ष राजयोगी मृतुन्जय भाई से मुलाकात हुई और उन्होंने हमारा सम्मान किया,मृतुन्जय भाई की सोच है कि हम राजनीतिक लोगो को देश मे कक्षा 12 तक निशुल्क शिक्षा व सबको भोजन मिले ऐसे प्रयास करने चाहिए।ब्रह्माकुमारीज में सबको निशुल्क भोजन की व्यवस्था देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ।निश्चित ही हम कह सकते है कि देश ही नही दुनिया को संवारने में ब्रह्माकुमारीज की महती भूमिका है।मैं तो यहां पहली बार आया हूं और लगता है ,अब बार बार आऊंगा।चार बार के विधायक गंगाराम भाई ने कहा कि वे आजीविका के लिए बूट पालिस करते थे और मात्र छठी पास है,साथ ही जुवां खेलने व नॉनवेज खाने की लत थी,लेकिन जब से ब्रह्माकुमारीज में आया हूं तब से मेरा जीवन ही बदल गया है।आज वे पूरी तरह से सात्विक है और अहिंसक हो गए है।उज्जैन के सांसद बालयोगी उमेशनाथ व रीवा के सांस जगन्नाथ मिश्रा ने भी अपने अनुभव साझा किए।कई सत्रों में व विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित चर्चा-परिचर्चा में कई विधायकों, पार्टी नेताओं तथा ब्रह्माकुमारीज के वक्ताओं ने राजनीति से आध्यात्म को जोड़ने की पैरवी की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने नृत्य व गायन से स्वस्थ मनोरंजन किया । मधुरवाणी ग्रुप के कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इस सम्मेलन में भारत के कोने कोने से व नेपाल से बड़ी संख्या में नेताओं ने भागीदारी की। संचालन बीके सपना ने किया। ब्रह्माकुमारीज संस्था के कार्यकारी सचिव बीके मृतुन्जय भाई ने राज्य मंत्री स्तर श्यामवीर सैनी,किसान नेता सेठपाल परमार व विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति श्रीगोपाल नारसन का शाल ओढाकर व ईश्वरीय सौगात देंकर सम्मानित किया।

# चिंता का सबब बनता ओजोन परत का क्षरण

- योगेश कुमार गोयल

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष ह्वविश्व ओजोन दिवसह्न मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2024 का विषय है ह्वमॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ानाह्न। विश्व ओजोन दिवस का यह विषय ओजोन परत की रक्षा करने और वैश्विक स्तर पर व्यापक जलवायु कार्रवाई पहलों को आगे बढ़ाने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है।

## आज का राशिफल

**मेष** – हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको जीवनसाथी से हर प्रकार का सहयोग और मदद प्राप्त होगी।

**तुला** – आज लाभ होगा और करियर में आपके लिए सफलता के शुभ योग बने हैं।

**वृषभ** – आज करियर में लाभ होगा और मनचाही तरक्की मिलने से आपके कई रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**वृश्चिक** – आपको कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपके सुख में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

**मिथुन** – लाभ होगा और कारोबार में भी आपकी अच्छी कमाई होने से आपको खुशी होगी।

**धनु** – विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

**कर्क** – आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति प्राप्ति की योजनाएं बन रही हैं।

**मकर** – आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**सिंह** – आज लाभ के शुभ योग बन रहे हैं और आपकी आमदनी बढ़ने से आपका दिन खुशी में बीतेगा।

**कुंभ** – आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। हर विवाद से बचें।

**कन्या** – योजनाएं सफल होंगी। रोजगार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्रास होगी।

**मीन** – आपके सुख में वृद्धि होगी। उनके कामों में व्यतीत होगा। ससुराल के लोगों से लेनदेन करने से बचें।

## विशेष

### हरियाणा में कहीं नजर नहीं आ रहा है भाजपा का चाल

भारतीय जनता पार्टी को चाल चरित्र और चेहरे वाली अनुशासित पार्टी माना जाता है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा में ना तो अनुशासन देखने को मिल रहा है। नाही भाजपा नेताओं और कार्यकताओं में चाल,चरित्र और चेहरे देखने को मिल रहे हैं। बाहर से आयातित नेता पार्टी का चेहरा बन गए हैं। सबका अपना-अपना चरित्र है। सब अपनी अपनी चाल से चल रहे हैं। सबके अपने चेहरे हैं। इसमें बीजेपी कहीं नजर नहीं आ रही है। जिनके चेहरे पर चुनाव लड़ा जा रहा है।

### आतंकवादियों को फंडिंग करने वाले इंजीनियर राशिद की रिहाई

जम्मू कश्मीर चुनाव के पहले इंजीनियर राशिद को चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गई है। इंजीनियर राशीद गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून यूपीए के तहत 2019 से जेल में बंद है। जेल से लड़कर वह लोकसभा का चुनाव जीत गए। संसद की कार्यवाही में भाग लेने की उन्हें कोर्ट से अनुमति नहीं मिली थी। अब चुनाव प्रचार के लिए उन्हें जमानत दे दी गई है। सरकार द्वारा विरोध नहीं करने पर, उन्हें जमानत हासिल हुई है। अतः जांच एजेंसियां भी इस जमानत के विरोध में उच्च न्यायालय में अपील नहीं करने जा रही हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से जमानत मिली थी। सीबीआई फैसले की कॉपी लिए, बिना हाईकोर्ट से जमानत रद्द करा देती है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1673: रोम ने फ्रांस के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1744: प्रसिया नरेश फ्रेडरिक द्वितीय ने फ्रांस पर कब्जा किया. 1929: बोलिविया और पणगुवे के बीच शांति संधि हुई. 1931: हिजली कैम्प में राजनीतिक बंदियों पर गोली चलाने से दो व्यक्ति मारे गए और अनेक घायल हो गए. 1945: द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति पश्चात जापान ने हांगकांग को स्वतंत्र कर दिया. 1955: एडुआर्डो लोनार्डी के नेतृत्व में भड़का विद्रोह पूरे अर्जेन्टीना में फैल गया. 1957: थाईलैंड में सैनिक क्रांति के बाद सीटों के महासचिव पोट सरमिन प्रधानमंत्री बने. 1978: निकाणगुवा में नेशनल गाड्र्स ने देश के दूसरे बड़े शहर लियोन का छापामारों से छीन लेने का दावा किया था. 1988: इराक के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से ईरानी नेताओं ने विश्वके अन्य देशों से संपर्क बढ़ाना शुरू किया था.

## दैनिक पंचांग

**15 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 05.57 बजे से |
| चंद्र | मकर में | तुला | 08.08 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.22 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.38 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.43 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 16.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.03 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.33 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.13 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.11 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | कर्क | 01.25 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.41 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 259 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 18.13 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 18.49 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 15.13 बजे को समाप्त। **करण** बव 07.32 बजे, बालव 18.13 बजे तदनन्तर कौलव 00.45 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 02° 55' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872103 **जूलियन दिन** 2460568.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 11 **विशेष** वामन द्वादशी, प्रदोष व्रत, ओणम, सर एम विश्वेश्वरैया जयंती, इंजीनियर दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# सब्जी उत्पादन में समन्वित कीट प्रबंधन





सब्जियों को रक्षात्मक भोजन कहते हैं। सब्जियां पौष्टिक आहार के उन अनिवार्य तत्वों की पूर्ति करती है जिनकी बहुत अल्प मात्रा हमारे शरीर के लिए आवश्यक होती है, परन्तु मानव शरीर में विभिन्न जैव रसायनिक क्रियाओं के लिए एक अनिवार्य तत्वों की पूर्ति करती हैं। हमारे शरीर के वृद्धि व विकास तथा विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता के विकास में विभिन्न पोषक तत्वों जैसे- खनिज-लवण, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन तथा खाद्य रेशों की आवश्यकता होती है, जिनकी प्राप्ति का मुख्य स्त्रोत सब्जियां हैं। अतः हमारे भोजन के विभिन्न घटकों में सब्जियों का प्रमुख स्थान है, क्योंकि सब्जियां हमारे भोजन को सरस, स्वादिष्ट व पौष्टिक बनाने में हमारी मदद करती हैं। हमारे भोजन का एक महत्वपूर्ण अंग सब्जी का अधिक मात्रा में एवं सुरक्षित उत्पादन करना भी नितान्त आवश्यक है। सब्जी को अनेक प्रकार के रोगों व कीटों के कारण क्षति होती है। जिसके नियंत्रण के लिए किसान अनेक प्रकार के रसायनिक दवाओं का प्रयोग करते हैं। ये रसायन सब्जी की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव डालते हैं। साथ ही इन रसायनिक दवाओं का मानव स्वास्थ्य एवं वातावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता हैं। जिसके कारण सब्जियों में समन्वित कीट प्रबन्धन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। समन्वित कीट प्रबन्धन के अन्तर्गत कीट नियंत्रण के सरल और प्रभावी तकनीक का इस प्रकार समावेश करते हैं, कि कीट नियंत्रण प्रभावी हो, किसान और सब्जी उपभोक्ता दोनों लाभान्वित हों और वातावरण भी सुरक्षित रहे। इसके अन्तर्गत जैविक, रासायनिक, भौतिक, यांत्रिक नियंत्रण तथा सस्य क्रियाओं के समुचित चुनाव एवं उनके समावेश द्वारा समन्वित कीट प्रबंधन किया जाता है। इस प्रकार के कीट नियंत्रण तकनीक के प्रयोग से मित्र कीटों की संख्या एवं वातावरण की स्वच्छता पर बुरा प्रभाव नहीं पड़ता। तुड़ाई के बाद सब्जियों में रासायनिक दवाओं के अवशेष अधिक मात्रा में पाये जाने के कारण मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे सब्जियों में एकीकृत कीट प्रबंधन का महत्व और बढ़ गया है।

एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के तरीकों की सफलता मुख्यतया हानिकारक कीट एवं मित्र कीटों की निगरानी के आधार पर कीट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के एकीकरण कर सही निर्णय को लागू करने के ऊपर निर्भर है।

## फसल चक्र अपनाकर कीट नियंत्रण

किसी भी खेत में सब्जियों को लगाते समय उचित फसल-चक्र अपनाना चाहिए जिससे एक ही कुल की सब्जी को पुनः नहीं लगाना चाहिए। इस विधि से निरन्तर जीवन चक्र , अपेक्षाकृत संख्या एवं क्षति स्तर कम किया जा सकता है।

## बुवाई व पौध रोपण के समय में परिवर्तन करके

कीटों के प्रति फसल की मुलायम अवस्था को ध्यान में रखकर फसल की बुवाई तथा रोपाई के समय में परिवर्तन करके अधिक हानि से बचाया जा सकता है। सब्जियों की बुवाई व रोपाई के समय में परिवर्तन कर लाल भृंग कीट, फल मक्खी, तना एवं फल छेदक कीट के प्रकोप को कम किया जा सकता है। पौधों की बुवाई व रोपाई ऐसे समय में करना चाहिए, जब पौधों की नाजुक अवस्थाएं एवं हानिकारक कीटों की निष्क्रिय अवस्थाएं समानान्तर हों।

## सस्य क्रियाओं द्वारा कीट प्रबंधन

कीट प्रबंधन में इस घटक के ऊपर कोई अतिरिक्त खर्च नहीं होता है, साथ ही यह पर्यावरण को सुरक्षित व अधिक टिकाऊ बनाता है। सस्य क्रियाओं का चयन ऐसा होना चाहिए जिससे नाशीकीटों के ऊपर एकीकृत एवं मित्र कीटों के ऊपर अनुकूल प्रभाव पड़े। इसके अन्तर्गत उचित किस्मों का चयन, बुवाई एवं रोपाई के समय में परिवर्तन, कीट-प्रपंच, फसल चक्र एवं अंतः फसलों का सही चुनाव आदि शामिल है।

## अवरोधी एवं सहनशील किस्मों का उपयोग

किसी क्षेत्र के नाशीकीट एवं मित्र कीटों की विविधता एवं सघनता के आधार पर अवरोधी या सहनशील किस्मों का चुनाव समन्वित कीट प्रबंधन की महत्वपूर्ण कड़ी है। इस प्रकार चयनित किस्मों में अपेक्षाकृत कीटों का प्रकोप कम होता है तथा रासायनिक दवाओं के उपयोग में भी कमी आती है। यह विधि सबसे सरल, सस्ती व दुष्प्रभाव रहित है।

## ग्रीष्मकालीन जुताई

गर्मी के मौसम में गहरी जुताई करके सुषुप्ता अवस्था में पड़े कीड़ों को नष्ट करना एक प्रभावी नियंत्रण विधि है। फसल की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करके फल मक्खी, कद्दू का लाल भृंग तथा कटुआ कीट के जीवन चक्र को नष्ट कर उनकी सक्रियता को कम किया जा सकता है।

## अन्तः फसलीकरण

सब्जियों की फसल के बीच में अन्तः फसलीकरण की क्रिया के द्वारा भी कीटों के प्रकोप को कम किया जा सकता है। अन्तः फसलीकरण में लगाए गए भिन्न-भिन्न प्रकृति के पौधों द्वारा छोड़े जाने वाले जैव रसायन से कीटों के प्रौढ़ दूर भागते हैं तथा उनके द्वारा अण्डा देने की क्रिया भी कम हो जाती है। इस प्रकार के पौध रोपण प्रक्रिया से परभक्षी एवं परजीवी कीटों की क्रियाशीलता को बढ़ाती है। टमाटर एवं गोभी की अन्तः फसलीकरण से इन दोनों सब्जियों में कीट अकेले की अपेक्षा कम लगते हैं।

## यांत्रिक विधि से कीटों का नियंत्रण

कुछ कीट जिनको आसानी से देख जा सके उन्हें पकड़कर मार देना चाहिए। हड्डा बीटल, तम्बाकू की सूड़ीं के अण्डे तथा तना व फल को भेदकर खाने वाली सूड़ीं (बैगन व भिण्डी के फल छेदक कीट) को बहुत आसानी से



देखकर कीट की विभिन्न अवस्थाओं को नष्ट कर देने से इनसे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। कीट नियंत्रण की इस विधि में लागत कम आती है एवं यह विधि सुरक्षित भी है।

## व्यवहारिक नियंत्रण

इस विधि के अन्तर्गत प्रौढ़ कीटों को फेरोमोन का प्रयोग कर भ्रमित किया जाता है। सब्जियों में मुख्य रूप से बैगन का तना व फल बेधक, तम्बाकू की सूंड़ी, टमाटर का फल बेधक एवं फल मक्खी को फेरोमोन द्वारा आकृष्ट कर नियंत्रण किया जा सकता है।

## रसायनों का सुरक्षित एवं आवश्यक मात्रा का प्रयोग

रसायनों का अनियमित और अत्यधिक प्रयोग करने से कीटों में प्रतिरोधी क्षमता का विकास हो जाता है। साथ ही हानिकारक रासायनिक अवशेषों की वातावरण में वृद्धि होती है। समन्वित कीट प्रबंधन में यदि दूसरे कारकों के साथ सही संतुलन बनाकर सुरक्षित रसायनों की सही मात्रा एवं उचित अंतराल पर छिड़काव किया जाय तो कीटनाशी रसायन बहुत प्रभावी होता है। विभिन्न कीटनाशियों का अलग-अलग प्रतीक्षाकाल होता है। इसलिए दवा छिड़कने के बाद प्रतिक्षाकाल के बाद फल की तुड़ाई करने से रासायनिक अवयवों के अवषेष नहीं रहते हैं।

## सब्जी में जैविक विधि से कीट नियंत्रण

समन्वित कीट प्रबंधन में जैविक नियंत्रण एक प्रमुख घटक है। किसी भी परिस्थिति में मित्र कीट एवं अन्य सूक्ष्म जीव मुख्यतया हानिकारक कीटों की संख्या को प्राकृतिक रूप से सीमित रखने में सहायता करते हैं। जैविक नियंत्रण से इन्हीं कारकों का प्रभावी ढंग से समन्वित कीट प्रबंधन में प्रयोग होता है, तथा मित्र कीटों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाता है। बहुत सारे परभक्षी व परजीवी कीट प्राकृतिक दशा में मित्र कीट के रूप में पाये जाते हैं, जो हानिकारक कीटों के विभिन्न अवस्थाओं को क्षति पहुंचाते हैं। एक हेक्टेयर टमाटर की फसल को फलछेदक कीट से रोकथाम के लिए 2,50,000 ट्राइकोग्रामा परजीवी कीट का प्रयोग किया जाता है। इसी प्रकार क्राइसोपरला कारनिया नामक परभक्षी कीट को 50,000 प्रति हेक्टेयर की दर से दस दिन के अन्तराल पर तीन बार छोड़ने से सफेद मक्खी, हरा फुदका, माहू आदि से फसल को सुरक्षित रखा जा सकता है। कीटों के प्राकृतिक षत्रु को प्रयोगशाला में अधिक संख्या में उत्पादन कर, उसे सफलतापूर्वक, आवष्यकतानुसार फसलों पर छोड़कर विषैले रसायनों के उपयोग में कमी लायी जा सकती है।

## सूक्ष्म जीव द्वारा फसलों की सुरक्षा

सूक्ष्म जीव कीटनाशियों के अन्तर्गत जीवाणु, कवक और विषाणु का प्रयोग करके हानिकारक कीटों में रोग उत्पन्न कर उनका नियंत्रण किया जा सकता है। यह रोग हानिकारक कीड़ों में महामारी की तरह फैलता है जिससे कीड़े मर जाते हैं। सूक्ष्म कीटनाशियों में बी.टी. का प्रयोग व्यवहारिक स्तर पर किया जा रहा है। जिसके प्रयोग से गोभी का हीरक पृष्ठ कीट, भिण्डी का तना एवं फल छेदक कीट, टमाटर का फल बेधक कीटों का नियंत्रण संभव हुआ है।

## कीटों को आकर्षित करने वाली फसलों का उपयोग

मुख्य फसल के साथ ऐसी फसलों को लगाना चाहिए, जिनको कीट मुख्य फसल की अपेक्षा अधिक पसंद करते हैं। आकर्षित करने वाली फसलों को मुख्य फसल में लगाकर बिना किसी रसायन के प्रयोग से मुख्य फसल को आसानी से कम लागत में उगाया जा सकता है। क्योंकि मुख्य फसल पर लगने वाले कीड़े आकर्षक फसलों पर आ जाते हैं, जिनको आसानी से नष्ट किया जा सकता है। गोभीवर्गीय फसलों को हरी सूड़ी एवं पर्ण जालक कीट के नियंत्रण के लिए सरसों का तथा टमाटर में लगने वाली फल छेदक कीट के रोकथाम के लिए गेंदे के फसल को आकर्षक फसल के रूप में प्रयोग करना चाहिए।

# बीज किस्म ही दोषी क्यों?

**कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता के लिए एक बीज महत्वपूर्ण ही नहीं बल्कि क्रांतिक आदान है। बीज उत्पादन की दृष्टि से इतना प्रभावशाली है कि यह अन्य कृषि आदानों के लिए उत्प्रेरक का काम करता है। गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन, उत्पादकता, कृषि लाभकारिता का द्योतक है यह विकसित कृषि तकनीकी का संवाहक है। वास्तव में कृषि उत्पादकता कृषि आदानों बीज, उर्वरक, कीटनाशी, खरपतवारनाशी, कवकनाशी, जलवायु, मौसम तथा कृषक का फसल प्रबंधन का संयोगात्मक प्रभाव का सुफल है परंतु कई बार उत्पादकता देने वाली किस्मों से हम अधिक अपेक्षा कर लेते।**





अधिक अपेक्षा करना न पाप है और न ही अपराध है परंतु उत्पादकता के अन्य कारकों के गुणवत्ताहीन होने या फसल प्रबंधन में कोताही का दोष बीज की किस्म पर डालना उस विकसित तकनीकी को धिक्कारना है जिसके फलस्वरुप वह किस्म वर्तमान रुप में कृषक के पास पहुंची। उर्वरक, कीटनाशी यदि गुणवत्ताहीन है तो कृषक उन्हें कभी टेस्ट नहीं कराता और यदि उनका प्रभाव भी नहीं हुआ तो भी दोषी बीज की किस्म मानी जाती है अतः यह प्रश्न है कि बीज किस्म ही दोषी क्यों?

## कपास उत्पादन एवं किस्म

बीटी कपास से कपास उत्पादन में क्रांति आई है। कपास के कीट नियंत्रण में सरकार किसान, कीटनाशी कम्पनियां वर्ष 2001-02 या इससे पूर्व 'किम् कर्त्तव्य विमूढ' की स्थिति में आने पर भारत में खरीफ 2002 में बीटी कपास उगाने की स्वीकृति सरकार ने दी और कृषकों ने भी इस नवीनतम तकनीकी को हाथों-हाथ लिया। इस 12 वर्षों के अल्पकाल में भारत ने कपास का उत्पादन जो साधारणतया 168-170 लाख गांठें होता था वह अब 400-410 लाख गांठों तक पहुंच रहा है। यद्यपि यह कपास उत्पादन के सभी अवयवों का सम्मिलित प्रभाव है परंतु बीटी कपास का प्रभाव अधिक है। बीटी कपास से यह सम्भव हुआ। बीटी कपास उत्पादन नहीं बढ़ाती बल्कि किसान को उत्पादन बढ़ता हुआ महसूस होता है क्योंकि बीटी किस्मों में कपास के कीड़ों (हरी, चितकबरी तथा गुलाबी सुन्डी) को मारने की क्षमता होती और इन कीड़ों से कपास में होने वाली हानि नहीं होती और किसान को लगता है कि उत्पादन बढ़ रहा है।

## देशी कपास और कीट





हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे देश में बीटी कपास उत्पादन 80-95 प्रतिशत तक बढ़ा। यद्यपि बीटी कपास केवल 3 प्रकार के कीड़ों से ही रक्षा करती है परंतु कृषकों के मन मस्तिष्क में विश्वास बढ़ा है कि अब किसान कपास को कीटों तथा बीमारियों से मुक्त हो गया है। यही प्रभाव देशी कपास की बिजाई करने वाले कृषकों में पनपा है। कृषक अधिक ध्यान नरमा की ओर देता है और देशी कपास द्वितीय स्तर में आती है। पिछले वर्ष देशी कपास के खेतों में कृषि विश्वविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं की बढ़िया अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों में कीट प्रबंधन सही और समय पर न होने के कारण खेत खाली रह गये और उत्पादन नहीं आया तथा किसान का ध्यान अंततः किस्म पर टिका और किस्म को ही दोषी ठहराया। पुनः प्रश्न उठता है कीट नियंत्रण उचित समय पर न होने पर किस्म ही दोषी क्यों? वास्तव में पिछले वर्ष देशी कपास में कीड़ा आया। कृषक का ध्यान नरमा की तरफ होता है अतः कीड़ा ध्यान में नहीं आया। यद्यपि वे रसचूसक कीटों के लिए लगातार कान्फीडोर, इकटारा, ऐसीटामिप्रिड का स्प्रे करते रहे और इन रसायनों का प्रभाव कीड़ों पर न होने के कारण नुकसान होता रहा और अंततः खेत खाली रह गए।

धान में और खासतौर से बासमती धान में बकानी/ झण्डा रोग आता है। बकानी या स्टेम रॉट के लिए बीज उपचार आवश्यक है यदि कृषक बीज उपचार करके नहीं बीजता तो बकानी रोग के कारण 12 प्रतिशत तक पौधे किस्म की सामान्य ऊंचाई से 6 ईंच तक अधिक हो जाते हैं और इसका दोष भी किस्म को दिया जाता है।

पिछले वर्ष धान की बासमती किस्म पीपीबी 1509 जो अन्य बासमती किस्मों में सबसे कम समय में तैयार होती है, के बारे में शैलर मालिकों ने भ्रामक प्रचार किया कि किस्म 1509 न होकर के यह किस्म 1709 है। जबकि ऐसी कोई किस्म नहीं है। अतः 1509 किस्म को भ्रामक प्रचार कर फेल करने का किया। इस शैलरों के पास किस्म 1709 बताने का कोई आधार भी नहीं है। इस प्रकार के गलत प्रचार के लिए किस्म ही दोषी क्यों?

## बीटी कपास और रोग

बीटी कपास में किस्मों में केवल कीटों से रक्षा का गुण समाहित किया है परंतु रोगों के प्रति रोधक क्षमता नहीं है। कृषक वर्ग का अधिकांश भाग अशिक्षित या अर्धशिक्षित होता है। प्रसारविद् बीटी किस्मों की वास्तविकता से कृषकों का अवगत नहीं कराते कि ये किस्में केवल कीड़ों को और वे ऊपर लिखित 3 कीड़ों को नियन्त्रित करती है। बीटी कपास की किस्मों में अन्य कीट जैसे मिलीबग या मरोडिया रोग (सीएससीवी) के प्रतिरोधक क्षमता नहीं है परंतु पिछले दिनों कृषकों के दिलों-दिमाग में यह बात घर कर गई कि बीटी किस्म का बीज निम्नस्तर का है। राज्य में इसके लिए दर्जनों जगह कृषक आंदोलन चले। बड़े खेद का विषय है कि बीटी बीज उत्पादन कम्पनियां कितने करोड़ रुपए अपने बीज विक्रय प्रचार के लिए खर्च करती है परंतु इन आंदोलनों को गलत ठहराने या इन आंदोलन की भयावहता को कम करने हेतु न कोई बयान प्रिंट मीडिया और न ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएसपी ने होटल व लॉज संचालकों के साथ की बैठक

रांची, एजेंसी। होटल और लॉज में संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय सभागार में जिले के होटल संचालकों के साथ शनिवार को बैठक आयोजित की गयी. अध्यक्षता करते हुए डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती ने होटल व लॉज संचालकों के साथ सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये. उन्होंने होटल व लॉज में कमरा देने के पहले मुसाफिर का पहचान पत्र लेने, ग्राहकों की समुचित एंट्री करने का निर्देश दिया. यदि पुरुष यात्री के साथ कोई महिला मुसाफिर है तो संबंधित पुरुष से उसका क्या संबंध है इसकी जानकारी भी दर्ज करने को कहा. उन्होंने विदेशी मुसाफिरों के लिए सरकार द्वारा जारी फॉर्म सी के तहत सभी जानकारी एकत्रित करने का निर्देश दिया. साथ ही विदेशी पर्यटकों से जुड़ी जानकारी तत्काल स्थानीय थाना व पुलिस के विदेश शाखा को उपलब्ध कराने की बात कही. बताया कि विदेशी पर्यटकों से जुड़ी जानकारी को होटल संचालक द्वारा सरकारी पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य है. उन्होंने होटल के एंट्री गेट, रिसेप्शन, गैलरी, पार्किंग और डाइनिंग एरिया में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ डेटा को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया. कहा कि होटल या लॉज संचालक द्वारा पुलिस द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन नहीं करते पकड़े जाने पर होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.

### नीड बेस्ड शिक्षकों के रिक्त पदों पर मेरिट लिस्ट में शामिल दूसरों को मिलेगा मौका

रांची, एजेंसी। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक चयनित में से 70 से 75 प्रतिशत नीड बेस्ड शिक्षकों ने ही योगदान दिया है. विवि के केवल डिग्री कॉलेज टुंडी और डिग्री कॉलेज गोमिया में ही सभी शिक्षकों ने योगदान दिया है. विवि में 30 अगस्त को विवि पीजी विभाग समेत 13 अंगीभूत कॉलेजों में 25 विषयों के लिए चयन किये गये 111 नीड बेस्ड शिक्षकों की सूची जारी की गयी थी. इन्हें योगदान देने के लिए 15 दिनों का समय दिया गया था. यह अंतिम समय सीमा 13 सितंबर को समाप्त हो गयी. नीड बेस्ड शिक्षकों के रिक्त रह गये पदों पर अब मेरिट लिस्ट में शामिल अन्य अभ्यर्थियों को मौका दिया जायेगा. विवि प्रशासन पीजी में विषयवार और कॉलेजवार रिक्त रह गये पदों की जानकारी एकत्र कर रहा है. इसी आधार पर नीड बेस्ड शिक्षकों की दूसरी सूची जारी की जायेगी. अब तक मिली जानकारी के अनुसार आरएसपी मोर कॉलेज गोविंदपुर में आठ शिक्षकों में से छह ने योगदान दे दिया है. एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में तीन में से दो, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में सभी तीन शिक्षकों ने योगदान दिया था. लेकिन बताया जा रहा है कि इनमें से एक ने ईमेल भेजकर इस्तीफा दे दिया है. प्राचार्या डॉ कविता सिंह ने बताया कि वह पहले इसकी पुष्टि करेंगी कि इस्तीफा उसी शिक्षक ने दिया है या नहीं. सिंदरी कॉलेज में आठ में से सात ने योगदान दिया है, बीएसके कॉलेज मैथन में नौ में से आठ शिक्षकों ने योगदान दिया है. कतरास कॉलेज में चार में तीन, जबकि डिग्री कॉलेज झरिया में नौ में से सात शिक्षकों ने योगदान दिया है.

### कंपनी कर्मी को जख्मी कर 40 हजार रुपया व टैब लूटा

धनबाद, एजेंसी। कतरास-धनबाद मार्ग पर बेलदरिया के पास शाम सवा छह बजे हुई घटना. शोर मचाने पर काम कर रहे मजदूर पहुंचे, तो अपराधी अपनी एक बाइक छोड़ कर भाग गये. जोगता थाना क्षेत्र अंतर्गत कतरास-धनबाद मार्ग पर नया मोड़ बेलदरिया के पास शनिवार की शाम सवा छह बजे अपराधियों ने पीएनजी कंपनी के मार्केटिंग अधिकारी रवि कुमार साव को पिस्टल से मार कर जख्मी कर 40 हजार रुपया व एक टैब लूट कर फरार हो गये. श्री साव के सिर पर चोट लगी है. शोर मचाने पर समीप के आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी उन्हें बचाने के लिए दौड़े, तो अपराधी अपनी एक बाइक छोड़ कर दूसरी बाइक से फरार हो गये. जोगता पुलिस ने अपराधियों की एक बाइक (बाइक जेएच10 एएफ-6592) घटनास्थल से जब्त कर ली है. पुलिस का बाइक की डिक्की से दो जिंदा बम मिला है. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी. भुक्तभोगी श्री साव ने बताया कि शाम में बाघमारा, बरोरा व कतरास इलाके से तगादा कर सहयोगी जीतेंद्र गोस्वामी के साथ बाइक से धनबाद लौट रहे थे. इसी क्रम में दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने पीछा कर बेलदरिया के समीप रोका और रुपया भरा बैग मांगा.

# बेटे-बेटियों से लेकर पत्नी तक को टिकट दिलाने के जुगाड़ में नेताजी, लिस्ट में चंपई सहित ये दिग्गज है शामिल



रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर नेताजी जहां अपनी दावेदारी और जुगाड़ में लगे हैं, वहीं कई ऐसे नेता भी हैं जो अपने बेटे, बेटी, पत्नी या परिवार के अन्य सदस्य को टिकट दिलाने के प्रयास में हैं। इनमें कुछ ऐसे नेता ऐसे हैं, जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है।

कुछ ऐसे भी हैं जो अपने बेटे या बेटी को अपनी राजनीतिक विरासत देना चाहते हैं। ये सभी अपने प्रयास में सफल रहे तो इस बार के विधानसभा चुनाव में लगभग एक दर्जन सीटों पर ऐसे नए चेहरे चुनाव मैदान में दिखेंगे।

ऐसे नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी हैं, जो अपने बड़े बेटे बाबूलाल सोरेन को विधानसभा चुनाव में उतारना चाहते हैं।

राजद नेता तथा मंत्री सत्यानंद भोक्ता अपनी बहू रेशमी को चतरा से चुनाव लड़ाना चाहते हैं। बकायदा उनकी बहू चतरा में भावी प्रत्याशी के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रही हैं।

दरअसल, चतरा सीट एससी के लिए आरक्षित है, जबकि भोक्ता जाति एसटी की सूची में सम्मिलित हो गई है। ऐसे में सत्यानंद भोक्ता वहां से अब चुनाव नहीं लड़ सकते।

झारखंड विधानसभा के पूर्व विधानसभाध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी भी अपने बेटे दिलीप सिंह नामधारी को विधायक बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। पूर्व में उनके बेटे ने निर्दलीय चुनाव भी लड़ा था, लेकिन सफलता नहीं मिली।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो अपने बेटे दुष्यंत पटेल को मांडू से चुनाव लड़ाना चाहते हैं। चर्चा है कि अपने बेटे या बेटी को टिकट दिलाने के प्रयास कर रहे नेताओं में रामेश्वर उरांव (पुत्र रोहित उरांव), सीता सोरेन (पुत्री जयश्री सोरेन), स्टीफन मरांडी (पुत्री उपासना मरांडी), रामचंद्र चंद्रवंशी (पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी), उमाशंकर अकेला (पुत्र रविशंकर अकेला), कमलेश सिंह (पुत्र सूर्या सिंह) आदि भी सम्मिलित हैं।

झारखंड में कई ऐसे उदाहरण हैं, जब किसी संसदीय सीट से सांसद चुने जाने के बाद विधानसभा चुनाव में अपने विधानसभा क्षेत्र से बेटा, बेटी या पत्नी को चुनाव लड़ाने का प्रयास किया गया।

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से लगातार विधानसभा चुनाव जीतने वाले आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी ने वर्ष 2019 में गिरिडीह संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव जीता।

उन्होंने उसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में अपनी पत्नी सुनीता चौधरी को टिकट दिला दिया। हालांकि, चंद्रप्रकाश को यह सीट खोनी पड़ी। बाद में वहां हुए उपचुनाव में सुनीता चौधरी को जीत मिली। इस विधानसभा चुनाव में भी सुनीता चौधरी का चुनाव लड़ना तय है।

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में दुमका और बरहेट दोनों सीट पर चुनाव जीतने के बाद दुमका सीट खाली करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने भाई बसंत सोरेन को उपचुनाव लड़ाया। उन्हें जीत भी मिली।

अभी चर्चा है कि इस वर्ष लोहरदगा संसदीय सीट लोकसभा चुनाव जीतनेवाले सुखदेव भगत अपनी पत्नी या बेटे को लोहरदगा से टिकट दिलाना चाहते हैं।

धनबाद से लोकसभा चुनाव जीतने वाले ढुलू महतो भी अपनी बाघमारा विधानसभा सीट छोड़ना नहीं चाहते। वे अपनी पत्नी को टिकट दिलाने के प्रयास में हैं।

## बदलने लगा है झारखंड का सियासी माहौल! भाजपा में अब ये दो दिग्गज नेता हुए शामिल




रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। लेकिन, भाजपा इस मामले में सबसे आगे दिखाई दे रही है। चंपई सोरेन को पार्टी में शामिल कराकर कोल्हान क्षेत्र को मजबूत करने के बाद भाजपा ने दो अन्य नेताओं को पार्टी में शामिल कराया है।

झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बरकट्ठा से विधायक अमित यादव भाजपा को भाजपा में शामिल कराया है। अमित यादव के साथ गांडेय के पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा भी भाजपा में शामिल हुए हैं।

बता दें कि बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने 2009 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे थे। 2019 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें 24442 वोटों से जीत मिली थी।

वहीं, पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा भी दिग्गज नेताओं में से एक माने जाते हैं। वह 2014 में भाजपा के टिकट पर गांडेय चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्हें करारी हार मिली थी। पार्टी में अपेक्षित महसूस करने के बाद वह झामुमो में शामिल हो गए थे। अब वह भाजपा में घर वापसी कर रहे हैं।

इन दो नेता अपने-अपने क्षेत्र के दिग्गज नेता माने जाते हैं। इनके भाजपा में शामिल होने से कोडरमा और गिरिडीह में भाजपा की स्थिति मजबूत होगी।

## चांडिल स्टेशन पर टाटा-पटना वंदे भारत का ठहराव होगा

सरायकेला, एजेंसी। स्थानीय सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से चांडिल में रेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है. चांडिल जंक्शन को अब एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली है. टाटा-पटना वंदे भारत का ठहराव पहले चांडिल स्टेशन में नहीं दिया गया था. अब केंद्रीय मंत्री संजय सेठ के प्रयास से चांडिल स्टेशन में इसका ठहराव सुनिश्चित कर दिया गया है. इसकी जानकारी शुक्रवार को चांडिल में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने दी. इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंहदेव, जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई, जिला उपाध्यक्ष सारथी महतो, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष देवाशीष राय आदि ने चांडिल में बढ़ती रेल सुविधाओं की जानकारी दी.

टाटा-पटना वंदे भारत ट्रेन को 15 सितंबर को प्रधानमंत्री झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. इसी दिन से ट्रेन का ठहराव चांडिल स्टेशन में होगा. इसके पूर्व हटिया से हावड़ा जाने वाली वंदे भारत ट्रेन का ठहराव भी चांडिल में हो रहा है. वंदे भारत की सुविधा चांडिल को दिए जाने पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आभार जताया है.

**कोरोना काल के बाद मिली पांच ट्रेनों की सौगात :** कोरोना महामारी के दौरान जिन ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था, उसका ठहराव भी चांडिल में शुरू कर दिया गया है. इसके अलावा चांडिलवासियों को कोरोना काल के बाद पांच नई ट्रेनों की सौगात मिली है.

अब चांडिलवासियों ने केंद्र सरकार से कटिहार-टाटा ट्रेन का ठहराव चांडिल में करने की मांग की है. बताया गया कि कटिहार-टाटा एक्सप्रेस का कटिहार से आने के क्रम में चांडिल स्टेशन में ठहराव नहीं है, जबकि जाने के क्रम चांडिल में ठहराव है. इसके साथ ही नीलांचल एक्सप्रेस, जालियांवाला बाग एक्सप्रेस, जसीडीह तांबरम एक्सप्रेस और संतरागाछी अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव चांडिल में सुनिश्चित करने की मांग की गई है

## झारखंड के 6 जिलों में होगी भारी बारिश, चलेगी 50 किमी प्रतिघंटे की गति से हवा, रेड अलर्ट जारी



रांची, एजेंसी। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की ओर से जारी पूर्वानुमान में बताया गया कि 15 सितंबर को राज्य के दक्षिण हिस्से यानी पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के साथ-साथ उत्तर पूर्वी हिस्से देवघर, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह, धनबाद, पाकुड़, जामताड़ा और साहिबगंज में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना है।

इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। निकटवर्ती मध्य हिस्से रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में कहीं कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है, इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 15 सितंबर को 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की गति से तेज हवा भी चलेगी, जिस कारण तापमान में भी गिरावट होने की पूरी उम्मीद है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तटीय बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से झारखंड में मौसम का मिजाज बदला है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन के निम्न दबाव में तब्दील होकर पश्चिम उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

तटीय पश्चिम बंगाल से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ रहे सिस्टम के कारण झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में मौसमी गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात होने की भी प्रबल संभावना है।

राजधानी में दिनभर रिमझिम फुहारें होती रहीं। वर्षा के बीच बह रही हवा ने तापमान गिरा दिया है। राजधानी में रूक रूककर हो रही वर्षा ने आमजनों की थोड़ी परेशानी जरूर बढ़ा दी। निचले क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई तो कहीं कहीं जलजमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी हुई।

हालांकि, वर्षा के कारण तापमान में 5 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट रिकार्ड की गई और शाम तक रांची का तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया। इस वर्षा ने लोगों को गर्मी से भी काफी राहत दी है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के लगभग सभी क्षेत्रों में हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि कहीं कहीं भारी वर्षा हुई है। पूरे राज्य में मानसून की सक्रियता देखी गई। सबसे अधिक वर्षा 79 मिमी गिरिडीह के बेंगाबार में रिकार्ड की गई।

सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस गोड्डा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रांची का रिकार्ड किया गया जबकि रांची का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## तेलीपाड़ा में आवास से हजारों की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद



धनबाद, एजेंसी। धनबाद थाना क्षेत्र के तेलीपाड़ा आदर्श नगर में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर में घुसकर हजारों रुपये की संपत्ति चुरा ली. इस संबंध में गृहस्वामी शुभम मिश्रा धनबाद थाने में शिकायत दर्ज करायी है. बताया कि शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने के लिए चले गये. सुबह उठकर देखा कि दूसरे कमरे में रखा अलमारी का ताला टूटा हुआ है. उसमें रखा सामान भी बिखरा पड़ा है. बताया कि अलमारी में 20 हजार रुपये नकद थे, जो चोरी हो गये. उस कमरे में रखा इनवर्टर, बैट्री, घड़ी समेत अन्य सामान भी चोर अपने साथ ले गये.

आवास में चोरी की घटना का सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी. इसमें चोर सामान चुराते दिख रहे हैं. सीसीटीवी कैमरा में दिख रहा है कि शुक्रवार की आधी रात 2.41 बजे मुख्य गेट से दो चोर घर में घुस रहे है. लगभग 38 मिनट के बाद 3.19 बजे सामान लेकर बाहर निकल रहे. सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज में एक चोर का चेहरा भी दिख रहा है. सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

धनबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरापुर माडा कॉलोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर में चोरों ने शुक्रवार की रात मंदिर में रखी दानपेटी तोड़कर उसमें रखा नकद रुपये और पूजा में इस्तेमाल होने वाला बर्तन चुरा लिये. शनिवार की सुबह पुरोहित अनिल पाठक मंदिर पहुंचे, तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई. इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को घटना की सूचना दी. पुरोहित ने बताया कि चोरों का आतंक बढ़ा हुआ है. अब मंदिर को भी निशाना बनाने से अपराधी बाज नहीं आ रहे हैं. हाल के कुछ दिनों में मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ी है. गुरुवार की रात भी झारूडीह स्थित हनुमान मंदिर में चोरी हुई थी.

## खराब मौसम और तेज हवाओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को 2 घंटे रांची में रोका

रांची, एजेंसी। खराब मौसम की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय समय पर जमशेदपुर नहीं जा सके. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार (15 सितंबर) को टाटानगर स्टेशन से 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाना था. एक रोड शो करना था और उसके बाद जनसभा को भी पीएम मोदी संबोधित करने का भी उनका कार्यक्रम था.

प्रधानमंत्री नई दिल्ली से सुबह 9:05 बजे झारखंड पहुंच गए. राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनकी फ्लाइट की लैंडिंग हुई. लेकिन, जमशेदपुर में खराब मौसम की वजह से हेलीकॉप्टर ने रांची से जमशेदपुर के लिए उड़ान नहीं भरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से ही 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखानी पड़ी.

पीएम मोदी का जमशेदपुर में एक जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम था. इसके पहले उन्हें एक रोड शो भी करना था. जमशेदपुर में भारी बारिश की वजह से उनके रोड शो को रद्द कर दिया गया. लेकिन, बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा पर काफी देर तक सस्पेंस बना रहा.

जमशेदपुर में हो रही भारी बारिश की वजह से पीएम के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली. इसने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चिंता बढ़ा दी. पार्टी के नेता चाहते थे कि प्रधानमंत्री गोपाल मैदान में मौजूद कोल्हान की जनता को संबोधित करें. भाजपा के नेता पीएमओ के संपर्क में हैं. कोशिश कर रहे हैं कि पीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही गोपाल मैदान की जनसभा को संबोधित कर सकें, ऐसी व्यवस्था हो जाए.

वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों का गृह प्रवेश कराने और तमाम सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गए.


## आरडीडी ने निरसा सीएचसी को शिफ्ट नहीं करने पर जतायी नाराजगी



धनबाद, एजेंसी। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के क्षेत्रीय स्वास्थ्य उपनिदेशक (आरडीडी) डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने शनिवार को निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व पांड्रा में निर्मित 100 बेड के रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया. सीएचसी में ओपीडी, चिकित्सा एवं कर्मियों के दैनिक उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया. उन्होंने निरसा सीएचसी को अब तक पांड्रा में निर्मित रेफरल अस्पताल में शिफ्ट नहीं करने को लेकर नाराजगी जतायी. कहा - पांड्रा में 100 बेड का अस्पताल बनाकर पड़ा है. विभाग ने सीएचसी को वहां शिफ्ट करने का आदेश दिया, लेकिन अब तक शिफ्ट नहीं किया गया है.

सीएचसी के प्रभारी डॉ संजय पासवान ने आरडीडी को वस्तुस्थिति से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि रेफरल अस्पताल के एक भी कमरे में पानी का कनेक्शन नहीं है. जब तक पानी का कनेक्शन नहीं हो जाता, तब तक सीएचसी को वहां शिफ्ट नहीं किया जा सकता है. अस्पताल में ईंट बिछाने का काम चल रहा है. गेट के पास जमीन को जैसे तैसे छोड़ दिया गया है. इससे मरीज गिर कर घायल हो सकते हैं. आधा-अधूरा अस्पताल भवन में सीएचसी को शिफ्ट करना संभव नहीं है. आरडीडी ने चिकित्सक व कर्मियों की नियमित उपस्थिति का आदेश दिया. साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया. प्रभारी सीएचसी के जर्जर भवन से आरडीडी को अवगत कराया. कहा छत से पानी टपकता है.

## झारखंड के ढाई हजार मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को किया जाएगा अपग्रेड




रांची, एजेंसी। झारखंड के 2,551 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में अपग्रेड होंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में इसपर स्वीकृति प्रदान की। राज्य के 6,850 आंगनबाड़ी केंद्रों को पहले ही अपग्रेड करने की केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है।

केंद्रीय मंत्री ने बैठक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश पदाधिकारियों को दिए।

केंद्रीय मंत्री ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना में सम्मिलित किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें, इसपर पदाधिकारी कार्य करें।

उन्होंने मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के अपग्रेड करने पर कहा कि मिशन सक्षम आंगनबाड़ी के तहत ऐसे केंद्र पूरी तरह सुसज्जित किए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से पीएम-जनमन योजना के माध्यम से आदिवासी समुदाय की बेहतरी के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पर भी बात की।उन्होंने बताया कि इसे सफल बनाने के लिए झारखंड में 111 आंगनबाड़ी केंद्रों को निधि आवंटित की गई है। केंद्रीय मंत्री ने देश भर में चल रहे पोषण माह समारोहों की सराहना की।उन्हें बताया गया कि देश भर में 3.8 करोड़ से अधिक गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं। अकेले झारखंड में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 26 लाख से अधिक गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं।

मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पीएम-जनमन योजना के कार्यान्वयन, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। साथ ही एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आइसीडीएस) में परिचालन चुनौतियों का समाधान जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करें।इस बैठक में राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार, भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव ज्ञानेश भारती सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मिशन सक्षम आंगनबाड़ी, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति आदि की भी समीक्षा हुई।

# सरपट दौड़ रही सोने की कीमत, 73 हजार रुपये का आंकड़ा हुआ पार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत पिछले कुछ दिनों से सरपट दौड़ रही है। इसके भाव आसमान पर चढ़ने लगे हैं। एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने का भाव 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पार कर गया है। यह अपने उच्चतम शिखर से करीब एक हजार रुपये दूर है। सोना अब 73510 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। पिछले हफ्ते से सोने की कीमत में लगातार तेजी देखी जा रही है। जानकारों के मुताबिक अभी त्योहारी सीजन और फिर शादियों का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में सोने की कीमत में और तेजी देखी जा सकती है।

जुलाई में पेश हुए बजट में सोने से कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई थी। उस समय सोने की कीमत करीब 74 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम थी। कस्टम ड्यूटी कम करने के बाद सोने की कीमत में तेजी से गिरावट आई थी। उसी दिन सोने की कीमत करीब 5 हजार रुपये तक गिर गई थी। काफी समय तक यह कीमत लगभग स्थिर बनी रही। पिछले महीने सोने की कीमत ने 70 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार किया था। इसके बाद इसकी कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। सोने की कीमत पिछले एक महीने में काफी बढ़ गई है। इस एक महीने में इसमें 4.56 फीसदी का उछाल आया है। 16 अगस्त को 24 कैरेट सोने की कीमत 70303 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक महीने बाद यानी 15 सितंबर को इसकी कीमत 73510 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। ऐसे में इसमें एक महीने में 3207 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

### क्यों बढ़े सोने के दाम

अमेरिकी डॉलर कमजोर हो गया है। साथ ही अमेरिका का केंद्रीय बैंक ब्याज दर में कटौती कर सकता है। इसी को देखते हुए भी सोने की कीमत बढ़ गई है।

यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है। वहीं मिडिल-ईस्ट में भी तनाव भरा माहौल है। ऐसे में गोल्ड में तेजी का ट्रेंड देखने को मिला है। सोने को सुरक्षित निवेश के रूप में दुनिया के कई केंद्रीय बैंक इसका भंडार बढ़ा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी काफी भंडार बढ़ाया है। इस खरीदारी के कारण भी सोने की कीमत में तेजी देखी जा रही है। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में सोने की कीमत में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके ये प्रमुख कारण हैं- अमेरिका का केंद्रीय बैंक आने वाले समय में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो सोने की कीमत में और तेजी आ सकती है। देश में त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। जानकारों के मुताबिक इस बार धनतेरस पर सोने की रेकॉर्ड खरीदी हो सकती है। ऐसे में सोने की कीमत में तेजी आएगी। शादियों का भी सीजन शुरू होने वाला है। चूंकि अभी सोने की कीमत उच्चतम से नीचे हैं।

## इस सप्ताह 24 भारतीय स्टार्टअप्स ने 229 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग जुटाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सप्ताह कम से कम 24 घरेलू स्टार्टअप ने 229 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग हासिल की, जिसमें 182.65 मिलियन डॉलर के छह विकास-चरण सौदे शामिल थे। इस सप्ताह में 46.14 मिलियन मूल्य के 13 प्रारंभिक चरण के सौदे हुए। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, कुल मिलाकर, बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप आठ सौदों के साथ आगे रहे, इसके बाद दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता रहे। फंडिंग की गति का नेतृत्व मोबाइल विज्ञापन नेटवर्क सॉफ्टवेयर इनमोबी ने किया, जिसने डेट फंडिंग राउंड में 100 मिलियन डॉलर जुटाए, इसके बाद एमएसएमई-केंद्रित फिनटेक ऋणदाता फ्लेक्सीलोन्स ने 35 मिलियन डॉलर हासिल किए। जहां कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा मंच ऑनसुरिटी ने 21 मिलियन डॉलर हासिल किए, वहीं आध्यात्मिक टेक स्टार्टअप श्श्श्ह्यह्मश्ह्भारत ने 18 मिलियन डॉलर जुटाए। अन्य फंडिंग के अलावा, उपभोक्ता ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म मनीव्यू को इस सप्ताह 4.65 मिलियन और एचआरटेक प्लेटफॉर्म एचआरवन को 4 मिलियन प्राप्त हुए। पिछले आठ सप्ताहों में प्रति सप्ताह 26 सौदों के साथ औसत फंडिंग 331 मिलियन से अधिक रही। ई-कॉमर्स स्टार्टअप्स ने 5 सौदों के साथ फंडिंग का नेतृत्व किया, इसके बाद फिनटेक, हेल्थटेक और क्लीनटेक स्टार्टअप्स रहे। विलय और अधिग्रहण के बीच, नाज़ारा टेक्नोलॉजीज ने पोकरबाज़ी की मूल कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 982 करोड़ रुपए में नियंत्रण हिस्सेदारी ले ली। गेमिंग और स्पोर्ट्स मीडिया कंपनी ने द्वितीयक लेनदेन के माध्यम से 832 करोड़ रुपए में मूनशाइन में 47.7 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया और अनिवार्य परिवर्तनीय वरीयता शेयरों के माध्यम से प्राथमिक पूंजी में 150 करोड़ रुपए लगाने की घोषणा की।

## अदाणी समूह ने महाराष्ट्र में बिजली आपूर्ति की बोली जीती, जेएसडब्ल्यू एनर्जी-टॉरेंट पावर को पछाड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र को दीर्घ अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली अदाणी समूल ने जीत ली है। कंपनी ने इसके लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी, जिसमें उन्होंने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। मामले की जानकारी देने वाले सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अदाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी होने की तारीख से 48 महीनों में बिजली की आपूर्ति शुरू होनी है। अदाणी समूह अपनी पूरी आपूर्ति अवधि के दौरान सौर बिजली की आपूर्ति 2.70 रुपये प्रति यूनिट की दर पर करेगी। जबकि कोयले से उत्पादित बिजली का दाम कोयला कीमतों के आधार पर निर्धारित होगा। महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) ने मार्च में सूरज की रोशनी से उत्पन्न पांच हजार मेगावाट बिजली और कोयले से उत्पन्न 1600 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए एक विशेष टेंडर निकाला था। इसे लोकसभा चुनाव होने से पहले जारी किया गया था और विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले इसे अदाणी को दे दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि अदाणी समूह ने अनुबंध जीतने के लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी। दूसरी सबसे कम बोली 4.36 रुपये प्रति यूनिट जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने लगाई थी। यह महाराष्ट्र में पिछले साल खरीदी गई औसत बिजली कीमत 4.70 रुपये प्रति यूनिट से कम है। महाराष्ट्र बिजली नियामक आयोग (एमईआरसी) ने 2024-25 के लिए बिजली खरीद की औसत कीमत 4.97 रुपये प्रति यूनिट तय की है। चार कंपनियों ने 25 साल के लिए बिजली आपूर्ति के टेंडर में भाग लिया था। देश का सबसे बड़ा ताप बिजली उत्पादक अदाणी पावर की उत्पादन क्षमता 17 गीगावाट से अधिक है

## आम जनता को मिली राहत, सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री से प्रमुख शहरों में कीमतें गिरीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपए से घटकर 55 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि मुंबई में यह 61 रुपए से घटकर 56 रुपए प्रति किलोग्राम और चेन्नई में 65 रुपए से घटकर 58 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है।

सरकार ने 35 रुपए प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दर पर प्याज की बिक्री मोबाइल वैन और एनसीसीएफ और नैफेड के आउटलेट्स के माध्यम से शुरू की है। यह पहल दिल्ली और मुंबई से शुरू होकर अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों में फैल चुकी है। बढ़ती मांग को देखते हुए, सरकार ने सब्सिडी वाले प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसमें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, केंद्रीय भंडार आउटलेट्स और मदर डेयरी के स्टोर शामिल हैं। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में थोक निपटान शुरू कर दिया गया है, और इसे हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानियों तक विस्तार देने की योजना है। रसद आपूर्ति में सुधार के लिए, सरकार सड़क और रेल नेटवर्क दोनों को शामिल करते हुए एक दोहरी परिवहन रणनीति लागू कर रही है। मंत्रालय ने कहा कि 4.7 लाख टन प्याज के बफर स्टॉक और खरीफ बुवाई क्षेत्र में वृद्धि के साथ प्याज की कीमतें आने वाले महीनों में नियंत्रण में रहने की उम्मीद है।

## अडानी का बांग्लादेश पर है हजारों करोड़ का बकाया, लेकिन उसे डीजल बेचने वाली इस कंपनी को कोई दिक्कत नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों ही यह खबर आई थी कि अडानी ग्रुप का बांग्लादेश पर हजारो करोड़ रुपये का बकाया है। ग्रुप ने वहां की नई अंतरिम सरकार को चेतावनी दे डाली है। अडानी ग्रुप ने बांग्लादेश सरकार को कहा है कि बिजली सप्लाई के पेमेंट में और देरी होने से वहां सप्लाई पर असर पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर अपनी सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया बांग्लादेश को डीजल बेचती है। उन्हें वहां से पेमेंट मिलने में कोई दिक्कत नहीं है। यह बात खुद ऑयल इंडिया के शीर्ष प्रबंधन ने स्वीकारी है।

अडानी ग्रुप की एक कंपनी बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति करती है। इसके लिए कंपनी ने झारखंड के गोड्डा में पावर प्लांट लगाया है। वहीं से बिजली का एक्सपोर्ट किया जाता है। इस कंपनी का बांग्लादेश सरकार पर कुल 800 मिलियन डॉलर यानी 80 करोड़ डॉलर (लगभग 6720 करोड़ रुपये) का कर्ज है। इसमें से करीब 500 मिलियन डॉलर (करीब 4200 करोड़ रुपये) का पेमेंट ओवरड्यू हो गया है। यह रकम लगातार बढ़ती जा रही है। इसी को देखते हुए अडानी ग्रुप ने कहा है कि अगर बांग्लादेश पेमेंट करने में देरी करता है तो उसे की जाने वाली बिजली की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया के चेयरमैन रंजीत रथ ने एनबीटी से बातचीत में बताया कि उसे बांग्लादेश को डीजल निर्यात के पेमेंट में कोई दिक्कत नहीं है। यही नहीं, उसे पड़ोसी देश के माध्यम से अपनी नुमालीगढ़ रिफाइनरी परियोजना के लिए साजो-सामान प्राप्त करने में कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा है। रथ ने बताया, हमारे पास वहां की सरकार का लेटर ऑफ क्रेडिट है। इसलिए, बांग्लादेश को डीजल निर्यात के संबंध में पेमेंट की कोई समस्या नहीं है। ऑयल इंडिया अपनी असम के नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड से बांग्लादेश को प्रति वर्ष 0.1 मिलियन टन (एमटीपीए) डीजल निर्यात करती है।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के विशाल आईपीओ की तैयारियां शुरू




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की एमएनसी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में अपने प्रोडक्ट्स की लोकप्रियता को भुनाने के लिए एक बड़ा आईपीओ लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी 1 से 1.5 अरब डॉलर का आईपीओ लेकर आ रही है, जिसके लिए उसने बैंक ऑफ अमेरिका, सिटीग्रुप इंक, जेपी मॉर्गन चेस और मॉर्गन स्टेनली जैसे बड़े बैंकों का चयन किया है। इस आईपीओ के जरिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की वैल्यूएशन लगभग 13 अरब डॉलर तक हो सकती है। भारत एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और कंपनी यहां अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईपीओ 2024 की शुरुआत में लॉन्च हो सकता है, हालांकि इसकी तारीख और साइज में बदलाव संभव है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने आईपीओ से संबंधित दस्तावेज अगले महीने स्टॉक मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कर सकती है। इसके अलावा, कंपनी अन्य बैंकों, जिनमें कुछ भारतीय बैंक भी शामिल हो सकते हैं, को इस आईपीओ में जोड़ने की योजना बना रही है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2030 तक अपना रेवेन्यू 75 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

## अब बात को खत्म करिए, अन्नपूर्णा होटल ने मालिक के वित्त मंत्री से माफी मांगने पर जारी किया बयान

**चेन्नई एजेंसी।** तमिलनाडु की होटल चेन अन्नपूर्णा ने अपने मालिक डी श्रीनिवासन द्वारा वित्त मंत्री से माफी मांगने और उससे उपजे विवाद पर बयान जारी किया है। होटल चेन ने बयान जारी कर बात को अब खत्म करने की अपील की है। बयान में कहा गया है कि श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से निजी मुलाकात गलतफहमी को दूर करने के उद्देश्य से की थी, लेकिन इसका वीडियो अनजाने में सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया गया, जिससे काफी गलतफहमी और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। अन्नपूर्णा होटल ने बयान में कहा है कि जिस व्यक्ति ने अनजाने में वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, उसके खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। अब बेकार की चर्चाओं और राजनीतिक बयानबाजी पर विराम लगे और लोग अब इस मुद्दे को खत्म कर आगे बढ़ें। डी.श्रीनिवासन का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से माफी मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया था। यह वीडियो तमिलनाडु भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा साझा किया था, जिस पर खूब विवाद हुआ और इसे होटल मालिक का अपमान बताया गया। इस विवाद पर तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई ने माफी भी मांगी थी। वहीं सीएम एमके स्टालिन ने भी इस घटना को शर्मनाक करार दिया था और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आलोचना की थी।

## अमेजन-फ्लिपकार्ट की स्मार्टफोन कंपनियों के साथ मिलीभगत! नियमों को ठेंगा दिखाने का लगा आरोप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट पर सैमसंग, शाओमी और दूसरी कई स्मार्टफोन कंपनियों पर मिलीभगत का आरोप लगा है। यह आरोप भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की ओर से लगाया गया है। सीसीआई के मुताबिक इन स्मार्टफोन कंपनियों ने ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ मिलकर इनकी वेबसाइट पर एक्सक्लूसिव प्रोडक्ट लॉन्च किए। सीसीआई ने इसे प्रतिस्पर्धा विरोधी कानूनों का उल्लंघन बताया है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सीसीआइ की इस रिपोर्ट को प्रकाशित किया है। सीसीआई की ओर से की गई जांच में पाया गया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट ने चुनिंदा विक्रेताओं को वरीयता देकर कुछ लिस्टिंग को प्राथमिकता दी। साथ ही प्रोडक्ट्स पर भारी छूट देकर स्थानीय प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन किया। इससे अन्य कंपनियों को नुकसान हुआ। इस मामले में रॉयटर्स ने सबसे पहले रिपोर्ट की है। यह रिपोर्ट 9 अगस्त की है जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया है।

अमेजन पर सीसीआई की 1027 पेज की रिपोर्ट के मुताबिक 5 कंपनियों (सैमसंग, शाओमी, मोटोरोला, रियलमी और वनप्लस) की भारतीय इकाइयों ने अमेजन और इसके सहयोगियों के साथ एक्सक्लूसिव फोन लॉन्च किए। यह प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। वहीं फ्लिपकार्ट के मामले में सीसीआई ने 1696 पेजों की रिपोर्ट तैयार की है। इसमें कहा गया है कि सैमसंग, शाओमी, मोटोरोला, वीवो, लेनोवो और रियलमी की भारतीय इकाइयों ने भी एक्सक्लूसिव फोन लॉन्च किए। इस मामले में सैमसंग और शाओमी जैसी कंपनियों को शामिल करने से उनकी कानूनी और अनुपालन संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। सीसीआई के अतिरिक्त महानिदेशक जीवी शिव प्रसाद ने अमेजन और फ्लिपकार्ट की रिपोर्ट में लिखा है एक्सक्लूसिव बिक्री न सिर्फ फ्री एंड फेयर कॉम्पटशन के खिलाफ है बल्कि उपभोक्ताओं के हित में भी नहीं है। सीसीआई ने यह भी कहा है कि दोनों ई-कॉमर्स कंपनियों ने अपने विदेशी निवेश का इस्तेमाल चुनिंदा विक्रेताओं को सस्ती दरों पर वेयरहाउस और मार्केटिंग जैसी सर्विस दीं।

### इंडियन रिटेलर्स ने भी लगाए आरोप

इंडियन रिटेलर्स ने भी इन ई-कॉमर्स कंपनियों पर आरोप लगाए हैं। इन रिटेलर्स का कहना है कि स्मार्टफोन कंपनियां इन ई-कॉमर्स वेबसाइट पर ही एक्सक्लूसिव फोन लॉन्च कर देती हैं। ये रिटेल मार्केट में मौजूद नहीं होते। ग्राहक इन फोन को खरीदने के लिए ऑनलाइन ही जाता है। इससे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ता है। जानकारों के मुताबिक सीसीआई आने वाले हफ्तों में अमेजन, फ्लिपकार्ट, खुदरा विक्रेता संघ और स्मार्टफोन कंपनियों की ओर से अपने निष्कर्षों पर किसी भी आपत्ति की समीक्षा करेगा। ऐसे में इन ई-कॉमर्स कंपनियों पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

## अमेरिका, भारत, चीन... कमाई में छोटे से देश कजाकिस्तान ने सबको पिलाया पानी

**पिछले 13 सालों से पैसा बनाने की दौड़ में कजाकिस्तान सबसे आगे**

### कजाकिस्तान में तेल और यूरेनियम जैसे प्राकृतिक संसाधनों का अकूत भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कजाकिस्तान छोटा सा देश है। पिछले 13 सालों से पैसा बनाने की दौड़ में यह सबसे आगे निकला हुआ है। 2010 से उसने अमेरिका, ब्रिटेन, भारत और चीन से भी ज्यादा दौलत कमाई है। इसकी वजह है उसके पास मौजूद तेल और यूरेनियम जैसे प्राकृतिक संसाधन का अकूत भंडार। विजुअल कैपिटलिस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कजाकिस्तान ने 2010 से अपनी दौलत में 190 फीसदी का इजाफा किया है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। दूसरी तरफ चीन जैसे बड़े देशों ने इस दौरान अपनी दौलत में 185 फीसदी की ही बढ़ोतरी की है।



कजाकिस्तान मध्य एशिया का एक देश है। इसके पास तेल और यूरेनियम जैसे प्राकृतिक संसाधनों का बहुत बड़ा भंडार है। इन संसाधनों की वजह से कजाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कजाकिस्तान ने पिछले 13 वर्षों में किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक संपत्ति अर्जित की है। कतर जैसे दूसरे देशों ने भी अपनी दौलत में बढ़ोतरी की है। कतर ने 2010 से अपनी दौलत में 157 फीसदी का इजाफा किया है और वह तीसरे नंबर पर है। भारत ने इस दौरान अपनी दौलत में 133 फीसदी की बढ़ोतरी की है और वह सातवें नंबर पर है। वैसे तो कजाकिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा या सबसे मशहूर देश नहीं है, लेकिन उसके प्राकृतिक संसाधनों ने उसे दुनिया के सबसे अमीर देशों में से एक बना दिया है। यह दिखाता है कि आर्थिक सफलता के लिए आकार मायने नहीं रखता। कजाकिस्तान क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का नवां सबसे बड़ा देश है। एशिया में यह एक बड़े भूभाग में फैला हुआ है। यह पहले सोवियत संघ का हिस्सा हुआ करता था। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद कजाकिस्तान स्वतंत्र हुआ था।

## ग्रे मार्केट में दो आईपीओ धूम मचा रहे हैं

**इनमें एक SME बोर्ड का आईपीओ भी शामिल है**

### इनमें अगले हफ्ते बोली लगाने का मौका मिलेगा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले हफ्ते 7 आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इनमें 2 मेन बोर्ड के और 5 एसएमई बोर्ड के आईपीओ हैं। दो आईपीओ ने खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट में धूम मचा दी है। इनमें एक मेन बोर्ड का है और दूसरा एसएमई बोर्ड का आईपीओ शामिल है। ग्रे मार्केट के मुताबिक इनकी लिस्टिंग 50 फीसदी से ज्यादा प्रीमियम पर हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो ये शेयर लिस्टिंग वाले दिन ही निवेशकों को मालामाल कर देंगे। ग्रे मार्केट में जो दो आईपीओ धूम मचा रहे हैं उनके नामअर्कांडे डेवलपर्स और ओसेल डिवाइसेस हैं। इनमें अर्केड डेवलपर्स मेन बोर्ड का और ओसेल डिवाइसेस एसएमई बोर्ड का आईपीओ है।

इस आईपीओ का इश्यू साइज 410 करोड़ रुपये है। इसमें सारे फ्रेश इश्यू (3.2 करोड़ शेयर) जारी किए जाएंगे। इस आईपीओ में 16 सितंबर से 19 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे। इसका प्राइज बैंड 121 रुपये से 128 रुपये के बीच है। एक लॉट में 110 शेयर हैं। इसके लिए 14,080 रुपये निवेश करने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 14 लॉट खरीद सकेंगे। इस आईपीओ की लिस्टिंग 24 सितंबर को होगी। इस शेयर का ग्रे मार्केट प्रीमियम 70 रुपये है। इसके जीएमपी में लगातार तेजी दिखाई दे रही है। ऐसे में यह आईपीओ 55 फीसदी प्रीमियम के साथ 198 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह आईपीओ लिस्टिंग वाले दिन ही निवेशकों को 55 फीसदी का मुनाफा दे देगा। ओसेल डिवाइसेसयह एसएमई बोर्ड का आईपीओ है। इसका इश्यू साइज 70.66 करोड़ रुपये का है। कंपनी सारे फ्रेश इश्यू (44.16 लाख शेयर) जारी करेगी। इस आईपीओ में निवेशक 16 सितंबर 19 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे। इसका प्राइज बैंड 155 रुपये से 160 रुपये के बीच है। एक लॉट में 800 शेयर हैं। इसके लिए निवेशक को 1.28 लाख रुपये निवेश करने होंगे। इस आईपीओ की लिस्टिंग 24 सितंबर को होगी।

### ग्रे मार्केट में यह है स्थिति

इस आईपीओ को भी ग्रे मार्केट में जबरदस्त भाव मिल रहा है। इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम 110 रुपये है। हालांकि पिछले तीन दिनों इसका जीएमपी स्थिर बना हुआ है। इस ट्रेंड के साथ यह आईपीओ करीब 69 फीसदी प्रीमियम के साथ 270 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। ऐसी स्थिति में यह आईपीओ भी लिस्टिंग के समय निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे देगा।

# नीरज चोपड़ा डायमंड ट्रॉफी जीतने से चूके...

## 1 सेंटीमीटर से बिगड़ा खेल, ये खिलाड़ी बना चैम्पियन

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज इस लीग के फाइनल में दूसरे स्थान के सिलसिले को तोड़ने के लिए उतरे थे। हालांकि, वह ऐसा नहीं कर सके और खिताब नहीं जीत पाए। वह दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय भाला फेंक स्टार नीज चोपड़ा का डायमंड लीग 2024 का खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। शनिवार को ब्रुसेल्स में खेले गए फाइनल मुकाबले में वह 87.86 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और खिताब पर कब्जा जमाया। तीसरे स्थान पर जर्मनी के जूलियन वीबर रहे जिनका थ्रो 85.97 मीटर का रहा। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज इस लीग के फाइनल में दूसरे स्थान के सिलसिले को तोड़ने के लिए उतरे थे। हालांकि, वह ऐसा नहीं कर सके और खिताब से चूक गए।



### लगातार छह प्रयासों में कैसा रहा नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन?

- नीरज ने पहले प्रयास में 86.82 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर पहुंचे जबकि उनसे पहले ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 87.87 के थ्रो के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। दूसरे प्रयास में नीरज कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। उन्होंने 83.49 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर बने रहे। वहीं, एंडरसन पीटर्स ने दूसरा थ्रो 86.96 का किया और पहले स्थान पर बरकरार रहे।
- तीसरे प्रयास में नीरज ने अच्छी वापसी की और 87.86 का थ्रो किया। हालांकि, वह दूसरे स्थान पर ही रहे। दरअसल, ग्रेनेडा के पीटर्स ने पहला थ्रो 87.87 मीटर का किया था। वहीं, एंडरसन ने तीसरे प्रयास में 85.40 मीटर का थ्रो किया और पहले स्थान पर एक बार फिर बने रहे।
- नीरज चोपड़ा चौथे प्रयास में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने 82.04 मीटर का थ्रो किया और एक बार फिर उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। वहीं, एंडरसन ने चौथे प्रयास में 85.85 का थ्रो किया और पहले स्थान पर रहे।
- पांचवां प्रयास भी नीरज के लिए कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने 83.30 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर बरकरार रहे। वहीं, एंडरसन ने पांचवां थ्रो 84.11 मीटर का फेंका और पहले स्थान पर बरकरार रहे।
- छठे प्रयास में नीरज ने वापसी की। उन्होंने 86.46 मीटर का थ्रो किया लेकिन उनके स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। वह दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, एंडरसन ने आखिरी थ्रो 87.86 मीटर का किया और पहले स्थान पर बने रहे।

### लुसाने में दूसरे स्थान पर रहे

इससे पहले उन्होंने लुसाने डायमंड लीग में भाग लिया था। इसमें वह दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज लुसाने में अपनी लय में नहीं दिखे और लगातार एंडरसन पीटर्स से पीछे रहे। इस बार भी उन्हें ग्रेनेडा के ही खिलाड़ी ने मात दी। लुसाने में नीरज शुरुआती चार प्रयास में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे और चौथे स्थान पर चल रहे थे, लेकिन पांचवें प्रयास में उन्होंने दम दिखाया और शीर्ष तीन में जगह बनाई। हालांकि, अंतिम प्रयास में नीरज ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.49 मीटर का श्रेष्ठ थ्रो किया और वह दूसरे स्थान पर रहे और डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था। यहां शनिवार को ब्रुसेल्स में खेले गए फाइनल में उन्हें दूसरे स्थान के साथ संतोष करना पड़ा।

### विजेता को कितने रुपये मिलेंगे?

डायमंड लीग सत्र का फाइनल जीतने वाले को डायमंड ट्रॉफी और 30,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 25 लाख रुपये) का पुरस्कार मिलता है और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड भी दिया जाता है। उप-विजेता को 12,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 10 लाख रुपये) मिलते हैं।

### दूसरे स्थान के सिलसिले को तोड़ने से चूके

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा डायमंड लीग के सत्र का समापन जीत के साथ करने का लक्ष्य लेकर उतरे थे। वह 14 अंक लेकर चौथे स्थान के साथ फाइनल में पहुंचे। हालांकि, यहां उन्हें दूसरे स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। इससे पहले वह दोहा और लुसाने में दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस ओलंपिक में भी वह दूसरे स्थान पर रहे थे।

### 2022 में जीता था खिताब

नीरज चोपड़ा पहले भी डायमंड लीग में भारत का झंडा गाड़ चुके हैं। उन्होंने 2022 में 88.44 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल जीता था। इसी के साथ वह डायमंड लीग का फाइनल जीतने वाले पहले भारतीय बने। वहीं, 2023 में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार 2024 में भी उन्हें दूसरे स्थान के साथ संतोष करना पड़ा।

## टीम इंडिया से कटने वाला शुभमन गिल का पत्ता?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है. यह सीरीज 6 अक्तूबर से शुरू होगा. गिल को इस सीरीज से ब्रेक दिया जा सकता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया जा सकता है. गिल काफी वक्त से लगातार खेल रहे हैं. उनके साथ-साथ जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को भी ब्रेक दिया जा सकता है. शुभमन गिल जिम्बाब्वे के बाद श्रीलंका दौरे पर गए थे. इसके बाद वे दिलीप ट्रॉफी 2024 में भी खेले और अब टेस्ट सीरीज में खेलेंगे. लिहाजा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का मैनेजमेंट गिल को ब्रेक दे सकता है. पीटीआई की एक खबर के मुताबिक शुभमन गिल के साथ-साथ जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को भी आराम दिया जा सकता है. टीम इंडिया बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद कई टेस्ट मैच खेलेगी. ऐसे में टीम के अहम खिलाड़ियों का फिट रहना जरूरी है।

## फेवरेट तो हम ही हैं, चिंता उन्हें होनी चाहिए: शमी

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर बोले भारतीय पेसर; कहा- 100 प्रतिशत फिट होने पर ही वापसी करूंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 34 साल के तेज गेंदबाज ने शनिवार को बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अवॉर्ड शो में हिस्सा लिया। शमी हृष्ट में टखने की चोट से रिकवर कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 टेस्ट सीरीज से नहीं हरा सकी है। बंगाल एनुअल अवॉर्ड्स सेरेमनी 2023-24 के समय बाएं से सीएबी प्रेजिडेंट स्नेहाशीष गांगुली, मोहम्मद शमी, सौरव गांगुली, संदीप पाटिल और अजय जड़ेजा साथ में। जब तक पूरी तरह फिट नहीं हो जाता, जोखिम नहीं उठाऊंगा- शमी शमी ने टीम इंडिया में वापसी के सवाल पर कहा- मैं जबरदस्ती और जल्दबाजी नहीं करना चाहता हूं। मैं 100 फीसदी फिट होकर मैदान पर लौटना चाहता हूं।

शमी ने कहा, मैं जितना मजबूत होकर वापस आऊंगा, मेरे लिए उतना ही बेहतर होगा। मैं जल्दबाजी नहीं करना चाहता, क्योंकि फिर से चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहता, चाहे वे बांग्लादेश, न्यूजीलैंड या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज हो।

## टीम इंडिया में जब तक गौतम गंभीर हैं, कोई नीरस पल नहीं आएगा: अजय जडेजा

**कोलकाता, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा का मानना है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर (तङ्खह्लह्वद्ब तङ्खद्दड्डद्धह्ल) बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में आक्रामक रुख बनाए रखेंगे और विपक्षी टीम को दबदबा बनाने का मौका नहीं देंगे। भारत 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। बांग्लादेश के इस दौरे का आगाज 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले टेस्ट मैच से होगा।

जडेजा से जब गौतम गंभीर की मौजूदगी में टीम के दृष्टिकोण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल साफ है, उनका दृष्टिकोण आक्रामक है। एक बात निश्चित है कि उनकी मौजूदगी में कोई नीरस पल नहीं आएगा, वह हमेशा कुछ न कुछ करने की कोशिश करेंगे। भारत के लिए 196 एकदिवसीय में 37.47 की औसत से 5359 रन बनाने वाले 53 साल के इस पूर्व दिग्गज ने कहा कि वह (गंभीर) ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जो शांतचित रहकर चीजों को चलने दे। वह कुछ ऐसा करने की कोशिश करेंगे जो सबको आश्चर्यचकित करेगा। जैसे हमने सूर्यकुमार यादव को अचानक कप्तान बनते देखा था। मैं उस रोमांच का इंतजार कर रहा हूं जो हम देखने जा रहे हैं।





जडेजा से बंगाल क्रिकेट संघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह के मौके पर जब यह पूछा गया कि वह इस टेस्ट श्रृंखला के लिए गंभीर को क्या सलाह देना चाहेंगे तो उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह सुझाव नहीं मांगेंगे। वह वहां इसलिए है क्योंकि उन्होंने खुद को साबित किया है। उनका एक नजरिया है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह किसी की सलाह नहीं लेंगे और अपना दृष्टिकोण नहीं बदलेंगे क्योंकि जिस चीज से आपको पहचान मिली है उस पर भरोसा कर के उस पर कायम रहना चाहिए। वह हमेशा बेहतर हो सकते हैं।

जडेजा ने भारत में 2023 वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के मेंटर के रूप में काम किया था। बांग्लादेश पाकिस्तान में ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीत कर आ रहा है लेकिन जडेजा ने कहा कि भारत कहीं बेहतर टीम है। उन्होंने कहा कि कोई भी टीम जब जीतकर आती है वह हमेशा सोचती है कि वह जीत सकती है लेकिन इस समय पाकिस्तान और भारत क्रिकेट टीम में काफी अंतर है। भारत कहीं बेहतर टीम है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के नजरिए से देखे तो वे सोचेंगे कि अगर पाकिस्तान को हराया है तो भारत को भी शिकस्त दे सकते है लेकिन भारत की टीम पाकिस्तान से काफी बेहतर है।

सीपीएल-2024

## राजस्थान रॉयल्स की टीम ने रोका गयाना अमेजन वारियर्स का विजय रथ

### साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने ठोका धुआंधार शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 में रविवार (15 सितंबर) को राजस्थान रॉयल्स की फ्रेंचाइजी बारबडोस रॉयल्स ने गयाना अमेजन वॉरियर्स का विजय रथ रोक दिया और पॉइंट टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई। लगातार तीन जीत के बाद गयाना अमेजन वॉरियर्स की यह पहली हार है। टीम के नियमित कप्तान इमरान ताहिर यह मैच नहीं खेले। बारबडोस रॉयल्स की जीत के हीरो साउथ अफ्रीकी दिग्गज क्विंटन डिकॉक रहे। उन्होंने तूफानी शतक जड़ा।बारबडोस रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 20 ओवर में 6 विकेट पर 205 रन बनाए। डिकॉक ने 68 गेंद पर 8 चौके और 9 छक्के की मदद से 115 रन बनाए। इसके अलावा जेसन होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 28 रन बनाए। कदीम एलीने ने 9 गेंद पर 22 रन बनाए। एलिक अथनाजे ने 16 रन बनाए। गयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए रेमन रीफर ने 3 विकेट लिए, लेकिन 50 रन लुटा दिए। ड्वेन प्रीटोरियस ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए।




- गयाना अमेजन वॉरियर्स की पारी - गयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम 206 रन के टारगेट के जवाब में 5 विकेट पर 173 रन ही बना पाई। कार्यवाहक कप्तान शाई होप ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए, लेकिन इसेके लिए 34 गेंद खेल गए। शिरमोन हेटमायर ने 10 गेंद पर 28 रन ठोके। मोईन अली ने 19 गेंद पर 33 रन ठोके। कीमो पॉल ने 18 गेंद पर नाबाद 30 रन बनाए। रेमन रीफर ने 16 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। टिम रॉबिनसन ने भी 19 गेंद पर 19 रन बनाए।

### सीपीएल 2024 पॉइंट टेबल

बारबडोस रॉयल्स के केशव महाराज ने 42 रन देकर 3 विकेट लिए। जेसन होल्डर ने 32 रन देकर 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ रॉयल्स 5 मैच में 4 जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। गयाना अमेजन वॉरियर्स 4 में से 3 जीत के साथ दूसरे नंबर पर हैं। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स 4 मैच में 6 अंक के साथ तीसरे और सेंट लूसिया किंग्स 5 मैच में 6 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स 7 मैच में 4 अंक के साथ 5वें और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स 7 मैच में 1 जीत के साथ छठे नंबर पर है।

दलीप ट्रॉफी

## अंशुल कंबोज ने 8 विकेट लेकर मचाई सनसनी, दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सिर्फ तीसरी बार हुआ ऐसा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर में इंडिया बी और इंडिया सी का मुकाबला जारी है. अनंतपुर में खेले जा रहे इस मैच के चौथे दिन इंडिया सी के गेंदबाज अंशुल कंबोज ने एक ही पारी में 8 विकेट सनसनी मचा दी है. उन्होंने इसके लिए 27.5 ओवर में सिर्फ 69 रन खर्च किए. अपनी जबरदस्त गेंदबाजी से कंबोज ने अपना नाम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दर्ज करवा लिया है. दलीप ट्रॉफी में ये सिर्फ तीसरी बार हुआ है, जब किसी तेज गेंदबाज ने एक पारी में 8 विकेट चटकाए हैं. इसके पहले अशोक डिंडा और देबासिस मोहंती ही ये कारनामा कर सके हैं. डिंडा ने 2012 में 123 रन देकर 8 विकेट और मोहंती ने 2001 में 46 रन देकर 10 विकेट लिया था।

**इंडिया बी पर बरपाया कहर** - अंशुल कंबोज ने खेल के तीसरे और चौथे दिन इंडिया बी के बल्लेबाजों पर अपनी तेज गेंदबाजी के कहर बरपाया. घरेलू क्रिकेट में हरियाणा के लिए खेलने वाले अंशुल ने खेल के तीसरे दिन इस टूर्नामेंट के सबसे चर्चित बल्लेबाज मुशीर खान को सिर्फ 1 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा था।

## ईशान किशन की 9 महीने बाद टीम इंडिया में हो सकती है वापसी

### भारत-बांग्लादेश सीरीज में ही मौका मिलने के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया से ईशान किशन की दूरियां अब मिट सकती है. टीम में फिर से वापसी का उनका इंतजार अब खत्म हो सकता है. क्क्षद्ब की मुताबिक ऐसा भारत-बांग्लादेश सीरीज के दौरान ही होता दिख सकता है. ईशान किशन ने भारत के लिए आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में ञ्20 के तौर पर खेला था. उसके बाद से ही वो टीम इंडिया से दूर हैं. लेकिन, 9 महीने बीत जाने के बाद उनकी वापसी के फिर से आसार जगे हैं. ये संभावना कैसे जगी है, अब जरा वो समझिए।

**ईशान किशन टी-20 सीरीज से कर सकते हैं वापसी** - खबर के मुताबिक ईशान किशन का सेलेक्शन बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए हो सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक ईशान का चयन अ सीरीज में ऋषभ पंत की जगह हो सकता है. ऋषभ पंत लंबे फॉर्मेट में भारत के



नंबर वन विकेटकीपर हैं. भारतीय टीम को आगे अभी कई सारे लंबे फॉर्मेट यानी टेस्ट क्रिकेट मुकाबले खेलने हैं. ऐसे में भारतीय सेलेक्टर्स बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से ब्रेक देकर पंत के वर्कलोड को मैनेज करना चाहेंगे.

**9 महीने बाद करते दिख सकते हैं वापसी** - ऋषभ पंत को अगर बांग्लदेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम मिला तो इस बात की पूरी संभावना बनेगी कि ईशान किशन टीम इंडिया में 9 महीने बाद वापसी कर सकते हैं. इशान किशन को अनुशासनहीनता को लेकर टीम से बाहर किया गया था. लेकिन, हाल के दिनों में उनका मिजाज बदला है. उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन भी किया है. यही वजह है कि भारतीय सेलेक्टर्स अगर पंत को आराम देने का मन बनाते हैं तो ईशान को चांस दे सकते हैं.

**भारत-बांग्लादेश के बीच 3 टी-20 मैचों की सीरीज** - भारत और बांग्लादेश के बीच 3 मैचों की ञ्20 सीरीज की शुरुआत 7 अक्टूबर से होगी. और, ये 13 अक्टूबर को खत्म होगी. दोनों टीमों के बीच पहला टी-20 मैच ग्वालियर में, दूसरा दिल्ली में और तीसरा हैदराबाद में खेला जाएगा.

## ऑस्ट्रेलिया के खूंखार बल्लेबाज ने जमकर की अश्विन की तारीफ, घोषित किया स्पिन का महान गेंदबाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाईप्रोफाइल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के ओपनिंग बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की उनकी सामरिक प्रतिभा और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम को लगातार चुनौती देने के लिए तारीफ की है. 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले ख्वाजा ने अश्विन के बेजोड़ टैलेंट को स्वीकार किया, उन्हें एक रणनीतिक गेंदबाज कहा जो लगातार अपने विरोधियों को मात देने की कोशिश करता है.

**ऑस्ट्रेलिया के खूंखार बल्लेबाज ने जमकर की अश्विन की तारीफ** - उस्मान ख्वाजा ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, रवि एक बहुत अच्छा गेंदबाज है. वह बहुत रणनीतिक है; उसके पास हमेशा एक योजना होती है. वह इसे समझने और खेल में आगे रहने की कोशिश करता है, जिसका मैं सम्मान करता हूं. मैं उसके क्रिकेटिंग दिमाग का सम्मान करता हूं. उसके खिलाफ खेलना हमेशा अच्छा लगता है, और मैं चुनौती का इंतजार करता हूं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अश्विन का रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है, उन्होंने 22 टेस्ट में 2.70 की शानदार इकोनॉमी के साथ 114 विकेट लिए हैं.

**घोषित किया स्पिन का महान गेंदबाज** - रविचंद्रन अश्विन की सफलता सिर्फ उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों तक सीमित नहीं है. अश्विन ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 10 टेस्ट में 39 विकेट लिए हैं, जो अलग-अलग वातावरण में उनकी अनुकूलन क्षमता को साबित करता है. ख्वाजा और ऑस्ट्रेलियाई





लाइनअप पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए तैयार हैं, अश्विन भारत के गेंदबाजी आक्रमण में एक केंद्रीय व्यक्ति बने हुए हैं, और एक महत्वपूर्ण बाधा है जिसे ऑस्ट्रेलिया को पार करना होगा.

**भारत का ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा** - भारत इस साल की सीरीज में हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर प्रतियोगिताओं में अपने दबदबे के दम पर उतरेगा, जिसने पिछले चार मुकाबलों में जीत हासिल की है, जिसमें 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर दो ऐतिहासिक सीरीज जीत शामिल हैं. जीत ने प्रतिद्वंद्विता में शक्ति संतुलन को बदल दिया है, जिसमें भारत अब ऑस्ट्रेलिया के पांच के मुकाबले 10 सीरीज जीत चुका है. ऑस्ट्रेलिया की आखिरी सीरीज जीत 2014-15 में हुई थी, जबकि भारतीय धरती पर उनकी आखिरी जीत 2004-05 में हुई थी.

**भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का शेड्यूल** - आगामी सीरीज, जो 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक चलेगी, में प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई स्थल शामिल होंगे. पर्थ में पहले टेस्ट के बाद, टीमें 6 से 10 दिसंबर तक दूसरे टेस्ट के लिए एडिलेड ओवल की यात्रा करेंगी, जो सीरीज का एकमात्र डे नाइट टेस्ट होगा. तीसरा टेस्ट 14 से 18 दिसंबर तक ब्रिस्बेन के गाबा में होगा, इसके बाद 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बहुप्रतीक्षित बॉक्सिंग डे टेस्ट होगा. सीरीज का समापन 3 से 7 जनवरी तक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में अंतिम टेस्ट के साथ होगा।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 का

# ऑडिशन देने के बाद बीमार हो गई थीं राधिका

**राधिका ने हाल ही में बताया, मुझे एक बहुत बड़ा ऑडिशन मिला। यह स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के लिए था। मैंने खुद को बहुत यादा तैयार किया। मैं इतनी तैयारी कर रही थी कि यह दो पेज का सीन भी नहीं था, मैंने इसे नींद में भी पढ़ा। राधिका मदान ने टीवी के बाद बॉलीवुड का रुख किया और अभिनेत्री का यह फैसला काफी सफल भी साबित हुआ। अंग्रेजी मीडियम में अपनी भूमिका से शोहरत पाने वाली राधिका ने उस समय को याद किया, जब उन्होंने धर्मा प्रोडक्शंस की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के लिए अपना सबसे खराब ऑडिशन दिया था। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उसके बाद उनकी तबीयत भी खराब हो गई थी।**



### फिल्म का ऑडिशन देने के बाद बीमार हो गई थीं राधिका

राधिका ने हाल ही में, फिल्मफेयर को बताया, मुझे एक बहुत बड़ा ऑडिशन मिला। यह स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के लिए था। मैंने खुद को बहुत यादा तैयार किया। मैं इतनी तैयारी कर रही थी कि यह दो पेज का सीन भी नहीं था, मैंने इसे नींद में भी पढ़ा।

मैंने खुद को इतना तैयार किया कि ऑडिशन से पहले ही मैं बीमार हो गई। मुझे बुखार था, मुझे सर्दी थी और मैंने अपनी जिंदगी का सबसे बुरा ऑडिशन दिया। मैं बहुत चिंतित थी। फिर ऑडिशन देने के बाद मेरी हालत और खराब हो गई।

### ऐसे मिली फिल्म पटाखा

यह अनुभव राधिका के लिए एक टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। अभिनेत्री ने साझा किया कि उन्हें एहसास हुआ कि उनकी चिंता उन्हें पीछे खींच रही है और उन्होंने एक नया विजन अपनाने का फैसला किया।

राधिका ने कहा, उस दिन मैंने खुद से वादा किया कि मैं कभी भी इस तरह महसूस नहीं करूंगी। मैं अपने जीवन में असमंजस में नहीं रहना चाहती और इतनी चिंता महसूस नहीं करना चाहती हूं।

### नई सोच से मिली मदद

राधिका की नई सोच ने उन्हें विशाल भारद्वाज की पटाखा में सान्या मल्होत्रा के साथ भूमिका निभाने में मदद की। यही नहीं, अभिनेत्री ने साझा किया कि स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 ऑडिशन के बाद अपने जीवन का सबसे खराब ऑडिशन देने के दो सप्ताह बाद, मुझे पटाखा के लिए ऑडिशन मिला। मुझे बताया गया कि यह विशाल भारद्वाज की फिल्म थी, और मैंने कहा, वह नहीं है मैं वैसे भी मुझे ले जाऊंगी, मैं वहां जाऊंगी और अपना जीवन जीऊंगी।

# ऐश्वर्या राय के नक्शेकदम पर चलेंगी दीपिका पादुकोण!



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने एक बेटी का स्वागत किया है। दोनों अपनी बेटी को अस्पताल से घर लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब नई रिपोर्ट सामने आई है कि दीपिका भी ऐश्वर्या राय के नक्शेकदम पर चल सकती हैं और उन्ही की पैरेंटिंग स्टाइल फॉलो कर सकती हैं। गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल ने 8 सितंबर, 2024 को इसकी घोषणा की। खैर, रणवीर की एक बची के पिता बनने की इछा पूरी हो गई है, क्योंकि उनकी पत्नी ने एक मिनी-दीपिका को जन्म दिया है. शाहरुख खान और अंबानी ने एचएन अस्पताल में एक्ट्रेस से मुलाकात की है और वे दोनों अपने घर में नन्हीं लक्ष्मी को लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।ऐश्वर्या राय बचन की पालन-पोषण के स्टाइल को फॉलो कर सकती हैं और नैनी को काम पर रखने से खुद को रोक सकती हैं। इससे पहले, हमें पता चला था कि रणवीर सिंह रणबीर कपूर की पेरेंटिंग स्टाइल को चुन सकते हैं क्योंकि वह इससे इंप्रेस हैं और अब, एक और रिपोर्ट से पता चला है कि दीपिका तीन एक्ट्रेसेस आलिया भट्ट, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय बचन की पालन-पोषण की शैली को चुन सकती हैं।

बॉलीवुडलाइफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने शेयर किया कि दीपिका पादुकोण संभवतः अपनी बेटी के पालन-पोषण में ऐश्वर्या राय बचन की राह पर चलेंगी। बता दें, ऐश्वर्या राय बचन ने आराध्या के लिए किसी नैनी को नहीं रखा था और अकेले ही अपनी बेटी का पूरा ख्याल रखती थीं।



# 'जवान' अभिनेत्री नयनतारा का एक्स अकाउंट हुआ हैक

साउथ की सुपरस्टार अभिनेत्री नयनतारा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है। 'जवान' अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों के साथ स्थिति के बारे में बताया। अभिनेत्री ने पोस्ट करते हुए अनुरोध किया कि उनके प्रशंसक उनके अकाउंट से होने वाले किसी भी असामान्य गतिविधि या पोस्ट को अनदेखा कर दें। नयनतारा ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'अकाउंट हैक हो गया है। कृपया पोस्ट किए जा रहे किसी भी अनावश्यक या अजीब ट्वीट को अनदेखा करें।'यह घोषणा एक्स पर उनकी आखिरी पोस्ट के बाद हुई, जिसे इस महीने की शुरुआत में शाहरुख खान अभिनीत 'जवान' की एक साल पूरे होने के अवसर पर साझा किया गया था।



# ध्वनि भानुशाली ने बताया कि कब उन्होंने सिंगर के साथ एक्ट्रेस बनने का लिया फैसला

सिंगर से एक्टर बनने की लंबी फेहरिश्त में जल्द ही सिंगर ध्वनि भानुशाली का नाम भी जुड़ने वाला है. ध्वनि फिल्म 'कहां शुरू कहां खत्म' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने जा रही हैं. 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. मुझे हमेशा से ही दोनों ही करना था. जैसे कि सभी को पता है कि पॉप स्टार भी एक्टिंग करते हैं, तो मैं भी वह चाहती थी. मैं पूरा पैकेज बनना चाहती हूं. उस रास्ते पर चल चुकी हूं. उम्मीद करती हूं कि जब दर्शक मेरी फिल्म देखें तो उन्हें सिंगिंग के साथ-साथ मेरी एक्टिंग भी पसंद आये.

मैंने अपने म्यूजिक वीडियो में एक्टिंग की है, लेकिन वहां पर मैं ध्वनि भानुशाली की तरह ही परफॉर्म करती हूं. पूरा कॉन्सेप्ट मेरा होता है. किस तरह से वहां पर शूट होगा. सब मैं ही डिसाइड करती हूं, लेकिन फिल्म में आपको किरदार बनना पड़ता है. आपको खुद में वह इमोशन कहानी के अनुसार लाना पड़ता है. शूटिंग करते हुए निर्देशक के विजन को भी समझना पड़ता है. यही वजह थी कि मैंने शूटिंग को ज्वाइन करने से पहले बहुत सारा वर्कशॉप किया. थिएटर से भी जुड़ी. उसमें एनएसडी से भी एक्टर जुड़े थे. उनसे भी बहुत कुछ सीखने को मिला. मैंने पिछले दो साल से इसकी तैयारी की थी.



# सलमान खान की सिकंदर में हुई शरमन जोशी की एंट्री

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म में सलमान खान के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और साउथ के फेमस एक्टर सत्यराज भी लीड रोल निभाते नजर आएंगे। हाल ही में इस फिल्म से एक्ट्रेस काजल अग्रवाल की एंट्री हुई थी। बता दें कि ए.आर मुरुगदोस के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। वहीं अब सिकंदर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

दरअसल रिपोर्ट्स की मानें तो अब इस फिल्म में एक्टर शरमन जोशी की एंट्री हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार सलमान खान की फिल्म सिकंदर में शरमन जोशी को एक मुख्य रोल के लिए साइन कर लिया गया है। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया कि सिकंदर फिल्म में शरमन जोशी और सलमान खान एक यूनिक बॉन्ड साझा करते नजर आएंगे। शरमन ने फिल्म में अपने पार्ट की शूटिंग भी शुरू कर दी है। वह पूरे सेट पर मौजूद रहे और सिकंदर की यात्रा में उन्होंने एक मुख्य भूमिका निभाई है। इसके अलावा सूत्रों ने कहा कि दर्शकों को फिल्म में शरमन और सलमान का बॉन्ड बहुत पसंद आएगा।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज



मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का ट्रेलर शनिवार को रिलीज किया। कपिल ने शो के पहले सीजन में रणबीर कपूर, उनकी मां नीतू और उनकी बहन रिद्धिमा कपूर को बतौर अतिथि बुलाया था। शो के दूसरे सीजन में कपिल शर्मा ने आलिया भट्ट कपूर को आमंत्रित किया है। शो के ट्रेलर में आलिया भट्ट की झलक भी देखने को मिली है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन के ट्रेलर में आलिया भट्ट, कपिल और उनकी टीम मस्ती की मूड में नजर आई है। आलिया दिल खोलकर हंस रही हैं। बता दें कि कपूर परिवार ने ही कपिल के स्ट्रीमिंग शो का उद्घाटन किया था। दूसरे सीजन के ट्रेलर में सिनेमा और क्रिकेट जगत के दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। महज कुछ सेकंड के इस ट्रेलर को दर्शकों की ओर से भी भरपूर प्यार मिल रहा है। कुछ घंटों में इस ट्रेलर को लाखों में व्यूज मिले हैं। शो के दूसरे सीजन में खेल जगत से सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, फिल्म जगत से एनटीआर जूनियर, करण जौहर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर जैसे मेहमान शो की शोभा बढ़ाएंगे। कपिल के शो में सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह भी हैं। सीजन 2 में टी-20 विश्व विजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा के साथ कपिल की मजाक मस्ती भी देखने को मिलेगी। वहीं, टीवी से लेकर फिल्मी पर्दे पर अपने अभिनय से लाखों-करोड़ों दिलों पर राज करने वाले सुपरस्टार्स भी हिस्सा बनेंगे। शो का दूसरा सीजन 21 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर आने वाला है।

# उषा उत्थुप ने की कोलकाता डॉक्टर मर्डर केस की पीड़िता के लिए न्याय की मांग, जारी किया जागो रे गाना

गायिका उषा उत्थुप ने कोलकाता डॉक्टर मर्डर केस में पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए जागो रे गण जारी किया है, जो पीड़िता के लिए श्रद्धांजलि भी है। भारतीय पॉप आइकन उषा उत्थुप ने कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ आंदोलन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए एक वीडियो गीत जारी किया है। लगभग पांच मिनट लंबा वीडियो गीत जागो रे, जागो मोहन प्यारे... का ही संस्करण है, लेकिन यह पश्चिम बंगाल की राजधानी में चल रहे आंदोलन के संदर्भ में है।

### उषा ने की न्याय की मांग

वीडियो में पद्म भूषण पुरस्कार विजेता गायिका उषा उत्थुप कुछ अन्य महिलाओं के साथ पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए तख्तियां पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं और लोगों से महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक होने का आग्रह कर रही हैं।






# रिलीज से पहले ही विवादों में घिरी बॉर्डर 2

## फिल्म के कॉपीराइट को लेकर छिड़ा विवाद

**सनी** देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' की घोषणा के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हैं, मगर रिलीज से पहले ही इसे लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। ये विवाद साल 1997 में आई 'बॉर्डर' के वक्त से ही चला आ रहा है, जिसे लेकर एक बार फिर फिल्म फाइनेंसर और डिस्ट्रीब्यूटर भरत शाह एक्टिव हो गए हैं। उन्होंने मेकर्स को नोटिस भेजकर याद दिलाया है कि फिल्म के कंट्रोलर वो हैं। भरत शाह ने फिल्म के मेकर्स को पब्लिक नोटिस जारी कर दावा किया है कि फिल्म के राइट्स उनके और बीना शाह के पास हैं। भरत शाह के वकील के मुताबिक फिल्म के वर्ल्ड राइट्स कंट्रोलर उनके क्लाइंट भरत शाह और बीना शाह हैं। सालों पहले उनका फिल्म के डायरेक्टर और निर्माता जेपी दत्ता से इसे लेकर समझौता हुआ था कि वो इस फिल्म को फाइनेंस करेंगे। फिर बाद में ये तय किया गया कि फिल्म से जो भी पैसा आएगा उसको आपस में बांटा जाएगा और जो भी पैसा फिल्म पर लगेगा जेपी दत्ता को इसकी जानकारी भरत शाह को देनी होगी।

**क्या है नोटिस?**

जो नोटिस भरत शाह की तरफ से भेजा गया है उसमें कहा गया है कि जेपी दत्ता ने भरत शाह और बीना शाह को फिल्म के फाइनेंशियल कंडीशन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

अब जेपी दत्ता के खिलाफ डिस्ट्रीब्यूटर भरत शाह की तरफ से भारतीय फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर्स काउंसिल में शिकायत दर्ज कराई गई है।

साभार-एजेंसी